खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

देहरादून, रविवार 28 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 141 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'धुरंधर' सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी — बॉलीवुड



इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया — खेल टाइम्स

# हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गति सुस्त और दिशा बदलने के कारण शनिवार को हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 53 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।

दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 409 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 404, ग्रेटर नोएडा में 395 और गुरुग्राम में 299 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।



■ नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद ने दिल्ली को प्रदूषण में छोड़ा पीछे, फरीदाबाद सबसे साफ

## यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** हिमालय में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा छाया है। इसके चलते 10 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश के 31 शहरों में पारा 5 डिग्री से 8 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी के 68 जिलों में शीतलहर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कोहरा इतना घना होगा कि विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज और सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुर में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौके पर मौत

**सहारनपुर-ब्यूरो।** बेहट में शाकंभरी रोड पर धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने मोड़ पर पेड़ से कार टकरा गई। इसमें दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से तीन की पहचान की जा चुकी है, जबकि एक की पहचान करने में पुलिस लगी है। शनिवार को चिलकाना के गांव तिडफवा निवासी विजय अपने भाई डा. मनीष व दो अन्य साथियों के साथ बेहट की तरफ जा रहे थे। शाकंभरी रोड पर धर्म जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने घूम पर पहले कार अनियंत्रित होकर लोहे के एंगल से टकराई। उसके बाद सड़क किनारे पेड़ में जा लगी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विजय, डा. मनीष निवासी तिडफवा थाना चिलकाना, जितेंद्र निवासी महमूदपुर तिवाई थाना गागलहेड़ी की मौत हो गई। चौथे मृत व्यक्ति की जेब से रामू हलवाई लिखी पर्ची मिली है। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। जिसने भी यह हादसा देखा, वह सिहर उठा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने देशभर में उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी, समयबद्ध और मुकदमेबाजी से पहले निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आठ महीनों में 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि उपभोक्ताओं को वापस दिलवाई है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 32 करोड़ रुपये और यात्रा तथा पर्यटन क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हेल्पलाइन ने इस वर्ष 25 अप्रैल से 26 दिसम्बर तक आठ महीने की अवधि के दौरान 31 क्षेत्रों में राशि वापस दिलवाने के दावों से संबंधित 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान करते हुए 45 करोड़ रुपये की राशि के वापस दिलवाई है। ई -कॉमर्स क्षेत्र में शिकायतों और वापस दिलवाई गई राशि सबसे अधिक दर्ज की गई जिसमें 39,965 शिकायतों के परिणामस्वरूप 32 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई।

# देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान चलाएगी कांग्रेस

## खड़गे व राहुल गांधी ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खड़गे की तरह ही अपील की है।

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खड़गे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खड़गे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है।




### फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया।

## इंडिगो संकट: जांच पैनल ने 22 दिन में रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए को सौंप दी है।

इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसम्बर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट्स में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

■ सरकार ने गोपनीय रखी

एक रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीए के एक अलग सिस्टमैटिक रिव्यू यानी एक तरह की जांच में कहा गया है कि इंडिगो ने नवम्बर में अपने 307 एयरबस- विमानों के बेड़े को चलाने के लिए 4,575 पायलटों को नियुक्त किया था।

## दिल्ली में ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत 285 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने 'ऑपरेशन आघात 3.0' के तहत शुक्रवार रात को 285 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी हेमंत तिवारी के मुताबिक इस अभियान में एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके अलावा 504 लोगों को एहतियाती कार्रवाई के तहत पकड़ा गया और 116 बदमाश की धरपकड़ की गई है। अभियान में 10 प्रॉपर्टी ऑफेंडर और 5 ऑटो लिफ्टर भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने 21 सीएमपी, 20 जिंदा कारतूस और 27 चाकू बरामद किए।

# सेना के फायरिंग अभ्यास में बम विस्फोट, चार जवान घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सडोली कदीम/बेहट (सहारनपुर)।** सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान बम विस्फोट हो गया। हादसे में सेना के 4 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बटालियन में हड़कंप मच गया।

सेना के आला अफसर घायलों को आनन-फानन में बेहट सीएचसी ले गए, जहां उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

■ घटना से बटालियन में हड़कंप मचा

घटना थाना मिर्जापुर इलाके की शिवालिक वन प्रभाग की बड़कला रेंज की है। यहां सेना के जवानों की एक बटालियन अभ्यास के लिए आई हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम सैन्य अभ्यास के दौरान एक बम में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सेना के जवान दीपक, सुरेश, परवीन और पवित्र घायल हो गए।

# टाली शादी की तारीख, तो लगा दिया दुष्कर्म का आरोप, अब सजा हुई रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 10 साल की सजा काट रहे एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और सजा दोनों को रद्द कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला सहमति से बने रिश्ते का था, जिसे गलतफहमी के कारण आपराधिक रंग दे दिया गया। यह फैसला उस अपील पर आया, जिसमें आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की सश्रम कारावास और 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा निलंबन की अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पूरे मामले की नए सिरे से समीक्षा हुई। पीठ ने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया, तो तथ्यों को देखते हुए अदालत को यह छठी इंद्रिय से महसूस हुआ कि दोनों पक्षों को फिर से साथ लाया जा सकता है। अदालत ने आरोपी और महिला से उनके माता-पिता की मौजूदगी में बातचीत की। इसके बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया और जुलाई 2025 में विवाह कर लिया।

■ सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया

## मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

### मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

### डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

### मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# दिग्विजय ने की मोदी व आडवाणी की तस्वीर की तारीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सफाई में कहा: मैं भाजपा और आरएसएस का घोर विरोधी
■ बोले- लोगों ने मेरी बातों को गलत समझा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू होने से ठीक पहले अचानक चर्चा में आ गए।

कारण है उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया गया पोस्ट, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की एक पुरानी तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में पीएम मोदी लालकृष्ण आडवाणी के पैरों के पास बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर साझा करते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने लिखा कि आरएसएस का एक जमीनी स्वयंसेवक और भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता किस प्रकार नीचे बैठकर मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने इस तस्वीर को प्रभावशाली बताते हुए इसे संगठन की ताकत बताया। हालांकि दूसरी ओर कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद पार्टी सांसद दिग्विजय सिंह से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने संगठन को फिर से सक्रिय करने की बात की, तो उन्होंने इस पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा कि दरअसल, मैंने पार्टी संगठन की तारीफ की थी। लोगों ने मेरी बात को गलत समझा। मैं भाजपा और आरएसएस का कट्टर विरोधी हूं। बता दें कि दिग्विजय सिंह के इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, राहुल, प्रियंका ने प्रकाश पर्व पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रकाश पर्व पर सिखों के दसवें एवं अंतिम गुरु गोविद सिंह को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- श्री गुरु गोविद सिंह जी के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर हम श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हैं। वे साहस, करुणा और बलिदान के प्रतीक हैं। दसवें सिख गुरु, श्री गुरु गोविद सिंह जी भारतीय इतिहास में उनके योगदान के लिए अत्यंत पूजनीय हैं। उनकी शिक्षाएं सत्य और न्याय के लिए खड़े होने तथा मानव गरिमा की रक्षा करने पर बल देती हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिद सिंह जी ने हमेशा सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम उनके सामने श्रद्धा के साथ झुकते हैं। उनका जीवन हमें मानव सम्मान की रक्षा करने और धर्म के लिए खड़े होने की सीख देता है।

### आतंकवादियों के तीन मददगार पीएसए के तहत हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को प्रदेश के शोपियां जिले में आतंकवादियों के तीन मददगारों को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पीएसए के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को इस अधिनियम के तहत बिना सुनवाई के दो साल तक हिरासत में रखा जा सकता है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों की पहचान ओवैस अहमद लोन, माशूक अहमद शाह और सबजार अहमद गनी के तौर पर की है, जो सभी शोपियां के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोग बार-बार राज्य की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली गति. विधियों में शामिल पाए गए।

# बड़ी संख्या में वोटर कटने से भाजपा में मची कलह

## चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी बीजेपी: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश भाजपा में उभरा आपसी टकराव किसी कथित 'विद्रो. ही बैठक' का परिणाम नहीं, बल्कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में वोटरों के नाम कटने की सूचना से उपजा है।

यादव ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एसआईआर में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए जाने की सूचना पहले ही भाजपा विधायकों के बीच प्रसारित हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इनमें से 85.90 प्रतिशत मतदाता मुख्यमंत्री के अपने समर्थक बताए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि 2.89 करोड़ का 85 प्रतिशत भी माना जाए तो यह संख्या करीब 2.45 करोड़ बैठती है, जिसका प्रभाव प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर औसतन लगभग 61 हजार मत प्रति सीट के रूप में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में भाजपा हर सीट पर आनुपातिक रूप से भारी नुकसान में रहेगी और चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा। यही कारण है कि भाजपा के भीतर आरोप- प्रत्यारोप, खुले नोटिस और सार्वजनिक बयानबाजी जैसी स्थितियां सामने आ रही हैं। यादव ने कहा कि भाजपा विधायक अलग-अलग बैठकें कर यह संदेश दे रहे हैं कि सरकार, संगठन और सहयोगी दल उनकी बात नहीं सुन रहे, जिससे उनके क्षेत्रीय काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले होने वाले कामकाज आधारित मूल्यांकन सर्वे में ऐसे विधायक असफल साबित होंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में कुछ गिने-चुने लोगों के कथित भ्रष्टाचार का खामियाजा असंतोष से विद्रोह के स्तर तक पहुंचे नेताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया ने भाजपा को उसी संकट में धकेल दिया है, जिसे उसने खुद पैदा किया है।

# यूपी में 1.75 करोड़ रुपये से जलेंगे अलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ ठंड से बचाव के लिए सरकार का बड़ा प्लान, बनाए गए 1247 रैन बसेरे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक और सुनियोजित व्यवस्थाएं की हैं। सभी जनपदों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। इन रैन बसेरों में 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार की ओर से कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 03 वर्ष में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है। इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है।

चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जनपदों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जनपदों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 75 जनपदों में 3,78,884 कंबलों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है। अब तक सभी जनपदों द्वारा 1,40,364 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को किया जा चुका है, शेष कंबलों का वितरण किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। सभी जनपदों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जनपदों में प्रतिदिन जलाए जा रहे अलावों की स्थिति की नियमित फीडिंग राहत पोर्टल पर की जा रही है, जिससे शासन स्तर पर सतत निगरानी बनी रहे। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार की ओर से तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा सचेत एप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 33.27 करोड़ अलर्ट एसएमएस जारी किए जा चुके हैं। ये संदेश प्रभावित जनपदों के अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस को भी भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों जैसे यूपीडा, एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी द्वारा जिलाधिकारियों एवं जिला पुलिस को ई-मेल के माध्यम से कोहरे से संबंधित अलर्ट लगातार जारी किए जा रहे हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में बोले सीएम योगी

# कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति तय करने के उद्देश्य से लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की और प्रदेश की कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने बीते 7-8 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किए गए सुधारों, नवाचारों और सख्त कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा, सुशासन और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर व्यापक मंथन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश में पुलिसिंग को लेकर बदली हुई धारणा, कानून- व्यवस्था में आए ठोस सुधार और अपराध



■ सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी, जनता की सुरक्षा अधिक मजबूत की जाए

नियंत्रण के लिए अपनाई गई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष बीते वर्षों में लागू किए गए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों की प्रस्तुति दी। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा भविष्य की पुलिसिंग के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करना रहा। इसमें संगठित अपराध, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, साम्प्रदायिक सौहार्द, त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति को और सख्ती से लागू किया जाए तथा जनता में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत की जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी होती है। सम्मेलन में यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के सामने कानून-व्यवस्था को लेकर कौन-कौन सी चुनौतियां हैं और उनसे निपटने के लिए पुलिस को किस प्रकार खुद को और सक्षम बनाना होगा। सम्मेलन के अंत में प्रदेश में भविष्य की पुलिसिंग को लेकर एक स्पष्ट और प्रभावी रोडमैप तैयार किए जाने पर सहमति बनी, जिससे उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अपराध मुक्त राज्य बनाने की दिशा में कदम और तेज किए जा सकें।

### गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के संस्थापक, महान संत एवं धर्मयोद्धा गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी साहस, त्याग और धर्मरक्षा की प्रतिमूर्ति थे। अन्याय और अधर्म के विरुद्ध उनका संघर्ष संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणाोत है। योगी ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी का जीवन और संदेश सत्य, निष्ठा एवं निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उनका योगदान भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा में सदैव स्मरणीय रहेगा।

# पार्टी विधायकों की जातिगत बैठकों पर सख्त हुई भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संगठन के भीतर बढ़ती जातिगत गतिविधियों पर सख्ती दिखाते हुए अनुशासन मजबूत करने की पहल की है।

हाल के दिनों में पार्टी के भीतर अलग-अलग जातीय समूहों की बैठकों को लेकर नेतृत्व में असहजता देखी जा रही है। इसका ताजा कारण शीतकालीन सत्र के दौरान गोमतीनगर स्थित एक भाजपा विधायक के आवास पर पार्टी के 50 से अधिक ब्राह्मण विधायकों की बंद कमरे में हुई बैठक है, जिसे भोज के नाम पर आयोजित किया गया था। इस बैठक को लेकर नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल अगस्त में मानसून सत्र के दौरान भाजपा के करीब 50 ठाकुर विधायकों की भी इसी तरह की बैठक हुई थी। लगातार हो रही ऐसी बैठकों को लेकर पार्टी नेतृत्व को आशंका है कि यदि इन्हें रोका नहीं गया, तो ये संगठित दबाव समूह का रूप ले सकती हैं और पार्टी की समावेशी राजनीति की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पंकज चौधरी ने बिना किसी बैठक का नाम लिए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जाति-आधारित बैठक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा 'परिवार या जाति आधारित राजनी. ति' में विश्वास नहीं रखती। पंकज चौधरी ने कहा कि जो भी गतिविधि पार्टी की समावेशी विचारधारा को कमजोर करती है, उसे पार्टी संविधान के तहत अनुशासनहीनता माना जाएगा।



सेंसेक्स 85408.70
निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# सुधारों से 2025 में आगे बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, वार्ता

समाप्ति की ओर अग्रसर वर्ष 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अभूतपूर्व सुधारों का साक्षी बना और तमाम वैश्विक चुनौतियों तथा पश्चिमी सीमा पर पड़ोसी देश के साथ सैन्य टकराव के बीच लंबे समय बाद एक दुर्लभ स्थिति बनी है जहां अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संकेतक पूरी तरह अनुकूल हैं।

इस समय दुनिया के सबसे बड़े बाजार अमेरिका में सर्वोच्च 50 प्रतिशत के आयात शुल्क का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पिछली दो तिमा. हियों में औसतन आठ प्रतिशत के स्तर पर है। इसके साथ ही मुद्रास्फीति एक दशक के निचले स्तर पर है और रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें भी इस साल लगातार नीचे आ रही हैं। डॉलर की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बावजूद चालू खाते का घाटा सीमित है और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के करीब मजबूत बना हुआ है। वैश्विक एजेंसियों और विश्लेषकों ने भारतीय



अर्थव्यवस्था की इस वर्तमान स्थिति का श्रेय देश में आर्थिक सुधारों में निरंतरता और राजक. ोषीय तथा मौद्रिक नीति में तालमेल को दिया है। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने विदेशी ऋणों के लिए भारत की साख में सुधार किए हैं। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक 50 से ऊपर बने हुए हैं। दिसम्बर के पहले सप्ताह में जारी आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 55.7 और सेवा क्षेत्र का 59.1 था। अगस्त में देश के सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर दो बार में कुल 50 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क लगाने के बाद पूंजी और वित्त बाजार में गहरी चिता व्याप्त हो गई थी। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकट के प्रभाव बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई. सितम्बर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जो जनवरी-मार्च 2024 के बाद सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। घरेलू अर्थव्यवस्था में गतिविधियां पिछली चार तिमाहियों से निरंतर बढ़ रही हैं। इस साल जनवरी-मार्च में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और अप्रैल-जून में 7.8 प्रतिशत रही थी। भारत पिछले कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सरकार ने वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू मांग को प्रोत्साहित करने वाले एक बड़े कदम के तहत 22 सितम्बर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बड़ी कटौती का निर्णय लागू किया। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में बुनियादी सुधार करते हुए इसे चार स्लैब की जगह दो स्लैब में पुनर्गठित करने का ऐतिहासिक फैसला किया।

### रिलायंस को उम्मीद, नए साल में सुलझेगा 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए साल में केजी बेसिन पर सरकार के साथ 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद सुलझने की उम्मीद जताई है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस विवाद अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अंतिम चरण में है और साल 2026 में इस पर फैसला आ सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास साल 2002 से केजी-डी6 ब्लॉक का परिचालन है। कंपनी ने तर्क दिया है कि उत्पादन साझेदारी अनुबंध के तहत गठित प्रबंधन समिति, जिसमें सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल हैं, हर फैसले पर वीटो का अधिकार रखती है। कमेटी की पूर्व स्वीकृति के बिना न तो कोई खर्च किया जा सकता है और न ही कोई निर्णय लागू होता है। रिलायंस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने इन सभी प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया है और अब तक सरकार ने कंपनी पर किसी अनियमितता का आरोप भी नहीं लगाया है।

# चावल व चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव की स्थिति रही। चीनी में भी नरमी देखी गई। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये टूटकर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 55 रुपये और मसूर दाल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल भी 35 रुपये टूट गई। मूंग दाल और उड़द दाल के दाम 10.10 रुपये



प्रति क्विंटल बढ़ गए। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 98 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 28 रुपये और सोया तेल की दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंगफली तेल 114 रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7766. 52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवम्बर में पहली बार डेढ़ करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल नवम्बर में सालाना आधार पर 6.92 प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 52 लाख 38 हजार पर पहुंच गई। यह पहली बार है, जब किसी एक महीने में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने हवाई यात्रा की है। इससे पहले अधिकतम आंकड़ा दिसम्बर 2024 में दर्ज किया गया था जब एक करोड़ 49 लाख 28 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से नवम्बर तक 11 महीने में कुल 15 करोड़ 26 लाख 35 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की है। यह पिछले साल की समान अवधि से 4.26 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि नवम्बर में यह रिकॉर्ड तब बना है जब इस साल दीपावली और छठ के पर्व अक्टूबर में ही समाप्त हो चुके थे, जब अमूमन मांग काफी अधिक होती है। आंकड़ों के अनुसार भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) के मामले अकासा एयर 93.8 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। इंडिगो 88.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और स्पाइसजेट 87.7 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह का पीएलएफ 87.5 प्रतिशत और इंडियावन एयर का 82. 7 प्रतिशत रहा। यात्री संख्या के मामले में नवम्बर में इंडिगो और अकासा की बाजार हिस्सेदारी घट गई, जबकि एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) और स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर के 65.6 प्रतिशत के कम होकर 63.6 प्रतिशत रह गई। एयर इंडिया समूह की हिस्सेदारी 26. 7 प्रतिशत, अकासा की 4.7 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 3.7 प्रतिशत रही।

देश के छह मेट्रो शहरों दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में समय पर उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर 72.2 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह की 69.1 प्रतिशत उड़ानें, इंडिगो की 69 प्रतिशत, अलायंस एयर की 59 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 48.4 प्रतिशत समय पर रवाना हुईं। समय पर उड़ानों को रवाना करने के मामले में 86.4 प्रतिशत के साथ चेन्नई एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमश: बेंगलुरु एयरपोर्ट से 78.6 प्रतिशत, हैदराबाद से 75.5 प्रतिशत, कोलकाता से 74.4 प्रतिशत, दिल्ली से 62.2 प्रतिशत और मुंबई से 50.1 प्रतिशत उड़ानें समय पर रवाना हुईं।

# एसडीएम का आदेश रद्द, 20 लाख का जुर्माना

## इलाहाबाद हाई कोर्ट बोला- जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव अवैध

लखनऊ, वार्ता

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमीन के मालिक का नाम हटाने और निर्माण ढहाने के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मालिक को सुनवाई का अवसर दिए बिना अभिलेखों से उसका नाम हटाने और जमीन पर बने ढांचे को ध्वस्त करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भूमि प्राधिकरण को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द कर दिया है, साथ ही जमीन का कब्जा याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार पर 20 लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुआवजे की यह राशि याचिकाकर्ता को दो महीने के अंदर दी जाए। यही नहीं कोर्ट ने राजस्व अधिकारियों की भूमिका



की जांच करने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि यह जांच अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। यह आदेश जस्टिस आलोक माथुर की सिंगल बेंच द्वारा सावित्री सोनकर की तरफ से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 19 दिसंबर को पारित किया गया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि रायबरेली जिले के देवनंदनपुर गांव में खाता संख्या 431 बी की जमीन का स्वामित्व उसके नाम था और राजस्व रिकॉर्ड में भी उसके नाम दर्ज था। याचिकाकर्ता का कहना है कि इसके बावजूद संबंधित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने बिना सुनवाई के राजस्व संहिता की धारा 38 के तहत 10 फरवरी को कार्रवाई की और रिकॉर्ड से उसका नाम हटा दिया गया। इसके साथ ही जमीन को ग्राम सभा की जमीन घोषित कर दिया गया। इस आदेश के आधार पर 24 मार्च को याचिकाकर्ता का निर्माण ढहा दिया गया और जमीन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग को सौंप दी गइ। कोर्ट ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में बदलाव अवैध और मनमाने तरीके से किया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही उसका पक्ष सुना गया। जिसके बाद कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द करते हुए इस मामले में राजस्व अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

■ लखनऊ में भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

**लखनऊ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिदू समुदाय, पर कथित अत्याचार के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री यूनुस खान और कट्टरपंथी तत्वों का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना था कि बांग्लादेश में हिदू समुदाय के खिलाफ लगातार हिसा और भेदभाव की खबरें सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिता का विषय हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने और बांग्लादेश सरकार पर उचित कार्रवाई का दबाव बनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा सभी देशों की जिम्मेदारी है और भारत को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता इशरार बेग ने कहा कि यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हिदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है। वहां के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला फूंका जा रहा है। वहां की सरकार को जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

# 4224 श्रमिकों को हस्तान्तरित किए 12 करोड़

## मुख्यमंत्री ने भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत विभिन्न योजनाओं के श्रमिकों को हस्तान्तरित की धनराशि

■ राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेन्टर में श्रमिकों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्था का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत विभिन्न योजनाओं के 4224 लाभार्थी श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार की धनराशि हस्तान्तरित की।

मुख्यमंत्री ने राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेन्टर में श्रमिकों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्था का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की और से श्रमिकों की हर समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मकार बोर्ड द्वारा अब तक 51 करोड़ रुपये की धनराशि विगत 06 माह में श्रमिकों एवं उनके परिजनों के खातों में हस्तान्तरित की जा चुकी है। श्रम आयुक्त पीसी दुम्का ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में बोर्ड द्वारा निरंतर श्रमिकों के हित में कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर अध्यक्ष राज्य संविदा श्रम सलाहकार बोर्ड कैलाश पंत, उप श्रम आयुक्त विपिन कुमार, सहायक श्रम आयुक्त धर्मराज, आईटी एक्सपर्ट दुर्गा चमोली एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



### महिलाओं ने अपनी प्रतिभा के बल पर समाज व प्रदेश को आगे बढ़ाया: धामी

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्य सेवक सदन देहरादून में बिजनेस उत्तरायणी संस्था की और से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सीएम ने स्टार्टअप, आत्मनिर्भरता एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिट महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार के बल पर अपने परिवार समाज और प्रदेश को आगे बढ़ाया है। महिलाएं राज्य की आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी तू नारायणी के मंत्र के साथ मातृशक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लगभग 70 हजार स्वयं सहायता समूह बनाकर लगभग 5 लाख महिलाएँ संगठित होकर अपना व्यवसाय कर रही हैं। 7 हजार से अधिक ग्राम्य संगठन और 500 से अधिक क्लस्टर संगठनों के माध्यम से राज्य की महिलाएँ सामूहिक नेतृत्व की एक अद्वितीय मिसाल भी पेश कर रही हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय महिला उद्यमिता परिषद विनोद उनियाल, वीरेंद्र सेमवाल, गंगा बिष्ट, कर्नल डीपी डिमरी , मधु भट्ट , गीता खन्ना व नीरज आदि मौजूद रहे।

### सीएम ने पैंली-पैंली बार गीत का किया विमोचन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री ने पैंली-पैंली बार उत्तराखण्डी गीत का विमोचन करते हुए सभी लोक गायकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह गीत जन-जन तक सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को पहुंचाएगा।

इस गीत के बोल उत्तराखण्ड के विकास कार्यों को प्रमुखता से उजागर करते हैं और कैसे राज्य का समग्र विकास किया जा रहा है, को भी परिभाषित करते हैं। इस गीत में उत्तराखण्ड के प्रमुख लोकगायक सौरभ मैठाणी, गोविन्द दिगारी, राकेश खनवाल, ललित गित्यार, भूपेन्द्र बसेडा, मनोज सामन्त, चन्द्रप्रकाश व लोकगायिका सुश्री खुशी जोशी व सोनम ने स्वर दिये, धुन व गीत भूपेन्द्र बसेड़ा व संगीत ललित गित्यार ने तैयार किया है।

इस मौके पर दायित्वधारी कैलाश पंत, लोकगायक सौरभ मैठाणी, गोविन्द दिगारी (वर्चुअल), खुशी जोशी दिगारी (वर्चुअल), भूपेन्द्र बसेडा, ललित गित्यार, राकेश खनवाल, चन्द्रप्रकाश, सुश्री सोनम, कुंदन कोरंगा, बसंत तिवारी, नवीन जोशी, पूरन नगरकोटी, भागीरथी नगरकोटी, मीनाक्षी जोशी, मोहित जोशी, संगीतकार सुरेन्द्र बिष्ट अदि मौजूद रहे।

## सीएम ने प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय स्वामी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय नित्यानंद स्वामी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया । मुख्यमंत्री ने कहा कि नित्यानंद स्वामी के नेतृत्व में राज्य की प्रशासनिक नींव सुदृढ़ हुई। उन्होंने कहा कि स्वामी जी का जीवन समाज और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण, नैतिक मूल्यों और लोककल्याण के आदर्शों का प्रेरक उदाहरण है।

## विधायक सहदेव की माता के निधन पर जताया दुख

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विधायक सहदेव सिंह पुंडीर के सिद्धोवाला, देहरादून स्थित आवास में जाकर उनकी माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## देवभूमि व दलित समाज को कलंकित कर रही कांग्रेस: भाजपा

■ पूर्व कैबिनेट मंत्री खजान दास ने कांग्रेस पर नकारात्मक व शर्मनाक राजनीति का लगाया आरोप

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस पर सोशल मीडिया के अपुष्ट एवं अमर्यादित पोस्टों के आधार पर देवभूमि और समूचे दलित समाज को कलंकित करने का आरोप लगाया है। वहीं आक्रोश जताया कि न्यायालय दोषियों को सजा दे चुका है, लेकिन कांग्रेस बार बार साजिशन नए नए नाम लेकर दिवंगत बेटी की आत्मा को भी अपमानित कर रही है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री, राजपुर विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता खजान दास ने कांग्रेस पर नकारत्मक एवं शर्मनाक राजनीति का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सोशल मीडिया पर प्रचार की मंशा से वायरल ऑडियो वीडियो को राजनैतिक हथियार बना रही है, जिनका न तो कोई पुख्ता आधार है, न ही वे मर्यादित हैं। लेकिन गैरजिम्मेदाराना तरीके और षड्यंत्र के तहत, इन बयानों की आड़ में समूचे अनुसूचित जाति समाज को अपमानित करने का पाप किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर सीधा सीधा आरा.ेप लगाया कि वे बिना पुष्टि वाले अश्लील वक्तव्यों पर दिल्ली में बैठकर पत्रकार वार्ता करते हैं। जो कहीं न कहीं दर्शाता है कि कांग्रेस इस पूरे घटनाक्रम को षड्यंत्र की तरह इस्तेमाल कर देवभूमि और समूचे दलित समाज को अपमानित करना चाहती है। कांग्रेस की और से पिछड़े अनुसूचित वर्ग की आवाज उठाने वाली दमदार आवाज, उनके सामाजिक उत्थान में उम्र खपाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता को बदनाम किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में उनके साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, सह प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी व कमलेश रमन उपस्थित थे।

# अंकिता को न्याय के लिए सड़कों पर उतरी कांग्रेस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के जघन्य और हृदयविदारक हत्याकांड को वर्षों बीत जाने के बावजूद भी आज तक न्याय न मिलना, भाजपा सरकार की नीयत, नीति और नैतिकता पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है। यह बात शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कैंडल मार्च के दौरान कही।

यानिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से घंटाघर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियाँ जलाकर न्याय की लौ प्रज्वलित की। कैंडल मार्च को संबोधित करते हुए गणेश गोदियाल ने कहा कि अंकिता की



हत्या केवल एक अपराध नहीं, बल्कि भाजपा की सत्ता-संरक्षित व्यवस्था की और से की गई न्याय की सुनियोजित हत्या है।

आखिर भाजपा किससे और क्यों डर रही है? गोदियाल ने सवाल उठाया कि जब भाजपा के अपने ही लोग 'वीआईपी' संरक्षण की बात सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं, तो फिर भाजपा सरकार सीबीआई जांच से क्यों भाग रही है? क्या इसलिए कि सच सामने आ गया तो सत्ता की पूरी परतें उधड़ जाएँगी?

कांग्रेस पार्टी की मांग है कि- दुष्यंत गौतम और रेणु बिष्ट की तत्काल गिरफ्तारी हो, इस पूरे हत्याकांड की सर्वोच्च न्यायालय के सिंटिंग न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई जांच कराई जाए, किसी भी वीआईपी, राजनीतिक दबाव या सत्ता संरक्षण को जांच से दूर रखा जाए।

इस मौके पर राजेन्द्र सिंह भण्डारी, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, विधायक भुवन कापड़ी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला, सूर्यकान्त धस्माना, राजेन्द्र शाह, लालचन्द शर्मा, याकूब सिद्दिकी, राजीव महर्षि, गरिमा महरा दसौनी, डॉ. प्रतिमा सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, अभिनव थापर, आशा मनोरमा डोबरियाल, पूरन रावत, परिणीता बडोनी, गंभीर जयाड़ा, अनिल बस्नेत, विपुल नौटियाल, मधुसुदन सुन्दरियाल, बिरेन्द्र पंवार, जमाल अहमद, सलमान अहमद आदि उपस्थित थे।

### अपुष्ट आरोपों के बूते राजनैतिक अवसर तलाश रही कांग्रेस: चौहान

**देहरादून ।** भाजपा ने कहा कि अंकिता हत्याकांड को लेकर वायरल ऑडियो वीडियो पर जारी पूछताछ में जब तक कोई ठोस तथ्य सामने आए तब तक किसी अनुमान से बचकर सब्र की जरूरत है। तब तक सभी पक्षों को आवश्यक बयानबाजी से बचकर, जांच में सहयोग करना चाहिए । भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जारी बयान में दुखद अंकिता हत्या प्रकरण को लेकर जारी राजनीति पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ अपुष्ट आरोपों के आधार पर जिस तरह सोशल मीडिया ट्रायल चल रहा है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# दिवाकर व राजा बहुगुणा को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्य समिति के सदस्य करन माहरा ने कहा है कि उत्तराखंड की अस्मिता पर उठने वाले हमले को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

करन माहरा शनिवार को दिल्ली के उत्तराखंड सदन में प्रसिद्ध राज्य आंदोलनकारी उत्तराखंड क्रांति दल के नेता स्वर्गीय फील्ड मार्शल दिवाकर भट्ट और भाकपा माले के नेता राजा बहुगुणा की याद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे ।

इस श्रद्धांजलि सभा जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री और कांग्रेस प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने की। इस मौके



पर भाजपा विधायक किशोर उपाध्याय, प्रसिद्ध पत्रकार दाता राम चमोली, सुरेश नौटियाल, देव सिंह रावत, राज्य आंदोलनकारी व कांग्रेस के पूर्व सचिव हरिपाल रावत ,चिन्हित आंदोलनकारी समिति के अध्यक्ष मनमोहन शाह, संरक्षक अनिल पंत, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा उमा जोशी , महासचिव पुष्पा घुघतयाल, प्रसिद्ध बुद्धिजीवी डॉ. प्रेम बहुखंडी, राज्य आंदोलनक. ारी व नाटककार खुशाल सिंह बिष्ट समेत अनेक लोगों ने संबोधित किया।

किशोर उपाध्याय ने कहा दिवाकर भट्ट ने राज्य आंदोलन को कई मोड़ दिए।श्रद्धांजलि सभा में अंकिता भंडारी काड में कई राजनीतिक दलों के नेताओं के नाम आने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

# फाइटोकेमिस्ट्री और आयुर्वेद उत्तराखण्ड के विकास के मजबूत आधार: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के इंद्र रोड स्थित फाइटोकेमिस्ट्री एवं आयुर्वेदा सोसाइटी द्वारा फाइटोकेमिस्ट्री और आयुर्वेद की क्षमता एवं संभावनाओं के विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कहा गया कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा, यह कथन आज साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में राज्य को 10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो के आयोजन का अवसर मिला, जो गत वर्ष देहरादून में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

जोशी ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है, जो प्राकृतिक और पारंपरिक तरीकों से स्वस्थ एवं



संतुलित जीवन को बढ़ावा देती है। आयुर्वेद न केवल रोग प्रबंधन में सहायक है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, तंदुरुस्ती और समग्र कल्याण के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने फाइटोकेमिस्ट्री पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विज्ञान की वह शाखा है, जो पौधों में पाए जाने वाले रासायनिक यौगिकों की संरचना, गुण और उपयोग का अध्ययन करती है। फाइटोकेमिस्ट्री के माध्यम से औषधि विकास, पोषण एवं स्वास्थ्य, कृषि, पौध संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शोध कार्य किए जा रहे हैं।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड में आयुर्वेद की संभावनाएं अत्यंत व्यापक हैं। यहां की समृद्ध वनस्पति और जैव विविधता नई औषधियों की खोज के लिए अपार अवसर प्रदान करती है। उन्होंने स्थानीय समुदायों में पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने एरोमा एवं एरोमेटिक मेडिसिन के क्षेत्र में भी कार्य करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि कृषि, उद्यान और सुगंध पौध केंद्र इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर चेयरमैन एस फारुख, डॉ.आईपी सक्सेना, डॉ. दुर्गेश पंत, वी.के. तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## 12 जनवरी को होगी सहायक अध्यापक भर्ती की काउंसलिंग



**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** प्रदेशभर के राजकीय विद्यालयों शिक्षा व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के दृष्टिगत आज विद्यालयी शिक्षा विभाग की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक ली। जिसमें विद्यालयी शिक्षा महा. निदेशक सहित निदेशक प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा एवं सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक व माध्यमिक ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापक बेसिक की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाकर आगामी 12 जनवरी 2026 को सभी जनपदों की एक साथ काउंसलिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा बैठक में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने, चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की शीघ्र नियुक्ति करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।




# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर गरजी जमीअत

■ कहा, धर्म व भाषा के आधार पर किसी पर भी अत्याचार नहीं होना चाहिए ■ दुनिया के किसी भी हिस्से में अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय और जुल्म स्वीकार्य नहीं: कासमी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जमीअत उलमा-ए-हिंद उत्तराखण्ड की प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को मदरसा दार-ए-अरकम में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने कहा कि जमीअत बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह मानवाधिकारों



का गंभीर उल्लंघन बताया।

कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय और जुल्म स्वीकार्य नहीं है। जहां-जहां भी इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं, वे अत्यंत दुखद और चिंताजनक हैं। जमीयत उलमा-ए-हिंद ऐसे हर अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाती रहेगी।

बैठक के माध्यम से भारत सरकार से भी आग्रह किया गया कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करे, ताकि वहां रहने वाले कमजोर तबकों की जान-माल और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में धर्म और भाषा के आधार पर किसी भी प्रकार के अत्याचार का विरोध करने का संकल्प भी लिया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी धर्म या भाषा के नाम पर भेदभाव या दमन किया गया, तो जमीयत उलमा-ए-हिंद उसके खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराएगी।

महिला अधिकारो की रक्षा का भी संकल्प लिया गया, सरकार से आग्रह किया गया कि जो भी व्यक्ति महिला अपराध में संलिप्त है, उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। देश में अमनो-अमान के लिये दुआ कराई गई।

बैठक में कार्यालय सचिव मुफ्ती ताजीम, मुफ्ति इकराम, मौलाना अब्दुल मन्नान, मास्टर अब्दुल सत्तार, मुफ्ती अयाज, मौलाना अब्बास कासमी, मौलाना रिहान गनी, कारी आबिद, कारी अकरम, मुफ्ती रागिब, मौलाना रागिब, मुफ्ती वासिल, मुफ्ती हुजैफा, हाफिज शाहनजर, मौलाना दाऊद, मुफ्ति तौफीक इलाही, मुफ्ति राशिद कासमी, मुफ्ति नसीम कासमी, कारी अहसान, कारी मुंतजिर, तौसीफ खान, मौलाना मो. आबाद, मौलाना मौ. असद, मौलना मौ. हारून, मौलाना शकील, मौलाना महताब कासमी, मौलाना मंजर कासमी, मुफ्ति बुरहान कासमी, कारी अब्दुस समद आदि मौजूद रहे।

## विधायक खेलकूद प्रतियोगिता से निखरेंगी प्रतिभाएंःडा.रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। मेडिकल कॉलेज के सभागार में विधायक चौंपियनशिप ट्रॉफीके सफल आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान डॉ धन सिंह रावत ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा प्रदेश के युवाओं को खेलों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शविधायक चौंपियनशिप ट्रॉफीश का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में श्रीनगर विधानसभा में भी खेलों के आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बताया कि चौंपियनशिप के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी, पिट्ठू, एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल आदि विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। प्रतियोगिता ग्राम पंचायत स्तर से प्रारंभ होकर विद्यालय एवं विधानसभा स्तर तक संपन्न होगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे चलकर सांसद ट्रॉफी, मुख्यमंत्री ट्रॉफी एवं प्रधानमंत्री ट्रॉफी में प्रतिभाग करेंगे। कहा प्रतियोगिता अंडर-14 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। साथ ही यह आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य करेगा। कहा क्षेत्र के हमारे युवा खिलाड़ी इस से राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# सुदूरवर्ती भौंर क्षेत्र के विद्यालय को सीएम की सौगात

**▪ जर्जर भवन की होगी मरम्मत, शिक्षा विभाग की मिली धनराशि, मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने की त्वरित कार्रवाई**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जिले के सुदुरवर्ती क्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय भौंर का जल्द ट्रीटमेंट होने जा रहा है। लंबे समय से विद्यालय की हालत काफी नाजुक होने से हर समय बच्चों की जान का खतरा बना रहता है। किसी भी हादसा हो जाए, कहा नहीं जा सकता। बरसाती सीजन में स्कूल को बंद करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र की जनता काफी परेशान थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान ना लेने से क्षेत्र की जनता में मायूसी बनी थी। ऐसे में एक दिन जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी क्षेत्र में पहुंचे तो ग्रामीण जनता उनके सामने नतमस्तक हो गई और स्कूल के ट्रीटमेंट की मांग की। सीएम ने मौके पर ही डीएम को निर्देश दिए, जिसके बाद अब जाकर ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। लंबे संघर्ष के बाद ग्रामीणों की मुराद पूरी हो पाई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सुदूरवर्ती क्षेत्र भौंर के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासी राजकीय प्राथमिक विद्यालय भौंर के जर्जर भवन तथा किचन की मरम्मत का मामला संज्ञान में लाए थे। स्थानीय लोगों ने विद्यालय की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए बच्चों की सुरक्षा एवं शैक्षणिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए तत्काल मरम्मत को लेकर धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया था। मुख्यमंत्री ने मौके पर विद्यालय की जर्जर स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया तथा जिलाधिकारी प्रतीक जैन को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। शिक्षा विभाग की ओर से तत्परता दिखाते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय भौंर के भवन एवं किचन की मरम्मत को लेकर 14 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया गया। प्रस्ताव प्राप्त होते ही जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, सुविधा एवं भविष्य को प्राथमिकता देते हुए बिना विलंब किए संबंधित विभाग को 14 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर उपलब्ध करा दी है। इस त्वरित निर्णय से विद्यालय भवन एवं किचन की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। जिलाधिकारी की इस संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों में प्रसन्नता का माहौल है। क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा जिलाधिकारी प्रतीक जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन की यह तत्परता सुदूरवर्ती क्षेत्रों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## केदारनाथ में भालू का आतंक

**▪ दरवाजे तोड़कर दुकानों में घुस रहे भालू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग ।** केदारनाथ धाम में भले ही बर्फ नहीं गिर रही हैं, लेकिन यहां भी भालू का आतंक बना हुआ। धाम सहित पैदल यात्रा मार्ग पर भालू की खूब चहल कदमी दिखाई दे रही हैं। पैदल यात्रा मार्ग के लिंचोली में एक भालू का दुकान का दरवाजा तोड़ते हुए अंदर घुसने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

सीसीटीवी वीडियो में देख सकते हैं कि भालू दरवाजा तोड़कर अंदर घुस रहा है। काफी देर तक भालू दुकान के अंदर रहता है और फिर बाहर आकर दोबारा अंदर जाता है।

अक्सर देखा जाता है की कपाट बंद होने के बाद धाम सहित पैदल यात्रा मार्ग पर भालू आतंक मचाते हैं। दुकानों सहित घरों के दरवाजे तोड़कर काफी नुकसान पहुंचाते हैं। हिमालयी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भालू का आतंक बना हुआ है। लंबे समय से भालुओं का आतंक पहाड़ों में बना हुआ है, जिसको लेकर ठोस नीति नहीं बनाई जा रही है। जिस कारण इनका आतंक बना हुआ है। ग्रामीण जनता का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है तो उनकी दिनचर्या ही बदल गई है। पर्यावरण विशेषज्ञ देव राघवेंद्र बद्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में भालू का आतंक बना हुआ है। आए दिन भालू ग्रामीण जनता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## जिला पंचायत भवन में बेसहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरीजों का कबतक बनेगा सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आपदा के बाद से ही जिला पंचायत भवन में संचालित किया जा रहा है और आपदा के चार माह बीत जाने के बाद भी अस्पताल को मुख्य भवन में संचालित नहीं किया जा सका है जिससे स्थानीय लोगो और जनप्रतिनिधियों में खासा आक्रोश बना हुआ है ,स्थानीय लोगो का कहना है कि आपदा के बाद जहां स्थितियां धीरे धीरे सामान्य हो रही हैं और आपदा प्रभावित अपने आपदाग्रस्त घरों में रह रहे हैं बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने मुख्य भवन में नहीं आ




पाया है जिसके चलते प्रसूता महिलाओं से लेकर बीमार बुजुर्गों को तक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफर होना पड़ रहा है ,आलम ये है कि पर्ची कटाने के बाद डॉक्टरी परामर्श के लिए जिला पंचायत के भवन में मरीजो को जाना पड़ रहा है और एक्सरे के लिए मुख्य भवन के चक्कर काटने पड़ रहे हैं

स्थानीय लोगो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जिला पंचायत भवन से मुख्य भवन में संचालित करने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी थराली को ज्ञापन भी सौंपा है साथ ही एक सप्ताह के भीतर मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है

अब देखना होगी कि स्थानीय जनता के इस आक्रोश के बाद कब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्य भवन में शिफ्ट हो पाता है

### एक नजर .......

## तीन दिवसीय 8वीं राज्य स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**कोटद्वार ।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा के उमरावनगर स्थित एसजी गार्डन बैंकेट हाल में तीन दिवसीय 8वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक, बालिका बॉक्सिंग महाकुंभ में बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ।ऋतु खण्डूडी ने दुर्गापुर चौराह से एसजी गार्डन तक सभी स्कूली बच्चों के द्वारा मार्च परेड को हरि झंडी दिखा कर कार्यक्रम के लिए रवाना किया ।अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने बताया कि इस बॉक्सिंग महाकुंभ में पूरे उत्तराखंड के सभी 13 जिलों से कुल 180 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है। ऋतु खण्डूडी ने सभी खेल प्रेमियों को इस तरह के आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए कहा, उन्होंने बताया कि खेल विभाग और उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा इस तरह का आयोजन होने से बच्चों को एक अच्छा मंच मिलता है जिससे वह प्रदेश और देश का नाम भी रोशन करते है । इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा शशिबाला केष्टवाल, जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुरेंद्र सिंह सैनी, जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा सुनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि कमल नेगी, प्रमोद केष्टवाल, मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, प्रेमा खंतवाल, अध्यक्ष बॉक्सिंग संघ पौड़ी रितेश अधिकारी, पार्षद नीरूबाला खंतवाल, अमित नेगी, किरन काला, जयदीप नौटियाल, हरि सिंह पुंडीर, संजय द्विवेदी, गोपाल जखमोला, विनोद धूलिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे आयोजन

**विकासनगर।** भीमावाला स्थित एसएसजी पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सबसे पहले मार्च पास किया गया। उसके बाद विभिन्न प्रकार की रेस जैसे रिले रेस, सोडा रेस, 100 मीटर रेस, हर्डल रेस, सैक रेस, जुंबा डांस इत्यादि व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैलून रेस में प्रथम स्थान गोरी व हंसिका ने प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान आरुष व द्वितीय स्थान कार्तिक ने प्राप्त किया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर अमित सोनी, प्रधानाचार्य नीरू सोनी व शिक्षिकाओं में रुचि, सुनीता, सुशांत, निधि, वर्षा, सिमरनजीत, सुमन, सरिता, कावेरी, जैस्मिन, रिया, रेखा, रवीना, संगीता, पूजा आदि उपस्थित रहे।

## धर्मावाला न्याय पंचायत में खेल महाकुंभ का शुभारंभ

**विकासनगर।** धर्मावाला न्याय पंचायत अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज हरपटपुर में खेल महाकुंभ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान सुनील कश्यप द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं।खेल महाकुंभ के प्रथम दिवस में अंडर-14 एवं अंडर-19 वर्ग के बालक एवं बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनींद्र बड़वाल ने सभी अतिथियों और निर्णायकों का स्वागत करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कीड़ा प्रभारी निशा खत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिताओं के संचालन में मुख्य निर्णायक के रूप में मोहन प्रसाद मिश्रा, जी.एस. चौहान, कुंवर सिंह राय, भूपेंद्र मेहरा, जयसिंह चौहान, जितेंद्र गोस्वामी, रवि अग्रवाल सहित अन्य निर्णायक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। खेल महाकुंभ के सफल आयोजन से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है। आगामी दिनों में अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेंगे।

## नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत दवा दुकानों पर छापेमारी

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "नशा मुक्त उत्तराखंड" के संकल्प को धरातल पर उतारने और जिले में दवाओं के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के कड़े निर्देशों के अनुपालन में औषधि विभाग ने विशेष अभियान चलाते हुए जिले के प्रमुख पर्यटक और संवेदनशील क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित कराना था, बल्कि युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रतिबंधित और मनोप्रभावी दवाओं की खुलेआम बिक्री पर लगाम लगाना भी था।

# अटल जी के विजन से ही संवरा उत्तराखंड

**▪ पीएमजीएसवाई ने बदली पहाड़ों की तकदीर घनसाली में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने याद किए पूर्व पीएम के योगदान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में घनसाली विधानसभा क्षेत्र में भव्य "अटल स्मृति सम्मेलन" का आयोजन किया गया। बाल गंगा मंडल अध्यक्ष अनूप बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह और सरकार में दायित्वधारी गीता रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने अटल जी के विराट व्यक्तित्व और उत्तराखंड राज्य के प्रति उनके विशेष स्नेह को याद करते हुए कहा कि अटल जी का देवभूमि से गहरा नाता था, यही कारण है कि प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने पहाड़ के लोगों की पीड़ा को समझा और अलग उत्तराखंड राज्य का निर्माण कर यहां के निवासियों को स्वाभिमान की सौगात दी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता गीता रावत ने पार्टी के ऐतिहासिक सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने जब भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी, तब पार्टी की शुरुआत संसद में मात्र दो सीटों से हुई थी। लेकिन उनके त्याग, तपस्या और दूरदर्शी नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी और सशक्त राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अटल जी के विचारों, उनकी राष्ट्रनिष्ठा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को न केवल स्मरण करें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात भी करें। उनके आदर्श ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

विधायक शक्ति लाल शाह ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनका राजनीतिक जीवन शुचिता और पारदर्शिता का प्रतीक था। विधायक ने कहा कि पहाड़ की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में गांवों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अटल जी ने "प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना" (पीएमजीएसवाई) की जो शुरुआत की थी, वह आज पहाड़ की जीवन रेखा बन चुकी है। इस योजना के तहत बिछे सड़कों के जाल ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जनजीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला दिए हैं। वहीं, जिलाध्यक्ष उदय रावत ने बताया कि पार्टी द्वारा अटल जी के शताब्दी वर्ष को धूमधाम से मनाया जा रहा है और 31 दिसंबर तक प्रत्येक विधानसभा स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर प्रभावी लोगों को मुआवजा दिए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड के देहरादून जिले के त्यूनी क्षेत्र में स्थित देवघार रेंज में शनिवार को प्रभाग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेघाटू गांव के ग्राम प्रधान यशवंत शोक्टा ने की, जबकि नेतृत्व वन क्षेत्र अधिकारी शिवप्रसाद गैरोला ने संभाला।

इस अवसर पर वन क्षेत्र अधिकारी शिवप्रसाद गैरोला ने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में प्रभावितों को मुआवजा समय पर प्रदान किया जाए, ताकि लोगों का विश्वास वन विभाग पर बना रहे। साथ ही, आगामी फायर सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में फायर बैंड कंट्रोल और वृक्षारोपण क्षेत्रों में सूखे पत्तों को नियंत्रित तरीके से जलाने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर में वन दरोगा जयपाल सिंह, दिनेश, चमन दास, वन बीट अधिकारी बलवीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभाग दिवस के आयोजन से वन विभाग के कर्मचारियों में उत्साह का संचार हुआ और वन संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## बारोटीवाला-मेहुवाला मार्ग पर नव निर्मित सेतु का लोकार्पण

**विकासनगर।** विधानसभा विकासनगर क्षेत्र के अंतर्गत बारोटीवाला-मेहुवाला मार्ग पर एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। कि.मी. 9 पर नव निर्मित 20 मीटर स्पैन प्लेट गर्डर सेतु का विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने विधिवत लोकार्पण किया। इस सेतु के बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।बारोटीवाला-मेहुवाला मार्ग पर कि.मी. 9 पर बनाए गए 20 मीटर स्पैन प्लेट गर्डर सेतु का निर्माण 219 लाख 4 हजार रुपये की लागत से किया गया है। सेतु के लोकार्पण के बाद अब ग्रामीणों को बरसात के मौसम में होने वाली दिक्कतों से निजात मिलेगी ।

# धूमधाम से मनाया वार्षिक खेल दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर में 'उत्कर्ष' नामक शीर्षक पर आधारित वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पूरे विद्यालयों को फूलों, ध्वजों और रंगोली से सजाया गया।

सर्वप्रथम विद्यालय के सभी सदनों की द्वारा बद्रीनाथ, केदारनाथ, लाखामंडल की सुंदर झांकियों का निरीक्षण आज के अतिथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात सभी एनसीसी कैडेट्स और सदनावार मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं के लिए वार्षिक खेल (100, 200, 800, रिले रेस) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



कक्षा 6 के विद्यार्थियों द्वारा जुम्बा का प्रदर्शन किया गया।

उत्तराखंड की लोक संस्कृति को दर्शाने के लिए गढ़वाली नृत्य, मुखौटा नृत्य, चोलिया नृत्य और जौनसारी गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मध्य में कक्षा 10वी, 12वी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ (ग्यारह, ग्यारह हजार नकद धनराशि) पुरस्कृत किया गया।

साथ ही कक्षा 12वी में विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को (वैष्णवी पराशर तथा भौमिक जोशी) को स्टैलर अवार्ड प्रदान किया गया तथा प्रणव सपरा, जीविका चौहान को सेपियंस स्पिरिट अवार्ड प्रदान किया गया।

साथ ही विद्यालय में 15 वर्ष लगातार कार्यरत अध्यापक अनिता देवी, संगीता शर्मा, लाजेश्वरी नेगी, इसी प्रकार 10 वर्ष लगातार विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों में वर्तिका सेतिया, सागर, बीएस राय, नंदी बिष्ट, सोनी शर्मा, इसी क्रम में 5 वर्ष लगातार कार्यरत अध्यापक सोनम राणा, गुरदीप सिंह, साथ ही 20 वर्ष से अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही बिल्लो चौहान तथा 10 वर्ष से कार्यरत ड्राइवर अमर सिंह को विद्यालय अध्यक्ष इंदिरा रानी सपरा तथा प्रबंधक रविकांत सपरा द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत सपरा, रशिता सपरा, स्कूल डायरेक्टर रश्मि गोयल, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील कुमार (चीफ इलेक्शन कमिश्नर उत्तराखण्ड, रिटायर्ड आईएएस), गेस्ट ऑफ ऑनर योगेश चन्द्र (डिप्टी सुपरिटेंडेंट सर्वे ऑफ इंडिया, देहरादून), विजेंद्र कुमार (ऑफिसर, सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून), विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान का विद्यालय प्रागण में एनसीसी कैडेट्स द्वारा धूमधाम से स्वागत किया गया। साथ ही अन्य गणमान्य अतिथियों में प्रधानाचार्या गीता नेगी (हरबर्टपुर सेपियंस स्कूल), जीआर गंगवार, (पूर्व प्रधानाचार्य), रेखा शर्मा (प्रधान जीवनगढ़), रिकेश शर्मा, सुरेश रावत, डॉ. एनपी राणा, डॉ. हिमांशु राणा, साहित्यकार डॉ हेमचंद सकलानी तथा विकासनगर के व्यापारी उपस्थित रहे।

## दिवंगत पूर्व विधायक राजेश जुवांठा को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

पुरोला (उत्तरकाशी): दिवंगत पूर्व विधायक राजेश जुवांठा के आकस्मिक निधन पर शनिवार को पुरोला में कांग्रेस कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।



शोक सभा को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह ने कहा कि स्वर्गीय राजेश जुवांठा का आकस्मिक निधन पूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने थे और प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ उनके आत्मीय व पारिवारिक संबंध थे।

उनका सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।श्रद्धांजलि सभा में ब्लॉक अध्यक्ष धीरेन्द्र नेगी, सेवा दल अध्यक्ष प्रीतम राणा, धर्मलाल, राजपाल रावत, प्रवीन ठाकुर, रेखा नोटियाल, सुभाष नेगी, जगदेव नेगी, भरत लाल, अजय भारती, नरेश चौहान, दरमियान पंवार, प्रमोद रावत, जगदीश गुसाई, गोपाल कैंतुरा, ओपी रावत सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।सभा के अंत में सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

## भंगार संपर्क मार्ग पर स्लिप से ग्रामीण परेशान

**चकराता।** भंगार संपर्क मार्ग के कि.मी. 3 व कि.मी. 4 पर आए स्लिप और गिरे पत्थरों के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग अवरुद्ध होने से आवागमन में दिक्कतें बढ़ गई हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता से वार्ता कर शिकायत पत्र सौंपा गया था। इसके बाद कनिष्ठ अभियंता द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया, जिसमें लोरली से खिराड मार्ग के उक्त हिस्सों में स्लिप और पत्थर पाए गए, बावजूद इसके अभी तक मार्ग को साफ नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इतने प्रयासों के बाद भी समाधान नहीं हो सका। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## बालिकाओं का राष्ट्रीय क्रिकेट में चयन होने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर विकासखंड के राजकीय इन्टर कालेज कालेज धद्दी घंडियाल की दो छात्राएं रिया भण्डारी कक्षा बारह (12) और कक्षा नौवीं कि आरुषि पडियार एवं राजकीय इन्टर कालेज भल्ले गांव की आशना पयाल का राष्ट्रीय क्रिकेट में चयन होने पर माध्यमिक वर्ग बालिका क्रिकेट संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने विद्यालय में जाकर छात्राओं को सम्मानित किया। माध्यमिक बालिका वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने कहा कि वह विगत दो दशक पहले 2003 से लगातार बालिकाओं के खेल प्रोत्साहन के खेल गतिविधियां कराते आरहे हैं तथा क्रिकेट खेलने के लिए बालिकाओं को प्रोत्साहित करते रहते हैं। उन्होंने माध्यमिक वर्ग बालिका क्रिकेट



प्रतियोगिता की स्थापना इसलिये की थी कि पहाड़ की बेटियों मे प्रतिभा की कोई कमी नही हैं उन्हे सिर्फ मौके की तलाश है। इसी बात को मन में रखकर देवेन्द्र गौड़ के इस सफल प्रयास और बालिकाओं की खेल के प्रति जुझारूपन की लगन ने आज पहाड़ के कंदराओं की बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई हैं। जिनमें दो बालिकाएं धद्दी घंडियाल और एक बालिका राजकीय इन्टर कालेज भल्ले गांव आशना पयाल कक्षा नौ (9) की छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना हमारे पहाड़ों के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह तीनों बालिकाएं देवेन्द्र गौड़ द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित माध्यमिक वर्ग बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता खेलती आ रही हैं। राजकीय इन्टर कालेज धद्दी में शाररिक शिक्षा में कार्यरत कुलदीप को सम्मानित करते हुए पूर्व प्रवक्ता राजकीय इन्टर कालेज गणेशनगर अगस्तमुनि भारत सिहं बंगारी ने कहा कि बालिका क्रिकेट की बुनियाद रखने वाले एवं देवेन्द्र गौड़ एवं कुलदीप निरंतर नौनिहालों को क्रिकेट के प्रति प्रोत्साहित करते हैं उसी का परिणाम है कि हमारी पहाड़ की बेटियां राष्ट्रीय फलक तक पहुंच पाई हैं। माध्यमिक वर्ग बालिका के फाउंडर देवेन्द्र गौड़ ने कहा कि मेरा बोया हुआ बीज की शाखाएं अब बड़ी होकर फैलने लगी हैं अब समय आ गया है कि हमारे पहाड़ के कंदराओं की बेटियां अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में धूम मचाएंगी। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य डिमरी, दीपक जोशी एवं समस्त विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी।

# जोगेंद्र पुंडीर को मिली प्रदेश अध्यक्ष क्रीड़ा भारती की बड़ी जिम्मेदारी

■ क्रीड़ा भारती उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए जोगेंद्र पुंडीर
क्रीड़ा भारती संगठन के रूप में उत्तराखंड की देव भूमि के लिए पूर्व से ही वरदान के रूप में कार्य कर रहा, आगे भी वरदान साबित होगा : पुंडीर




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** क्रीड़ा भारती का पाँचवा राष्ट्रीय अधिवेशन 26 से 28 दिसम्बर तक
गुजरात अहमदाबाद में चल रहा है। उद्घाटन सत्र में गुजरात पोरबंदर से सांसद और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, आलोक अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह, (आरएसएस) की उपस्थिति में हुआ
अधिवेशन में भारतवर्ष के सम्पूर्ण राज्यों के पदाधिकारी गण मौजूद रहें। कार्यक्रम का उद्घाटन, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी (अर्जुन अवार्डी, राजस्थान), राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष चौतन्यकुमार कश्यप मंत्री मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय महामंत्री राज चौधरी, प्रशांत महानकर अखिल भारतीय संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती की उपस्थिति में हुआ। उत्तराखंड से जोगेंद्र सिंह पुंडीर को उत्तराखंड प्रदेश का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई, जिसका सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया एवं उत्तराखंड से आये हुए क्रीडा भारती के पदाधिकारिओं ने भी खुशी जाहिर करते हुए अपनी पूर्ण सहमति प्रदान की।उत्तराखंड प्रदेश से अरुण सिंह प्रांत मंत्री, रणवीर सिंह तोमर, प्रांत उपाध्यक्ष, सोहन वीर राणा प्रांत सह मंत्री, आकाश चौरसिया प्रांत क्रीड़ा केंद्र प्रमुख, उमंग खत्री प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं सुधीर कुमार उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के दौरान जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने कहा कि
क्रीड़ा भारती संगठन के रूप में उत्तराखंड की देव भूमि के लिए पूर्व से ही वरदान के रूप में कार्य कर रहा है और आगे भी वरदान साबित होगा। उन्होंने खेल जगत में क्रीड़ा भारती के माध्यम से उत्तराखंड के युवाओं के लिए नए आयाम और नए मौके के तौर पर प्रतिबद्ध होने का आश्वासन दिया और कहा कि क्रीड़ा भारती के माध्यम से सम्पूर्ण प्रदेश में अलख जगाते हुए भारतवर्ष को 2030 के कॉमन वेल्थ की मेजबानी का मौका मिला है, तो इस में तत्पर होकर संगठित कार्य करने से जरूर हम लोग उत्तराखंड के लिए पदक तालिका में सबसे ऊपर नाम रख सकें ऐसी कोशिश करेंगे।
पुंडीर ने कहा कि आने वाले सालों के अंदर
नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और क्रीड़ा भारती के माध्यम से जो सुविधा दी जा सके उसका प्रयास करना और मैदानी क्षेत्रों से लेकर सुदूरवर्तीय प्रत्येक पर्वतीय जिलों में भी खेलों के अनुकूल महौल बना पाना ये एक प्राथमिकता रहेगी।
पुंडीर ने आगे कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में अनेक प्रतिभाएं हैं और खेल के प्रति विशेष रुचि जगाने से हमारे प्रदेश के नौजवान नए कीर्तिमान खड़ा कर सकने में सक्षम हैं। इसी कड़ी में 2026 व 2030 में कामनवेल्थ खेलों में भी पदक तालिका में अपने राष्ट्र को अग्रणी रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास करेंगे।

# चिकित्सा इकाइयों में शीघ्र भरे जाएं रिक्त पद: डॉ. रावत

■ स्वास्थ्य मंत्री ने ली विभाग की समीक्षा बैठक



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के दृष्टिगत आज चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक ली। जिसमें में स्वास्थ्य महानिदेशक सहित प्रदेश के सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक के दौरान प्रदेशभर की चिकित्सा इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, फार्मासिस्टों, लैब, एक्स-रे व ईसीजी टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट, एएनएम आदि पदों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही चिकित्सकों के अवक. ाश पर जाने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्थाओं को लेकर भी विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई।
इसके अतिरिक्त आगामी 1 जनवरी 2026 से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने को लेकर विभागीय स्तर पर की गई तैयारियों की जानकारी स्वास्थ्य महानिदेशक से प्राप्त की। वहीं, सभी जनपदों के सीएमओ से आपातकाल. ीन एम्बुलेंस सेवा 108 के रिस्पॉन्स टाइम की समीक्षा करते हुए इसे न्यूनतम करने के स्पष्ट निर्देश दिये।

## टेंपो में अचानक लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरहेनी।** शनिवार को गांव बरह. ेनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई।जब एक टेंपो में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और टेंपो में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया। लेकिन तब तक टेंपो में रखा पूरा सामान जल चुका था। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते आग फैलने से रोक ली गई। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# मैक्स हॉस्पिटल ने किया एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट

■ डॉ. अरोड़ा, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. दीपक गर्ग और डॉ. तारिक नसीम की टीम ने किया किडनी ट्रांसप्लांट




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून:** उत्तराखंड में हाई-एंड रीनल ट्रांसप्लांट सेवाओं तक पहुंच को आगे बढ़ाते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने सफलतापूर्वक एक एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट किया है - यह एक एडवांस्ड प्रक्रिया है जो ब्लड ग्रुप के पार ट्रांसप्लांट की अनुमति देती है। उम्मीद है कि इस उपलब्धि से उन मरीजों को काफी फायदा होगा जिन्हें अपने परिवार में कम्पैटिबल ब्लड ग्रुप वाला डोनर ढूंढने में मुश्किल होती है।
मरीज, 24 साल की अदिति, जो देहरादून की रहने वाली और छात्रा हैं, पिछले दो सालों से एंड स्टेज रीनल डिजीज से पीड़ित थीं और किडनी फेल होने के बाद लंबे समय तक हीमोडायलिसिस पर निर्भर थीं। उनकी मां, 52 साल की सुनीता, एक इच्छुक डोनर के रूप में आगे आईं, लेकिन उनके ब्लड ग्रुप में बेमेल होने के कारण पारंपरिक ट्रांसप्लांट संभव नहीं था। मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून में अब उपलब्ध एडवांस्ड ट्रांसप्लांट तकनीकों के माध्यम से सुनीता अपनी किडनी डोनेट कर पाईं, जिससे उनकी बेटी का जीवन बचाने वाला ट्रांसप्लांट हो सका।इस प्रगति के महत्व पर बात करते हुए, डॉ. पुनीत अरोड़ा, एसोसिएट डायरेक्टर ख्र नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने कहा कि "किडनी की मांग आपूर्ति से कहीं ज्यादा है, और कई मरीज उम्मीद खो देते हैं क्योंकि ब्लड ग्रुप से मेल खाने वाला डोनर उपलब्ध नहीं होता है। एबीओ-इनकम्पैटिबल ट्रांसप्लांटेशन एक मान्य और सफल तकनीक है, लेकिन भारत में केवल कुछ चुनिंदा केंद्रों के पास ही इसे सुरक्षित रूप से करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और विशेषज्ञता है। अब देहरादून में यह क्षमता उपलब्ध होने से, जब परिवार में कोई इच्छुक डोनर मौजूद हो, तो मरीजों को अब केवल ब्लड ग्रुप कम्पैटिबिलिटी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। यह ट्रांसप्लांटेशन का एक नया रास्ता और जीवन की एक नई उम्मीद खोलता है।"
यह सर्जरी डॉ. अरोड़ा के नेतृत्व में की गई, जिसमें डॉ. मनीष शर्मा ख्र कंसल्टेंट (नेफ्रोलॉजी), डॉ. दीपक गर्ग ख्र सीनियर कंसल्टेंट (यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट), और डॉ. तारिक नसीम ख्र प्रिंसिपल कंसल्टेंट (यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट) सहित एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम और समर्पित एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों ने सहयोग किया।

## एक नजर

## नाले में पड़ा मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में शुक्रवार देर शाम नाले में औंधे मुंह पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय संदीप पटेल के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

वार्ड मेंबर पवन सिंह राणा ने पुलिस को सूचना दी कि मुड़िया चौराहे के पास एक व्यक्ति मुंह के बल गिरा पड़ा है। इस पर थाना ट्रांजिट कैंप की फील्ड यूनिट और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर खेत के किनारे बह रहे नाले की पुलिया के पास एक युवक का शव मिला, जिसका आगे का हिस्सा पानी में डूबा हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे दीपक सिंह पुत्र छून्नू सिंह, निवासी गंगापुर लौहरी ने शव की पहचान अपने भाई संदीप पटेल के रूप में की। उन्होंने बताया कि संदीप नशे का आदी था और गंभीर बीमारी से भी ग्रसित था। वह दोपहर करीब तीन बजे तक घर के आसपास ही देखा गया था। संदीप अविवाहित था। थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खेल महाकुंभ में छात्रों ने दिखाया उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शनिवार को खेल महाकुंभ 2025 के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बरहैंनी न्याय पंचायत में किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन एक निजी स्कूल में हुआ। जिसमें संयोजक की भूमिका महेश कुमार ने निभाई।
खेल महाकुंभ के दौरान खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, चक्का फेंक, 600 मीटर दौड़ एवं 100 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों की सराहना की गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हरमिंदर सिंह बरार, बरहैंनी ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, समाजसेवी वीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रवीण, सुधीर कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बीमारी से परेशान इकलौते युवक ने जहर खाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बीमारी के चलते पिछले काफी समय से मानसिक तनाव झेल रहे घर के इकलौते युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परि. जनों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परि. जनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम दहिया भोज फरीदपुर बरेली निवासी 29 वर्षीय दीपक भारद्वाज के पिता मदनलाल का कुछ वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। जिसके बाद से वह यहां जगतपुरा निवासी अपने करीबी रिश्तेदार के घर रह रहा था और उसने एमए की शिक्षा भी ग्रहण की थी।

बताया जाता है कि दीपक कुछ समय से बीमार रहता था और उसका उपचार कराया जा रहा था। बीमारी के कारण दीपक अक्सर मानसिक तनाव में रहता था। परि. जनों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर दीपक घूमकर घर आया। जब उससे खाना खाने का कहा गया तो उसने तबीयत ठीक न होने की बात कही। जब उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पता चला दीपक ने विषाक्त पदार्थ खाया हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अवैध मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर

■ दो सप्ताह के नोटिस अवधि के बाद की कार्रवाई, पुलिस रही तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** ऊधम सिंह नगर जिले के गदरपुर क्षेत्र में आज शनिवार सुबह प्रशासन ने सरकारी बाग में बनी एक अवैध मजार को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उद्यान विभाग की शिकायत पर की गई। उद्यान विभाग ने सरकारी भूमि पर बनी इस अवैध मजार को हटाने के लिए जिला प्रशासन से अनुरोध किया था। इस पर प्रशासन ने मजार से संबंधित पक्ष को नोटिस भेजकर अतिक्रमण हटाने और जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया था। नोटिस का जवाब न मिलने पर प्रशासन ने लोडर से मजार को हटाया दिया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात थे।

सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ धामी सरकार की सख्ती जारी है। इसी क्रम में शविवार तड़के गदरपुर स्थित सरक. ारी बाग में अवैध रूप से बनाई गई मजार को प्रशासन ने बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई सुबह तड़के भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई, जिससे क्षेत्र में किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारी नितिन भदौरिया के निर्देश पर उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह द्वारा सरकारी बाग में बनी अवैध संरचना को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके तहत संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर संरचना हटाने के लिए समय दिया गया। इसके साथ ही सरकारी उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भी उक्त मजार को अवैध बताते हुए जिला प्रशासन को लिखित रूप से अवगत कराया था। प्रशासन की ओर से दो सप्ताह की मोहलत दिए जाने के बावजूद नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया और न ही संरचना को हटाने की दिशा में कोई पहल की गई। इसके बाद प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध मजार को हटाने का निर्णय लिया और बुल्डोजर से संरचना को ध्वस्त कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई राज्य सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत सरकारी भूमि पर किए गए सभी प्रकार के अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने की जिला मोर्चा प्रभारियों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय जनता पार्टी के काशीपुर जिला प्रभारी पुष्कर काला की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने जिले के विभिन्न मोर्चा प्रभारियों के नाम की घोषणा की। घोषित मोर्चा प्रभारियों और उनके समर्थकों में खुशी है।जिलाध्यक्ष ने बताया कि मोहन सिंह बिष्ट को युवा मोर्चा का प्रभारी घोषित किया गया है। इसी तरह सुशील शर्मा को महिला मोर्चा, विनीत चौहान को किसान मोर्चा, अमित सिंह (जिला मंत्री) को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, चकित हुडिया को अनुसूचित मोर्चा, सृष्टि अहुजा (जिला उपाध्यक्ष) को अनुसूचित मोर्चा, लवीश अरोरा को अल्संख्यक मोर्चा का प्रभारी किया गया। पूर्व विधायक डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल, डॉ. एमपी सिंह, खड़क सिंह, डॉ.सुदेश, राजकुमार, हरप्रीत सिंह, महेश सिंह आदि भाजपाईयों ने नए प्रभारियों को बधाई दी।

# अंकिता हत्याकांड के आरोपियों को बचा रही है सरकार: यादव

■ वरिष्ठ कांग्रेस नेता मजहर रिजवी ने साथियों के साथ ली सपा की सदस्यता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** समाजवादी पार्टी की बैठक राष्ट्रीय महासचिव (युवा) एवं लोकसभा नैनीताल प्रभारी अरविंद यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। वहीं दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

अरविंद यादव ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर आरोप लगाते हुए कहा किवे अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। वीवीआईपी नाम सामने आने के बाद भी सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही रुद्रपुर शहर की सड़कों एवं स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि शहर बदहाल है, जबकि मेयर द्वारा सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। आरोप लगाया गया कि मेयर अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए मुस्लिम समुदाय को निशाना बना रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता मजहर रिजवी ने अपने 25 साथियों के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में जिलाध्यक्ष यूथ जितेंद्र यादव, महानगर यूथ तेजपाल यादव, प्रदेश सचिव राम सिंह सागर, महानार अध्यक्ष शरीफ अंसारी, इमरान अंसारी, एनएन अग्रवाल, मुख्तार अहमद, अरविन्द दिवाकर, विनोद गोंड, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

# चार साहिबजादों के शहीदी दिवस के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के रायपुर ढकिया में चार साहबजादों के शहीदी दिवस के अवसर पर सबसे पहले गुरुद्वारा साहब के ग्रंथी ने शब्द पाठ किया तथा बाद में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जहां सैकड़ो लोगों ने लंगर ग्रहण किया।



समाजसेवी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान गुरुद्वारे में हुए भंडारे में पहुंचे तथा गुरुद्वारे में माथा टेका और लंगर ग्रहण किया। पत्रकार वार्ता के दौरान खड़क सिंह चौहान ने बलिदान दिवस के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्र अजीत सिंह ,जुझार सिंह, जोरावर सिंह, और फतेह सिंह थे। 1704 में मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए उन्होंने अपनी शहादत दी। अजीत सिंह और जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में शहीद हो गए थे, जबकि जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम कबूल ना करने पर सरहिंद के नवाब ने जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। बताया कि 26 दिसंबर को उनकी याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। वरिष्ठ भाजपा नेता खड़क सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार देशभर में साहबजादों की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों व धर्म का सम्मान करती है।

इस अवसर पर हरजिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, बलिहार सिंह, बलवीर सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, बलजीत सिंह, जगजीत सिंह, शरण पाल सिंह, हर जीवन सिंह, जिंदर सिंह, संदीप सिंह, करतार सिंह, हीरा सिंह, महेंद्र सिंह, निर्मल कौर, बलजीत कौर, बलबीर कौर, सचिंद्र कौर, संदीप कौर, कमलजीत कौर तथा गुरुद्वारा की समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा तमाम लोग मौजूद रहे।

## एनएच-74 पर पलटा 18 टायरा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**बाजपुर।** एनएच-74 हाईवे पर दोराहा के पास शनिवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब काशीपुर से रुद्रपुर की ओर जा रहा एक 18 टायरा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक में गत्ता भरा हुआ था। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं। जबकि वह बाल-बाल बच गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। गनीमत यह रही कि घटना के समय हाईवे पर कोई अन्य वाहन ट्रक की चपेट में नहीं आया। जिससे एक बड़े हादसे से बचाव हो गया।सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी विभव सैनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

## युवक के साथ की गई मारपीट का वीडियो वायरल

**रामनगर।** रामनगर में एक युवक शुभम के साथ की गई कथित मारपीट का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। मोहल्ला भवानीगंज निवासी सुभम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके साथ कुछ युवकों ने न केवल बेरहमी से मारपीट की, बल्कि उस पर रिवॉल्वर भी तानी गई, जिससे वह बुरी तरह डर गया।पीड़ित के अनुसार, घटना के दौरान वह लगातार रोता रहा, गिड़गिड़ाता रहा और अपनी जान की भीख मांगता रहा, लेकिन आरोपित युवकों का दिल नहीं पसीजा। शुभम का कहना है कि उसने कोई गलती न होने के बावजूद भी बार-बार माफी मांगी, इसके बावजूद उसके साथ मारपीट जारी रखी गई। कहा कि वह उसे अब भी जान का खतरा बना हुआ है और उसे डर है कि आरोपी युवक कभी भी उसकी हत्या कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें पुलिस का कोई डर नहीं दिख रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं घटना के विरोध में शनिवार को भाजपा के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश मेहरा के नेतृत्व में भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने कोतवाल सुशील कुमार का घेराव करते हुए घटना पर नाराजगी जताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मोहल्ला बंबाघेर निवासी समीर खान और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

जल ही जीवन है इसे बचाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए

## सूचना

प्रार्थनी की भूमि खाता सं. 2170, फसली वर्ष 1417 से 1422 के खसरा नं0 468 मि० स्थित मौजा माजरा, परगना केन्द्रीय दून, जिला देहरादून से सम्बन्धित दो मूल विक्रय पत्र जिनका पंजीकरण उप निबन्धक कार्यालय देहरादून में कमश: बही नं०1. जिल्द 2643 पृष्ठ 175 से 198 पर क्रमांक 1759 पर दिनांक 11.02.2019 को दर्ज है व बही नं० 1. जिल्द 4044 पृष्ठ 197 से 218 में नं0 3976 पर दिनांक 10. 04.2018 को दर्ज है, आजाद कॉलोनी से टर्नर रोड के बीच कहीं खो गया है। जिसका कहीं भी प्रयोग अवैध होगा।

**श्रीमती फौजिया नाज पत्नी मौ0 सलमान निवासी 49/3. संजय कालोनी लास्ट इंदर रोड, देहरादून।**

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त महोदय, गढ़वाल मंडल पौड़ी**

राजस्व निगरानी सं0 32 सन् 2024-25
निगरानीकर्ता- हरि सिंह मियां
**बनाम**
रिस्पोन्डेन्ट-उदित घिल्डियाल व अन्य
**नोटिस बनाम-** श्री मानस घिल्डियाल पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम- डांग ऐठाणा, पट्टी कटूलस्यूं तहसील-श्रीनगर, बी 1281 बसन्तकुंज समीप फोटीज हौस्पिटल, दिल्ली-110070

चूंकि उपरोक्त निगरानीकर्ता ने सहायक कलक्टर श्रीनगर के द्वारा पारित आदेश दिनांक 26.04.2025 के विरुद्ध एक निगरानी इस न्यायालय में पेश की है, जिसमें सुनवाई की तिथि दिनांक 27.01.2026 स्थान पौड़ी में नियत है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि यदि आपको निगरानीकर्ता की निगरानी पर कोई उज्र एतराज हो तो उक्त तिथि को 10:00 बजे सुबह इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर आकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बगैर हाजिरी आपके मामले में एक पक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी।

आदेशानुसार
**अपर आयुक्त गढ़वाल मंडल पौड़ी।**

# राशन डीलरों को डीएसओ का नोटिस

## 65 दुकानों का संचालन नियम के विरुद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद में संचालित हो रही राशन की दुकानों के संबंध में जिलाधिकारी को आमजन मानस द्वारा अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को आदेश निर्गत किए गए थे कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में क्षेत्रिय जनता के समस्याओं के निस्तारण हेतु लगाए गए शिविरो के दौरान क्षेत्र में संचालित हो रही जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ गांव में संचालित हो रही राशन की दुकानों का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुपालन में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा उनको आवंटित ग्राम पंचायतों में सौ सरकारी सस्ते गल्ले राशन की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसकी निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की गई थी। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्य ने अवगत कराया कि जनपद में संचालित हो रही सस्ते सरकारी गल्ले की दुकानों में क्षेत्रीय जनता के द्वारा अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों का निरीक्षण कराया गया जिसमें सौ दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें से 35 दुकानों का संचालन सही पाया गया तथा 65 दुकानों में अनियमितता पाई गई जिसको जिलाधिकार के निर्देशन में 65 दुकानों को कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है जिसमें से अभी तक कुल तीस डीलरो का ही नोटिस का जवाब प्राप्त हुआ है पैतिश डीलरो का जवाब अभी प्राप्त नहीं हुआ है जिसमें प्राप्त हुए जवाबों में कई डीलरो के जवाब संतोष जनक नहीं है। सभी डीलरो के जवाब उपलब्ध होने पर पत्रावली को आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशन है कि किसी भी दुकान में किसी भी तरह की कोई अनियमितता न पाई जाए तथा समय पर दुकान का संचालन किया जाए एवं उपभोक्ताओं को समय पर मानक के अनुसार उन्हें राशन उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी दुकान के संचालन में कमी पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# कस्साबान में पूछताछ करने गई पुलिस से अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र के कस्साबान मोहल्ले में मारपीट के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस के साथ अभद्रता और धक्का-मुक्की का गंभीर मामला सामने आया है। जांच के लिए पहुंचे उप निरीक्षक के साथ लोगों ने धक्का मुक्की करके हिरासत में लिए गए युवकों को छुड़ाकर फरार हो गए। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व कस्साबान मोहल्ले में शाकिर और उसके साथियों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में गुंडा एक्ट के नामजद आरोपी शहरियाज कुरैशी समेत कई युवकों पर हमला करने के आरोप लगाए गए थे। पीड़ित पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही थी। पूछताछ के लिए आरोपियों को थाने बुलाया गया लेकिन कोई भी युवक उपस्थित नहीं हुआ। शनिवार शाम उप निरीक्षक मनीष भंडारी पुलिसकर्मियों के साथ कस्साबान मोहल्ले पहुंचे और आरोपित युवकों से पूछताछ शुरू की। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस के साथ अभद्रता करते हुए धक्का-मुक्की कर दी। आरोप है कि हंगामे के बीच हिरासत में लिए गए युवकों को भीड़ ने छुड़ा लिया। सूचना मिलते ही एस.एस.आई खेमेंद्र गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। मामले को लेकर मारपीट और धमकी की अलग-अलग तहरीरें भी दी गई हैं। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पुलिस के साथ अभद्रता और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विक्षिप्त ने शिवलिंग खंडित किया

## राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों ने मामला शांत कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मानसिक विक्षिप्त ने किया शिवलिंग खंडित जिसके बाद हिंदू संगठन ने खूब हंगामा किया। भीम आर्मी और प्रशासन भी मौके पर पहुँचा आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय कांग्रेस विधायक ममता राकेश और भाजपा नेता देशराज कर्णवाल भी मौके पर पहुंचे। दरअसल भगवानपुर क्षेत्र के मोहितपुर गांव में मंदिर में रखे शिवलिंग को गांव के ही दूसरे समुदाय के शख्स द्वारा खंडित करने का मामला सामने आया जिसके बाद आसपास और गांव के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। हिन्दू संगठन के लोगो ने जमकर हंगामा किया। राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारीयों ने गांव वालो को समझा बुझाकर मामला शांत करवाया साथ ही गांव में शांति बनाए रखने की अपील भी की। ग्राम प्रधान मुस्तफा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गांव में हमेशा से भाईचारा रहा है तथा आगे भी रहेगा जिसने ये कृत्य किया है उसके खिलाफ पूरा गांव एकजुट होकर सख्त कार्यवाही की मांग करता है। बंजरंग दल ने प्रशासन से सख्त कार्यवाही की मांग हुए धामी सरकार से आरोपी के घर बुलडोजर चलाए जाने की भी मांग की। इस प्रकरण पर एस डी एम भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी शख्स को गिरफ्तार किया जा चुका है और मामले की जांच बारीकी के साथ की जा रही है।

# आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ियों पर पाबंदी लगे : श्री अखंड परशुराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री अखड़ परशुराम अखाड़ा और संत समाज ने आईपीएल में बांग्लादेश के खिलाड़ियों को बैन करने की मांग की है। मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों को बैन करने की मांग करते हुए श्री अखंड परशुराम के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि एक और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। दूसरी और भारत में बांग्लादेश के खिलाड़ियों को आईपीएल में खिलाया जा रहा है और अच्छी खासी मोटी रकम भी उन्हें दी जा रही है। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान को आईपीएल से बाहर रखा गया है। उसी तरह से बांग्लादेश के खिलाड़ियों पर भी आइपीएल में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बांग्लादेश के खिलाड़ियों को आईपीएल में प्रतिबंधित नहीं किया गया तो श्री अखंड परशुराम अखाड़ा सड़कों पर उतरकर विरोध करेगा। भास्कर पुरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंदुओं पर अत्याचार और हत्याओं के विरोध में बांग्लोदशी खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान आचार्य पवन कृष्ण शास्त्री, आचार्य संजय शास्त्री, विष्णु गौड़, जलज कौशिक, अतीश शर्मा, सार्थक, चमन गिरी, धीरज अनेजा, लोकेश गिरी, बृजमोहन शर्मा, सुमित कौशिक, संदीप कुमार, कपिल शर्मा आदि भी मौजूद रहे।



# मीट कारोबार का लाइसेंस, गोमांस की बिक्री

## 150 किलो मांस व गोकशी उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बीते दिन संपन्न हुई अपराध गोष्ठी में तल्ख लहजे के साथ कप्तान प्रमेंद्र द्वारा दिए गए निर्देश का असर धरातल पर दिख। निर्देश पर सक्रिय हुई गौवंश संरक्षण स्कवाड हरिद्वार व थाना पथरी की संयुक्त टीम ने दिनांक 26 दिसम्बर की रात चौकिंग/दबिश के दौरान ग्राम बोड़ाहेड़ी में स्थित अतीक की लाइसेंसी मीट की दुकान से करीब डेढ़ सौ किलो गौमांस व गौकशी उपकरणों के साथ गोकशी में संलिप्त छह आरोपित अतीक पुत्र जमील, अब्दुल्ला पुत्र महबूब, मुजम्मिल पुत्र अब्दुल हमीद, शाकिब पुत्र शकील, रहमान पुत्र ताहिर और तमरेज पुत्र जमील समस्त आरोपी निवास स्थान ग्राम जौरासी, रूडकी हरिद्वार को मौके से गिरफ्तार किया। मीट की दुकान की आड़ में चल रहे गोरखधंधे में पकड़े गए सभी आरोपित के खिलाफ थाना पथरी पर उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही अमल में लाते हुए आरोपियों को न्यायालय पेश कर आदेशनुसार आगे की कार्रवाई की गई। गौवंश संरक्षण स्कवाड से शरद सिंह व पुलिस टीम से अजय कुमार के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई हुई।



# लिटरेचर फेस्टिवल में भारत की सीमाओं पर गंभीर विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लिटरेचर फेस्टिवल के दूसरे दिन इंडिया बाउंड्रीज : मेकिंग और रिमार्किंग विषय पर एक महत्वपूर्ण संवाद सत्र आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता प्रख्यात इतिहास लेखक एवं पूर्व निदेशक, लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, डॉ. संजीव चोपड़ा रहे। सत्र के माडरेटर डॉ. सुशील उपाध्याय एवं सचिन चौहान रहे। डॉ. संजीव चोपड़ा ने अपने वक्तव्य में भारत के मानचित्र के निर्माण और पुनर्निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार समय-समय पर राज्यों की भौगोलिक सीमाओं में बदलाव हुआ और राज्य पुनर्गठन में भाषा की भूमिका एक महत्वपूर्ण कारक रही है। उन्होंने आगामी जनगणना को अत्यंत रोचक बताते हुए कहा कि इसके बाद कुछ नए राज्य पुनर्गठन की मांगें सामने आ सकती हैं। साथ ही जनगणना के आंकड़ों से जुड़े कुछ अहम विमर्श बिंदुओं की ओर भी ध्यान दिलाया, जिनमें शहरी बनाम ग्रामीण विभाजन, दक्षिण भारत बनाम उत्तर भारत की तुलना, तथा क्रीमी लेयर बनाम नॉन-क्रीमी लेयर जैसे सामाजिक-आर्थिक प्रश्न प्रमुख होंगे। इस सत्र के सूत्रधार डॉ. दीपा एवं डॉ. मुकेश गुप्ता संयुक्त रूप से रहे। लिटरेचर फेस्टिवल की शुरुआत एक गंभीर और विचारोत्तेजक सत्र "प्रेमभंवर से स्थितप्रज्ञ तक" से भी हुई। इस सत्र में मुख्य वक्ता उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अनिल रतुडी ने अपने विचार रखे। सत्र के दौरान अनिल रतुडी ने कहा कि रचनात्मकता को पूरी तरह समझ पाना आसान नहीं होता,लेकिन साहित्य को लेकर प्रशिक्षित और संवेदनशील दृष्टि रखने वाला व्यक्ति उसकी परतों को अधिक गहराई से समझ सकता है। उन्होंने प्रेम को मनुष्य की सबसे बड़ी आदर्श क्षमता बताते हुए कहा कि प्रेम व्यक्ति को भीतर से रूपांतरित कर देता है। इस संवाद सत्र में उन्होंने पुलिस सेवा के दौरान के संस्मरण भी साझा किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी कृति का अंतिम मूल्यांकन लेखक नहीं, बल्कि पाठक करता है, क्योंकि रचना पाठक के अनुभव और संवेदना से ही पूर्ण होती है। संवाद सत्र को संजय हांडा ने मॉडरेट किया। इस संवाद सत्र में राज्य सूचना आयुक्त राधा रतूड़ी भी उपस्थित रही। इस सत्र की सूत्रधार डॉ. मंजूषा कौशिक एवं डॉ. रीना वर्मा संयुक्त रूप से रही।



### हिंदी गीतों की परंपरा पर संवाद

लिटरेचर फेस्टिवल में हिंदी गीतों पर केंद्रित एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में सीडीओ डॉ. ललित ने हिंदी गीत की परंपरा और उसकी विकास यात्रा पर विचार साझा किए। डॉ. ललित ने कहा कि गीत भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है और वाचिक परंपरा में गीत सदियों से संस्कृति के संवाहक रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गीत भावनाओं की अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है तथा इसके विषय लोकजीवन से ही प्राप्त होते हैं। इस संवाद सत्र के माडरेटर युवा लेखक डॉ. शिवा अग्रवाल रहे। सत्र के दौरान डॉ. मिश्र ने अपने स्वरचित गीतों का वाचन भी किया, जिसे श्रोताओं ने सराहा। इस संवाद सत्र के सूत्रधार डॉ. पल्लवी राणा एवं डॉ. सलोनी रहे।

# सेस्टोबॉल एसोसिएशन द्वारा स्टेट चौंपियनशिप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 27 दिसम्बर को आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट हरिद्वार में सेस्टोबॉल एसोसिएशन उत्तराखंड के तत्वाधान में स्टेट चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह चौहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेस्टोबॉल उत्तराखंड में कई जिलों में अपनी पकड़ बना चुका है। स्टेट चौंपियनशिप से बच्चों में इस खेल के बारे में जानकारी और जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेस्टोबाल के प्रदेश सचिव शशिकांत शर्मा ने बताया कि सेस्टोबॉल बहुत ही रोचक खेल है। बच्चे इस खेल में रुचि ले रहे हैं। और यह खेल उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारत में प्रसिद्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह उत्तराखंड की सेकंड स्टेट चौंपियनशिप हो रही है। जिसमें उत्तराखंड के पांच जिलों ने प्रतिभा किया है। यहां से चयनित खिलाड़ी बरेली में होने वाली सातवीं सीनियर राष्ट्रीय चौंपियनशिप में भाग लेंगे। यहां पर आयोजित स्टेट चौंपियनशिप से चंपावत जिले से आठ, हरिद्वार से चार और देहरादून से दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। वहीं बालिका वर्ग में हरिद्वार से आठ चंपावत से चार और देहरादून से दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बालक वर्ग में चंपावत की टीम प्रथम, हरिद्वार की टीम दूसरे और देहरादून की टीम तीसरे स्थान पर रही बालिका वर्ग में हरिद्वार टीम प्रथम, देहरादून की टीम दूसरे स्थान पर रही। चंपावत से कैप्टन ऋषभ को श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस अवसर पर ऑफिशियल में जयवीर, अवंतिका, वंशिका, रितु पुंडीर ने अपना सहयोग प्रदान किया। सिस्टोबॉल संगठन अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी और उत्तराखंड फेस्टिवल संगठन की अध्यक्ष पूनम पालीवाल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। अरविंद को हरिद्वार जिला फेस्टिवल संगठन का जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया एवं धर्मेंद्र सिंह चौहान को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा अजय यादव को सिस्टोबॉल कोच नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में गौरव कुमार, कमलदीप डोगरा ,सोनिया डोगरा लक्ष्मी रानी, अरुण कुमार रेड्डी, अजय कुमार यादव, जयवीर कुमार, यश यादव आदि उपस्थित रहे।



# मोर्चो के प्रभारी की घोषणा : भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति एवं जिला प्रभारी अनिल गोयल तथा सह प्रभारी दीपक धमीजा से परामर्श के पश्चात पार्टी जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने जिला हरिद्वार के मोर्चो के प्रभारी की घोषणा की जिसमें युवा मोर्चा का प्रभारी लव शर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रभारी निपेंद्र चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चे का प्रभारी संदीप अग्रवाल, महिला मोर्चा का प्रभारी संजीव चौधरी, अनुसूचित मोर्चा का प्रभारी हीरा सिंह बिष्ट और किसान मोर्चा का प्रभारी अरविंद कुशवाहा को बनाया गया है।

# हिट एंड रन केस में आरोपी को पकड़ने में पुलिस सफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 6 दिसम्बर को रात्रि लगभग 10:30 बजे, ज्वालापुर- बहादराबाद राजमार्ग पर शनिदेव मंदिर के समीप बहादराबाद से ज्वालापुर की ओर जा रहे एक थ्री-व्हीलर को पीछे से एक अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई थी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। उपचार के दौरान चालक केशव निवासी नगीना, बिजनौर हाल निवासी ज्वालापुर की मृत्यु हो गई जबकि अन्य चार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक के परिजन जयपाल पुत्र किशन ने दिनांक 9 दिसम्बर को अभियोग पंजीकृत कराया। बहादराबाद पुलिस ने विशेष पुलिस टीम का गठन कर घटनास्थल से साक्ष्य संकलन करते हुए आसपास लगे सैकड़ों सी.सी.टी.वी फुटेज का गहनता से अवलोकन किया कर पुलिस द्वारा टोल प्लाजा से हरिद्वार की ओर आने वाले वाहनों का डाटा एकत्र किया गया तथा सैकड़ों वाहन स्वामियों से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की गई। जिससे तथ्य प्रकाश में आया कि नीले रंग की ब्रेजा कार द्वारा उक्त दुर्घटना कारित की गई थी। पुनः विश्लेषण करने पर वाहन संख्या क्स3ब्ब्2172 की पुष्टि हुई। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा चालक संजीव पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी संगम विहार, महरौली, दिल्ली को हिरासत में लिया गया है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# पुलिस लाइन परिसर में पुस्तकालय का उद्घाटन

## विद्यार्थियों को मिला अध्ययन व प्रतियोगिता तैयारी का सशक्त मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 27 दिसम्बर को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं एसएसपी प्रमेन्द्र द्वारा पुलिस लाइन रोशनाबाद, हरिद्वार परिसर में नव निर्मित लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सभी के द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताया गया। यह लाइब्रेरी CSR योजना के अंतर्गत V-Guard कंपनी के सहयोग से निर्मित की गई है। लाइब्रेरी में अध्ययन हेतु अनुकूल वातावरण, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। जिससे विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ने का अवसर मिल सकेगा। इस लाइब्रेरी की स्थापना से पुलिस मॉडल स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को एक बड़ी शैक्षणिक सुविधा प्राप्त हुई है। यह पहल बच्चों की अध्ययनशीलता बढ़ाने वालों तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक नगर, सिटी एवं देहात सर्किल के क्षेत्राधिकारी और V Guard कंपनी के अधिकारी व लाइन परिसर में मौजूद कर्मचारी उपस्थित रहे।



# धर्म रक्षा की प्रेरणा साहिबज़ादों का बलिदान : श्रीमहंत ज्ञानदेव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में गुरू गोविंद सिंह का अवतरण दिवस एवं चारों साहिबजादों का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अखाड़े में स्थित गुरूद्वारे में अखंड पाठ व कीर्तन का आयोजन किया गया। अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि सिख परंपरा बलिदान की परंपरा है। गुरू गोविंद सिंह का संघर्ष पूर्ण जीवन और चारों साहिबजादों का बलिदान सबको देश व धर्म रक्षा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश आज भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान करता है। कोठारी महंत जसविंदर सिंह महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं का बलिदान अमूल्य है। अध्यात्म, सेवा, सच्चाई से परिपूर्ण गुरू गोविंद सिंह का जीवन राष्ट्र और धर्म रक्षा की अद्भूत गाथा है। उन्होंने कहा कि धर्म रक्षा के लिए चारों साहिबजादों का बलिदान सभी को अधर्म के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है। महंत खेम सिंह एवं स्वामी केशवानंद ने कहा कि गुरु गोविंद सिह ने अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करते हुए धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। सभी को महान गुरूओं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए धर्म रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर महंत निर्भय सिंह, महंत वीर सिंह, डा.स्वामी केशवानंद, महंत जसकरण सिंह, महंत खेम सिंह, संत गज्जन सिंह, संत सुखमण सिंह, संत गोपाल हरि, संत जरनैल सिंह, महंत अमनदीप सिंह, महंत गुरविंदर सिंह, महंत रंजय सिंह, संत वसण सिंह, संत गगनदीप सिंह, संत हरि सिंह, संत विष्णु देव सिंह मौजूद रहे।



# ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल व साड़ियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्यामपुर कांगड़ी स्थित शिवालय निकेतन ट्रस्ट के स्वामी नागेन्द्र महाराज एवं स्वामी विपनानन्द महाराज ने बैरागी कैम्प स्थित श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े में जरूरतमंद परिवारों को कंबल व साड़ीयां वितरित किए। इस दौरान स्वामी नागेंद्र महाराज ने कहा कि संतों का जीवन सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित होता है। गरीब असहाय परिवारों की सेवा करने उद्देश्य से सैकड़ों परिवारों को कंबल व साड़ीयां वितरित की गयी हैं। उन्होंने कहा कि दीन दुखियों की सेवा करना ईश्वर पूजा के समान है। सभी को सदैव मानव कल्याण के लिए तत्पर रहनाा चाहिए। स्वामी विपनानन्द महाराज ने कहा कि मानव कल्याण ही शिवालय निकेतन ट्रस्ट का उद्देश्य है। मानव सेवा के लिए ट्रस्ट द्वारा कई सेवा प्रकल्पों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के सेवा प्रकल्पों के माध्यम से गरीबजन की सेवा के साथ उन्हें धर्म और अध्यात्म का ज्ञान भी प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वामी ऋषिदास, संत अमित दास, विश्वास आनन्द, सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अमित वालिया भी मौजूद रहे।



# नागरिक की सूचना से वन्य जीव का सुरक्षित बचाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बीते कल सुबह रानीपुर मोड़ के पास स्थित एक रिहायशी कॉलोनी में एक सांभर हिरन का बच्चा आ जाने से क्षेत्र में हलचल मच गई। स्थानीय निवासियों द्वारा तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई। मामला वन विभाग से संबंधित होने के बावजूद सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित किया तथा हिरन के बच्चे को सुरक्षित रूप से संभाला। इसके उपरांत वन विभाग को सूचित किया गया। जिनकी टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर बच्चे का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया और उसे अपने साथ ले जाया गया। पुलिस की तत्परता एवं नागरिकों की जागरूकता से एक वन्य जीव की जान सुरक्षित रह सकी।



# निर्धनों की सेवा पुण्य का काम : स्वामी यतीश्वरानंद

## ठंड से बचने की सामग्री जरूरतमंदों को बांटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पथरी। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर सर्दी में राहत देने का काम किया। उन्होंने जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए अन्य संस्थाओं के साथ सामर्थवान लोगों को मद्द करने को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शनिवार को फेरूपुर डिग्री कॉलेज में ग्रामीण कल्याणकारी समिति हरिद्वार द्वारा आयोजित 24 वां कंबल वितरण कार्यक्रम पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के निर्देशन में किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे जरूरतमंदों को कंबल वितरण करते हुए अन्य सहायता भी प्रदान कराई। स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि अब कड़कड़ाती ठंड शुरू हो चुकी है। इस ठंड से बचाने के लिए जरूरतमंदों की मदद को ग्रामीण कल्याणकारी समिति आगे आई है। समिति पिछले 24 सालों से निरंतर जरूरतमंदों की सेवा कर रही है, जोकि बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जो लोग काम नहीं कर सकते उनकी मदद के लिए सामर्थवान लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने ऐसे व्यक्ति की सराहना की जोकि बिना किसी लालच के निर्धनों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों से अन्य लोगों को प्रेरित होकर समाजसेवा के कार्यों में सहभागिता निभाने को आह्वान किया। समिति के अध्यक्ष मास्टर जगपाल सैनी ने बताया कि हर बार की भांति गांव-गांव प्रचार कर जरूरतमंदों को कॉलेज में बुलाया जाता है तथा सभी को कंबल वितरण किए हैं। उन्होंने कहा कि समिति लगातार सेवा के कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, मास्टर जगपाल सैनी, गन्ना समिति ज्वालापुर चेयरमैन बुद्धिप्रताप चौहान, विशेष चौहान, मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, राकेश सैनी, सुशील पंवार, जिला पंचायत सदस्य सोहनवीर पाल, दीपक प्रधान, नकलीराम सैनी, नाथीराम चौधरी, श्यामसुंदर चौहान, श्रवण चौहान, सचिन चौहान, अजीत के साथ समस्त पदाधिकारीगण, सदस्य ग्रामीण कल्याणकारीगण, क्षेत्रवासीगण उपस्थित रहे।



### अंकिता हत्या प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग : हेमा भंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जे.ए.पी जनशक्ति की महासचिव हेमा ने कहा कि पुलिस प्रशासन को अंकिता हत्या मामले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच करनी चाहिए। सत्यता जानने का अधिकार प्रदेश वासियों को है। साथ ही जिन लोगों के नाम सामने आ रहे है उनकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। हेमा भंडारी ने कहा कि अंकिता मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे जनप्रतिनिधियों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिन लोगों के नाम लिए जा रहे हैं यदि वे सच्चे हैं तो स्वयं सीबीआई जांच की मांग करें। जांच में पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। मुद्दे को भटक्काने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर दी जा रही प्रतिक्रियाओं को रोकने की बजाय सरकार को ठोस कदम उठाकर जांच करानी चाहिए। जांच के नाम से पीछे क्यों हटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी न्याय की मांग से पीछे नहीं हटेगी। प्रैसवार्ता में अलीम अंसारी, अभिषेक बहुगुणा, फैजान अंसारी, जावेद आदि भ मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# वीकेंड पर नैनीताल में पर्यटकों की भीड़

## चरमराई यातायात व्यवस्था, वाहनों को रूसी बाईपास पर रोका गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड में देश के विभिन्न शहरों से मौज मस्ती को पहुंचे पर्यटकों की



वजह से नगर में सुबह से लेकर देर रात तक मेले जैसा माहौल नजर आया। पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। पुलिस को यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए खूब पसीना बहाना पड़ा। दूसरी ओर पर्यटक वाहनों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए वाहनों को रूसी बाईपास पर रो. ककर पर्यटकों को शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल लाया गया। बता दें वीकेंड के साथ ही तीन दिन के बाद थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर भी आने वाला है जिसके चलते नगर में अभी से पर्यटकों के आने का सिल. सिला शुरु हो चला है। भले ही पर्यटकों की भीड़ से पर्यटन कारोबार से जुड़े सभी कारोबारी खुश हैं इतना ही नगर के अधिकांश होटल भी पैक हो चले हैं लेकिन बढ़ती भीड़ समस्या की वजह भी बन रही है। शनिवार को पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की तादात बढ़ने से पुलिस ने वाहनों को रूसी बाईपास पर रोका गया। यहां से सिर्फ उन्हीं सैलानियों के वाहनों को प्रवेश दिया जिनकी शहर के होटलों में बुकिंग थी और वहां पार्किंग की सुविधा थी। अन्य वाहनों को रोक सैलानियों को शटल से भेजा गया। मामले में एसपी सिटी डा. जगदीश चंद्रा ने बताया कि विशेष यातायात प्लान लागू किया गया है पहला प्रयास है कि पर्यटकों को होटल तक पहुंचाया जाए लेकिन जब शहर के पार्किंग स्थल फुल हो गए हैं तो पार्किंग वाले होटल में बुकिंग करा चुके पर्यटकों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। रूसी बाईपास और नारायण नगर में वाहनों को पार्क करवाकर शटल सेवा से अब पर्यटकों को नैनीताल भेजा रहा है। दूसरी ओर नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लेने के साथ ही दर्शनीय स्थल देखे।

### दोपहर बाद बदला मौसम का मिजाज

**नैनीताल।** तराई भावर में लोग वर्तमान में कोहरे तथा पाले की मार झेलने को मजबूर हो रहे हैं उसका असर अब नैनीताल में भी देखने को मिल रहा है जिसके चलते नगर में शनिवार को धुंध छायी रही। सुबह के समय आसमान में बादल छाए हुए थे लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया तो बादल भी छटते गए लेकिन दोपहर के बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा देखते ही देखते नगर की पहाड़ियों में धुंध छाने लगी जो धीरे-धीरे नगर में भी प्रवेश करने लगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर का अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### वाहन दुर्घटना में कार चालक पर मुकदमा

**अल्मोड़ा।** लोअर माल रोड पर एक कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर सौंप मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित के पिता पनी राम निवासी बिंदुखत्ता लालकुआं ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर सौंपी है। तहरीर में कहना है कि उनका पुत्र रोहित आर्या हल्द्वानी से गरुड़ की ओर बाइक से जा रहा था। लोअर माल रोड पर सामने से आ रही कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके पुत्र को गंभीर चोटें आई। बताया कि बेस अस्पताल अल्मोड़ा में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। उन्होंने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## एक नजर

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन रहा जारी

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुसरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शनिवार को 530वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 530वें दिन मेरा पौधा-मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत पलेटा स्थित रविंद्र सिंह भाट भोजनालय परिसर में रविंद्र सिंह ने पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए भोजनालय परिसर में पौधारोपण किया। रविंद्र सिंह ने कहा कि अब वह इस पौधे की देखरेख परिवार के एक सदस्य के रूप में करेंगे। दिनेश गुसरानी ने कहा कि अब वह पौधा रोपण अभियान से राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क के किनारे स्थित भोजनालय चलाने वाले दुकानदारों को अभियान से जोड़ेंगे ताकि वे पौधों को सुरक्षित रखते हुए वृक्ष बनने तक संरक्षण करेंगे।

### शिविरार्थियों को दिए गए जरूरी टिप्स

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज के एनएसएस शिविर में शिविरार्थियों की ओर से शनिवार को कई कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायी गयी। शिविर में शनिवार की शुरुआत प्रातः वंदना से हुई। इसके बाद शिविरार्थियों की ओर से समीपवर्ती मनोरा गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर आईटी शिक्षिका गीतांजलि जोशी की ओर से महत्वपूर्ण योगदान दिया गया जबकि संस्कृत शिक्षिका ऋतु सैनी के निर्देशन में महेंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट ने स्वयंसेवियों को कई जरुरी टिप्स दिए।

### दिल्ली की पर्यटक महिला का आईफोन चोरी

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित चाट पार्क से एक महिला पर्यटक का आईफोन चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में महिला पर्यटक की ओर से कोतवाली में शिकायत की गयी है लेकिन पुलिस अभी तक चोर को नहीं पकड़ सकी है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली से सपरिवार नैनीताल घुमने पहुंची महिला पर्यटक कृतिका ने मल्लीताल स्थित चाट पार्क में लगे फड़ पर चूरन खरीदने लगी तो इस दौरान चोर ने उसका आईफोन उड़ा लिया। फड़ से निकलने के बाद उसने मोबाइल गायब मिला तो तत्काल वह परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची। पुलिस ने महिला पर्यटक की शिकायत पर तुरंत नैना देवी मंदिर गेट पर लगे सीसीटीवी खंगाले तो एक युवक महिला के बगल में आकर फोन निकालते हुए रिकार्ड भी हुआ है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया सीसीटीवी में कैद हुए युवक की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।

### कोहरा: पुलिस ने पर्यटकों को किया सचेत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शीतलहर और कोहरे के चलते नैनीताल पुलिस ने पर्यटकों और आम जनमानस को अलर्ट किया है। पुलिस ने विशेष रूप से बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों से गाड़ी की गति पर नियंत्रण रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शीतकालीन सीजन के दौरान जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय कोहरे और धुंध के कारण वाहनों का आवागमन बाधित हो सकता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एसएसपी ने कहा कि बाहरी राज्यों से नए साल और थर्टी फर्स्ट के मौके पर नैनीताल और पहाड़ों पर आने वाले पर्यटकों को कोहरे के कारण दृश्यता में कमी को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाने की सलाह दी जाती है। एसएसपी ने यह भी अपील की हैं कि सभी वाहन चालक गाड़ी की गति सीमित रखें, ओवरटेक न करें, लो बीम और फॉग लाइट का उपयोग करें, और आगे वाली गाड़ी से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। इसके अलावा, पार्किंग के लिए इंडिकेटर और डिपर का इस्तेमाल करने को कहा है। की सलाह दी गई है।

### श्री अग्रवाल सभा का सम्मान समारोह आज

**काशीपुर।** उत्तराखंड प्रदेश भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता के रामनगर रोड स्थित आवास पर श्री अग्रवाल सभा के तत्वावधान में आयोजित बैठक में प्रदेश भाजपा संगठन के दायित्वधारी वैश्य समाज की विभूतियों समेत प्रतिष्ठित व्यवसाईयों को सम्मानित करने का निर्णय श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों द्वारा लिया गया। बैठक की अध्यक्षता आशीष गुप्ता ने की। वहीं, श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि सम्मान समारोह कार्यक्रम रविवार, 28 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से बाजपुर रोड स्थित होटल गौतमी हाइट्स में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश भाजपा दायित्वधारी उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल तथा उत्तराखंड राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गोयल समेत गणमान्यों को श्री अग्रवाल सभा सम्मानित करेगी। अग्रवाल सभा मंत्री अभिषेक गोयल ने बताया कि प्रदेश भाजपा द्वारा वैश्य समाज की विभूतियों को संगठन में दायित्व दिया जाना वैश्य समाज के लिए गौरव की बात है। इस दौरान श्री अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष कपिल अग्रवाल, मंत्री अभिषेक गोयल, उपमंत्री अविरल सिंघल, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल व एडवोकेट सनत पैगिया आदि मौजूद रहे।

# विंटर कार्निवाल में अव्यवस्थाओं के लिए विधायक ने मांगी माफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल में हुई अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक सरिता आर्या ने शहर की जनता से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वह आने वाले समय में जिला प्रशासन के साथ मिलकर इन गलतियों को सुधारेंगी। बता दें कि शहर में सोशल मीडिया में लोग विंटर कार्निवाल में हुई अव्यवस्थाओं को लेकर आयोजकों पर सवाल उठा रहे हैं वहीं विंटर कार्निवाल में भाजपाइयों के हस्तक्षेप की बात उठ रही है, साथ ही वीआईपी क्षेत्र में भी भाजपइयों का कब्जा होने की बात कही जा रही है जबकि आयोजन सीएम के निर्देश पर जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग की ओर से किया गया था। आयोजन के दौरान भगदड़, मारपीट तथा मीडिया कर्मियों से अभद्रता भी हुई। दूसरी



ओर विधायक सरिता आर्या ने आयोजन के दौरान हुई अव्यवस्थाओं को मानते हुए उन्होंने कहा कि वह अव्यवस्थाओं के लिए माफी मांगती हैं। कहा कि जो अव्यवस्थाएं इस बार हुई हैं वह भविष्य में नहीं होंगी। कहा कि जिला प्रशासन के साथ मिलकर वह व्यवस्थाओं में सुधार लाएंगी। कहा कि घर की शादी में भी कई कमियां रह जाती हैं। आने वाले सालों में इस साल हुई गलतियों को नहीं दोहराया जाएगा।

# शिक्षा के साथ संस्कृति भी ज़रूरीः डा. बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड स्थित राजकीय इंटर कालेज भौर्सा का शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कुमाऊंनी लोक नृत्य, देशभक्ति पर आधारित गीतों, मानव जीवन में सामाजिक एकता के प्रतीक कई नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि डा. हरीश सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को



धूमधाम से मना जीआईसी भौर्सा का वार्षिकोत्सव

संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया और विद्यालय की सुविधाओं के विस्तार में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने की अपील की। छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार ढालने पर जोर दिया। प्रमुख ने भोरसा के शिक्षकों अभिभावकों छात्रों को नियमित सीमित संसाधनों के बाद वार्षिकोत्सव करने के लिए शुभकामना दी। इस मौके पर दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने विद्यालय के साथ साथ दुग्ध उत्पादकों के लिए हर संभव आश्वासन दिया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य चंद्रशेखर लोबियाल ने मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों, अभिवावकों समेत आमंत्रित जनों का कालेज परिवार की ओर से स्वागत कर विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में डा. हरीश सिंह बिष्ट ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रमुख ने विद्यालय को भूमि दान करने वाले देवी दत्त भगत को भी सम्मानित किया।

## सीएम धामी आज कोटाबाग में

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 28 दिसंबर रविवार को नैनीताल जिले के कोटाबाग भ्रमण पर पंहुच रहे हैं। मुख्यमंत्री रविवार को प्रातः 9.40 बजे हेलीकाप्टर द्वारा देहरादून से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 10.35 बजे राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग हैलीपैड नैनीताल पंहुचेंगे। जहां से कार द्वारा प्रस्थान कर 10.55 बजे पीएम श्री राजकीय आदर्श इंटर कालेज, कोटाबाग पंहुचेंगे। साथ ही कालाढूंगी की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास एवं घोड़ा लाइब्रेरी पहाड़ पछयाण महोत्सव-2025 में प्रतिभाग करेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री अपराह्न 1 बजे पीएम श्री राजकीय आदर्श इंटर कालेज कोटाबाग से कार द्वारा राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग हैलीपैड को प्रस्थान करेंगे।

# रिवर्स पलायन से ग्राम विकास पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड के गांवों में स्वरोजगार की नई दिशा देने और शहर छोड़कर अपने गांव लौटे युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हल्द्वानी में रिवर्स पलायन से ग्राम विकास सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन प्रवासियों को एक मंच पर लाना था, जिन्होंने महानगरों को छोड़कर गांवों में विकास की नई राह पकड़ी है। सम्मेलन में ग्राम्य विकास आयोग के उपाध्यक्ष डा. एसएस नेगी ने कहा कि गांव लौटे युवा हमारी अर्थव्यवस्था के नए इंजन हैं, आयोग उन्हें आधुनिक तकनीक और बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं राम प्रकाश पैन्यूली ने रिवर्स पलायन को उत्तराखण्ड की



आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम बताया।

प्राचार्य पूनम कांडपाल ने हुनर और प्रशिक्षण को प्रगति की कुंजी बताया, जबकि जिला विकास अधिकारी गजपाल चन्दानी ने प्रशासनिक चुनौतियों को हल करने का आश्वासन दिया। सम्मेलन में सफलता की कहानियां जैसे मशरूम उत्पादन, शहद उत्पादन, होमस्टे और जैविक खेती पर चर्चा की गई। इन सफल मॉडल्स को पूरे क्षेत्र में लागू करने और पहाड़ी उत्पादों को डिजिटल बाजार से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस मौके पर आयोग के सदस्य सुरेश सुयाल, अनिल साही सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में कोरियर के बहाने ठगी की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कालेज के अधीन बेस अस्पताल के ईएनटी विभाग में कार्यरत एक महिला प्रोफेसर साइबर ठगों के जाल में फंसने से समय रहते बच गईं। मामले को गंभीर मानते हुए उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। प्रोफेसर के अनुसार 24 दिसंबर को दोपहर के समय उन्हें एक कथित कुरियर कंपनी की ओर से फोन आया। काल करने वाले ने उनके पैतृक घर मुखानी, हल्द्वानी में पार्सल पहुंचाने की बात कही और किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क करने को कहा। प्रोफेसर द्वारा स्वयं काल करने की बात कहने पर उसने बहाना बनाकर टाल दिया। इसके बाद एक संदेश भेजा गया और उसी नंबर पर संपर्क करने पर पैसों की मांग शुरू हो गई। व्हाट्सऐप के जरिए 30 हजार रुपये भेजने का दबाव बनाया गया और किसी आपात स्थिति का हवाला दिया गया। संदेह होने पर प्रोफेसर ने तुरंत बातचीत बंद कर दी। इसके बावजूद ठग ने उनके परिचितों को संदेश भेजकर रुपये मांगने की को. शिश जारी रखी। घटना के बाद ईएनटी विभाग की प्रोफेसर ने पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी है और साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर, एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से साइबर अपराध को लेकर जागरूक रहने तथा ठगी होने पर तत्काल शिकायत करने की अपील की है।

# शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत शनिवार का पांचवां दिन अत्यंत अनुशासित, ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर की शुरुआत




प्रातःकालीन जागरण से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा योग एवं व्यायाम किया गया जिससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। उसके उपरांत स्वयंसेवियों ने पूरे उत्साह के साथ लक्ष्य गीत का सामूहिक गायन किया। इसके बाद स्वयंसेवियों द्वारा श्रमदान किया गया। श्रमदान के माध्यम से स्वयंसेवियों ने स्वच्छता व सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर के बौद्धिक सत्र में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पूरन सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे तथा किरण तिवारी संस्थापक चेली आर्ट्स विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। किरण तिवारी ने स्वयंसेवियों को वेस्ट से उपयोगी वस्तुएं बनाने की कला से अवगत कराया। पूरन सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में एनएसएस की भूमिका व उसके उद्देश्यों तथा विद्यालय में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए स्वयंसेवियों को सेवा व अनुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट, आलोक भट्ट, निशा बनौला व दिव्या की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# अयारपाटा में पानी की किल्लत सभासद जगाती बैठे धरने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कई वर्षों से नगर के घनी आबादी वाले क्षेत्र अयारपाटा की पेयजल समस्या का समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है जिसके चलते वार्डवासियों को वर्षभर पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। शनिवार को भी वार्ड में पानी की समस्या का शाम तक समाधान नहीं होने पर मजबूरन वार्ड के पालिका सभासद मनोज साह जगाती को जल संस्थान के पंप हाउस को कड़ाके की ठंड के बीच शाम को 6 बजे से धरने में बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। सभासद जगाती के मुताबिक उन्होंने वार्ड में पानी नहीं आने की शिकायत संबंधित क्षेत्र के जल संस्थान के जेई से कर दी थी लेकिन शाम तक समस्या का समाधान नहीं की वजह से उन्हें मजबूरन धरने में बैठना पड़ा। जगाती की मानें मेरे पंप हाउस में धरने में बैठने से पूर्व संबंधित विभागीय जेई पंप हाउस में मौजूद थे लेकिन जैसे में धरने में बैठा वह चलते बने। जगाती ने आरोप लगाया कि जल संस्थान के अधिकारी पेयजल जैसी मूलभूत समस्या के समाधान के लिए बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। जगाती ने कहा कि रविवार सुबह तक समस्या का समाधान नहीं होने पर वह फिर से दोपहर में 12 बजे से धरने में फिर बैठेंगे।

# विवि में स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** कृषि विश्वविद्यालय की एलुमनी आल्मा मेटर एडवांसमेंट एसोसिएशन (4ए) द्वारा 26-27 दिसंबर 2025 को श्स्वस्थ मन और उत्पादक जीवन के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंटश विषय पर दो-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम डा. एएस जीना और डा. अनिल कुमार के मार्गदर्शन में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मल्टी पर्पज कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह ने किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया। डा. अनिल कुमार ने कार्यशाला का उद्देश्य मानसिक



स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना और तनाव से निपटने की क्षमताओं को सुदृढ़ करना बताया। मुख्य वक्ता डा. पूनम देवदत्त, एक प्रसिद्ध परामर्श मनोवैज्ञानिक, ने तनाव प्रबंधन की व्यावहारिक रणनीतियों पर सत्र आयोजित किए। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। पहले दिन स्नातक छात्रों और विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए, जबकि दूसरे दिन सभी छात्रों के लिए सत्र खोला गया। कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस पहल ने विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया और छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# 586 लाभार्थियों को शिविर से मिला सीधा लाभ

**अल्मोड़ा।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार की भावना को साकार करते हुए जनपद में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे जनता तक पहुंचाई जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड भिकियासैंण की न्याय पंचायत कोटचौनलिया एवं विकासखंड चौखुटिया की न्याय पंचायत नौगांव अखोड़िया में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया गया। न्याय पंचायत कोटचौनलिया में आयोजित शिविर में एसडीएम याक्षी अरोड़ा एवं खंड विकास अधिकारी गोपाल सिंह की उपस्थिति में 116 ग्रामीणों को विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। वहीं न्याय पंचायत नौगांव अखोड़िया में एसडीएम सुनील कुमार एवं खंड विकास अधिकारी ममता कार्की की मौजूदगी में आयोजित शिविर में 470 लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। ग्रामीणों ने शिविरों के माध्यम से एक ही स्थान पर कई समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन का आभार जताया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# बूथ लेवल एजेंट तैनात करेगी कांग्रेस

## प्रदेश नेतृत्व की ओर से नियुक्त बीएलए प्रशांत जोशी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल की विधानसभा चुनाव-2027 के दृष्टिगत बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति हेतु मल्लीताल स्थित राज्य अतिथि गृह में शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर 58 नैनीताल विधानसभा के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा नियुक्त बीएलए प्रथम व पूर्व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी का नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नैनीताल विधानसभा के नवनियुक्त बीएलए प्रथम प्रशांत जोशी द्वारा बूथ लेवल एजेंटों बीएलए टू की नियुक्ति व एआईआर से समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियों को



कांग्रेसजनों से साझा किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डा. महेंद्र सिंह पाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, संजय कुमार तथा सचिन नेगी समेत जिला सहकारी बैंक के निदेशक गोपाल सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य जिशांत कुमार, महिला कांग्रेस से जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट समेत मुन्नी तिवारी, सुनीता आर्य, लता तरुण, आशा भट्ट, देवकी देवी, सभासद जीनू पांडे, अंकित चंद्रा तथा पूर्व सभासद कैलाश अधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष खुर्पाताल मनमोहन सिंह कनवाल, ब्लाक अध्यक्ष पहाडकोटा वीरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस पवन जाटव, नगर अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ प्रमोद कुमार, नगर अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ सचिन कुमार, पूर्व ज्येष्ठ उपप्रमुख हिमांशु पांडेय, जिलाध्यक्ष यूथ सेवादल कमल जोशी, नगर सचिव बंटू आर्य व ललित चनियाल, पूर्व नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस संजय कुमार, भावेश नेगी, विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस अमन चंद्रा, कैलाश कुमार तथा छात्र संघ महासचिव आयुष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शिकायतः वाल्मीकी समाज की अनदेखी की जाती है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ नैनीताल ने जिला. धिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर विंटर कार्निवाल के दौरान वाल्मीकि समाज और पालिकाध्यक्ष तथा सभासदों को दरकिनार करने का आरोप लगाया। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पिछले दिनों नैनीताल के फ्लैट्स में विंटर कार्निवाल का आयोजन किया गया था जिसमें जिला प्रशासन की ओर से वाल्मीकि समाज, नगर पालिका परिषद की पालि. काध्यक्ष और सभासदों को दर्रा. कनार किया गया जो कि अत्यन्त गंभीर विषय है जबकि ब्रिटिश काल से ही वाल्मीकी समाज नगरहित में प्रत्येक परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नैनीताल में कराए जाने वाले किसी भी सार्वजनिक कार्य में वाल्मीकि समाज को आमंत्रित नहीं करती है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि जिला प्रशासन द्वारा वाल्मीकि समाज को महज एक भीड़ का हिस्सा समझा जाता है। उन्होंने अनुरोध किया कि प्रश्नगत प्रकरण पर सहानुभूति और विचार कर नैनीताल में भविष्य में होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ को अमंत्रित किया जाए जिसके लिए संघ आभारी होगा। इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, महासचिव सोनू सहदेव, उपाध्यक्ष कमल कुमार तथा उपसचिव विक्की सिलेलान आदि शामिल रहे।

# नीरज क्लब ने जीती क्रिकेट लीग

## शानदार शतक जड़ने पर नीरज मैन ऑफ दि मैच, श्रीकांत मैन ऑफ दि सीरीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के द्वारा आयोजित अंडर-19 आयु वर्ग के जिला क्रिकेट लीग का शनिवार को फाइनल मुकाबला एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में आर्यन क्रिकेट क्लब तथा नीरज राठौर क्रिकेट क्लब की टीम के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में नीरज राठौर क्रिकेट क्लब के नीरज ने 117 रनों की शतकीय पारी खेलते हुए 16 रनों से ट्रॉफी अपने नाम की। शनिवार को गौलापार के एमएस क्रिकेट ग्राउंड में हुए फाइनल मुक.ाबले में आर्यन क्रिकेट क्लब ने टास जीता और पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी नीरज राठौर




क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40ओवरों में 6 विकेट खोकर 281 रनों का स्कोर खड़ा किया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए नीरज ने 117 रनों की शानदार पारी खेली। जबकि टीम के लिए आर्यन गोदियाल ने 74 रन बनाए। 281 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी आर्यन क्रिकेट क्लब टीम ने 38वें ओवर में 265 रनों पर आलआउट हो गई, और नीरज राठौर क्रिकेट क्लब ने 16 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले नीरज द्वारा शानदार शतक बनाने पर उन्हें मैन ऑफ-द मैच पुरस्कार दिया गया। जबकि मैन ऑफ सीरिज श्रीकांत, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आर्यन गोदीयाल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यशराज, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर हर्ष बोरा रहे। फाइन लीग मैच के फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक मेहरा व विशिष्ट अतिथि बागेश्वर विधायक पार्वती दास ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। बागेश्वर क्रिकेट एसों. के अध्यक्ष सुंदर सिंह नेगी को उनके क्रिकेट के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। मुख्य अतिथि दीपक मेहरा ने कहा कि उन्हें काफी हर्ष हो रहा है बागेश्वर जैसे दूरस्थ क्षेत्र से देवेन्द्र बोरा जैसे खिलाड़ी उत्तराखंड के लिए खेलते हुए विजय हजारे और रणजी ट्राफी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और उत्तराखंड की क्रिकेट को नई बुलंदियों पहुँचा रहे है। इस मौके पर जिला लीग के प्रायोजक विजय गढ़िया, भास्कर दास, राजेन्द्र परिहार, क्रिकेट एसो. बागेश्वर के संरक्षक हरीश रावल, अध्यक्ष राम चन्द्र पाण्डेय, अल्मोड़ा एसो. सचिव हर्ष गोयल, कमल नेगी, नैनीताल क्रिकेट एसो. के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, पंकज धपौला, अंशुल धवन, बीसीसीआई के लेवल वन के कोच नवीन टम्टा, कमल नेगी, रमेश लोहनी, रमेश दानू, प्रदीप गढ़िया, सुरेश सोनियाल मौजूद रहे।

# नया साल मनाएं, हुड़दंग किया तो सलाखों में कटेगी रात: एसएसपी

## यातायात का दबाव बढ़ा, रूसी और नारायणनगर से शटल शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नए साल के जश्न की तैयारियां नैनीताल जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर जोर-शोर से चल रही हैं, और देशभर से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। इस बीच, पुलिस ने सुरक्षा और यातायात इंतजाम को पुख्ता करने के साथ ही एक कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि नए साल का जश्न तो मनाएं, लेकिन अगर किसी ने हुड़दंग किया तो उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा हमारे लिए सबसे अहम है कि पर्यटक सुरक्षित माहौल में नए साल का जश्न मनाएं, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी तरह की गड़बड़ी या हुड़दंग



न करे। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे लोगों को किसी भी हालत में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था में कोई खलल न पड़े, इसके लिए रूसी-1 व 2, मस्जिद तिराहा और नारायण नगर से शटल सेवा चलाई जा रही है और जिले की सीमा पर चेकिंग भी शुरू कर दी गई है। वहीं एसपी यातायात डा. जगदीश चंद्रा द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत शनिवार को सभी पार्किंग एरिया, बैरियर और अन्य ड्यूटियों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि यात्री वाहन निर्धारित रूट पर ही चलें, इसके लिए जगह-जगह दिशा सूचक बोर्ड लगाए गए हैं। एसएसपी ने बताया इसके अतिरिक्त एसपी संचार रेवाधर मठपाल को ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने और जाम रहित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने यह भी बताया कि कैंची धाम में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या में आमद हो रही है, और वहां भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से मजबूत किया जा रहा है।

# राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग

## बिंदुखत्ता: 11 जनवरी को सर्वदलीय बैठक, आक्रोश रैली का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस और भाकपा (माले) के नेतृत्व में बिंदुखत्ता संघर्ष समिति के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि स्थानीय विधायक अपने कार्यकाल के पांच वर्षों में बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने के मुद्दे पर जनता का ध्यान भटकाते रहे। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत चल रही प्रक्रिया शासन स्तर तक पहुंचने के बाद खंड स्तर पर कमियां बताकर वापस भेज दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणा को बिना राजस्व गांव बनाए ही समाप्त कर दिया गया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल झूठ और भ्रष्टाचार का केंद्र बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि आगामी 11 जनवरी को सर्वदलीय बैठक आयोजित कर विशाल आक्रोश रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार होने के बावजूद बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा नहीं दिया जा सका, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। पुतला दहन करने वालों में पुष्कर सिंह, हरीश बिसौती, कुंदन सिंह मेहता, प्रमोद कोलोनी, बिमला रौथाण, मीना कपिल, नरेंद्र सिंह बिष्ट, गंगा सिंह मेहता, भुवन चंद जोशी, किशन बघरी, रमेश कुमार, बिशन दत्त जोशी, कमलापति जोशी, मोहन सिंह नयाल, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, गोविंद दानू, राजेंद्र सिंह चौहान, धीरज कुमार, जगमोहन जोशी, मोहन कुन्नई, अर्जुन विश्वकर्मा, रणजीत सिंह गैड़ा, पुष्कर दुगड़िया, प्रभात पाल, पवन सिंह बिष्ट, गुरुदयाल सिंह मौजूद रहे।



### भाजपा की दोहरी नीति दुर्भाग्यपूर्ण: दुर्गापाल

**लालकुआं।** पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने भाजपा सरकार द्वारा राजस्व गांव की घोषणा को विलोपित किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सत्ता में वापसी होते ही बिंदुखत्ता वासियों को मालिकाना हक दिलाने के लिए इसे पुन: नगर पालिका का दर्जा दिया जाएगा। दमुवाढूंगा हल्द्वानी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र नगर पालिका घोषित होने के बाद राजस्व गांव की प्रक्रिया में शामिल हो गया था, जबकि बिंदुखत्ता के नगर पालिका विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने भाजपा की दोहरी नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इस कारण यहां के लोग फिर से आंदोलन की राह पर हैं, जो चिंता का विषय है।

### अज्ञात कार चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** डेढ़ माह पूर्व काठगोदाम थानाक्षेत्र के अंतर्गत हुए एक सड़क हादसे मामले में पुलिस में मामा की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानक.ारी के अनुसार बाजपुर निवासी ललित ने काठगोदाम थाने पहुंचकर सौंपी तहरीर में कहा कि कि बीती 8 नंवबर को काठगोदाम क्षेत्र में एक कार सवार ने उनके भांजे की स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी। इस सड़क हादसे में उनका भांजा बुरी तरह घायल हो गया था। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामा की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नई लीड, छत्तीसगढ़ रवाना हुई टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राधिका ज्वैलर्स में बीते 19 दिसंबर को हुई सेंधमारी की वारदात के संबंध में पुलिस के पास कई सुबूत हैं, लेकिन अब तक शातिर आरोपियों को पकड़ने में सफलता नहीं मिल पाई है। हालांकि, अब पुलिस को एक और बड़ी लीड मिली है, जिसके तहत एक नई टीम गठित करते हुए आरो.पियों की तलाश के लिए छत्तीसगढ़ रवाना की गई। बता दें कि चोरी की घटना बीते 19 दिसंबर को मुखानी थानाक्षेत्र के कुसुमखेड़ा में हुई थी, लेकिन चोरी की वारदात का पता दो दिन बाद यानि 21 दिसंबर की सुबह चला। जब दुकान स्वामी दुकान खोलने के लिए दुकान पहुंचा था।




कई सबूत लेकिन फिर भी पुलिस के हाथ खाली

पुलिस ने चोरी के खुलासे व शातिर चोरों की गिरफ्तारी के लिए उत्तर प्रदेश और नेपाल सीमा तक छानबीन की है, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस से कोसो दूर है। वहीं पुलिस का मानना है कि इस पूरी वारदात के पीछे नेपाल के रहने वाले जनक राज जोशी है, जिसने राधिका ज्वैलर्स के बगल में स्थित एक खाली दुकान को किराए पर लेकर वहां से दीवार काटकर ज्वैलर्स में घुसा और करीब सवा करोड़ रुपये के जेवरात चुराए। जांच के दौरान पुलिस को जनक राज जोशी के आधा दर्जन से ज्यादा मोबाइल नंबर मिले हैं। इसके अलावा वारदात में शामिल छह लोगों की शिनाख्त भी हो चुकी है, लेकिन अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की संख्या आधा दर्जन से अधिक है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस गोप.नीय तरीके से नेपाल में भी आरो.पियों की तलाश कर रही है और कुछ नेपाल मूल के लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच, एक पुलिस टीम छत्तीसगढ़ भी भेजी गई है, जहां से पुलिस को नई जानकारी मिलने की उम्मीद है। इधर एसपी सिटी मनोज कत्याल ने कहा पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच चुकी है, और हम जल्दी ही सभी शातिर चोरों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

# लिटिल फ्लावर में मनाया खेल दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को लिटिल फ्लावर स्कूल का वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव लालडांठ स्थित एक बैंकट हॉल में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथिय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश पाल, दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी, दर्जा राज्यमंत्री नवीन वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, सिंधिया स्कूल प्रबंधक प्रवीण रौतेला और विजयपाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व गुब्बारे उठाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा वेलकम डांस, योगा प्रदर्शन और अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खेल दिवस के अवसर पर बैलेंस रेस, सुई-धागा, बोरा रेस, बैलून रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार गांधी सदन, द्वितीय पुरस्कार टैगोर सदन, तृतीय पुरस्कार नेहरू सदन और चतुर्थ पुरस्कार शास्त्री सदन ने प्राप्त किया। इस दौरान लिटिल फ्लावर स्कूल की प्रधानाचार्या शांति जीना ने सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन हर्षवर्धन पांडे द्वारा किया गया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक, संगठनों के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




# गोवंश संरक्षण की ठोस नीति के लिए धरना दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोवंश संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाए जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के जिला कोषाध्यक्ष हरीश कौटिल्य ने शनिवार को डीडी पंत पार्क में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में बेसहारा गोवंश सड़कों पर भटक रहा है, जिससे न केवल किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोवंश के नाम पर आवंटित बजट का सही उपयोग नहीं हो रहा है और धनराशि की बंदरबांट की जा रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार पारदर्शी नीति बनाकर ग्राम स्तर पर गौशालाओं का निर्माण कराए ताकि बेसहारा गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिल सके। केवल घोषणाओं से गोवंश संरक्षण संभव नहीं है, इसके लिए जमीन पर ठोस कार्ययोजना लागू करनी होगी। धरने को समर्थन देने पहुंचे उक्रांद के जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान ने कहा कि गोवंश भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण इसकी दुर्दशा हो रही है। जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी और जिला महामंत्री उत्तम सिंह बिष्ट ने भी गोवंश संरक्षण को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। इस दौरान प्रमोद सती, पार्षद रवि वाल्मीकि, केंद्रीय संगठन सचिव भुवन सिंह बिष्ट, दिनेश बिष्ट रहे।

## पश्चिम बंगाल से घूमने आए पर्यटक की मौत

**नैनीताल।** पश्चिम बंगाल से नैनीताल घूमने आए पर्यटक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल निवासी देवजीत राय चौधरी (68) अपने परिवार के साथ घूमने नैनीताल आये थे। शुक्रवार शाम वह एक होटल में रुके थे। देर रात अचानक तबियत बिगड़ने के बाद वह मूर्छित हो गए। परिजन व होटल कर्मी आनन फानन उनको लेकर राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाकटरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। मामले में जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण हृदय घात लग रहा है। मौत के स्पष्ट कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद पता लग पाएगा। दूसरी ओर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत की असली वजह सामने आ पाएगी।

# सोनिया अरोरा ने जीता मिसेज़ इंडिया विवेशियस का खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जयपुर के जय बाग पैलेस में 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित मिसेज़ इंडिया विवेशियस प्रतियोगिता में हल्द्वानी की सोनिया अरोरा ने मिसेज़ इंडिया विवेशियस का खिताब अपने नाम किया। सोनिया ने इस प्रतियोगिता में अपनी यात्रा के बारे में बताया मेरा मिसेज़ इंडिया का सफर एक सपने जैसा है। यह सफर सात महीने पहले अप्रैल में शुरू हुआ, जब उन्होंने फेसबुक पर मिसेज़ इंडिया का ऐड देखा और रजिस्ट्रेशन किया। उन्हें तब यह अंदाजा नहीं था कि यह कदम उन्हें कहां तक ले जाएगा। सोनिया ने आगे कहा जब मिसेज़ इंडिया की टीम ने मुझे ऑनलाइन ऑडिशन के लिए संपर्क किया और फिर मुझे कॉल आया कि मैं फाइनलिस्ट में चयनित हो गई हूं, तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि मैं इस मुकाम तक पहुंच चुकी हूं। इस प्रतियोगिता में लगभग 14 राउंड हुए। सोनिया ने नेशनल राउंड में उत्तराखंड की कुमाऊंनी वेशभूषा में अपना परिचय दिया और अपनी विशिष्टता के साथ पूरे पैनल का दिल जीत लिया। आयोज.कों द्वारा सोनिया को क्राउन पहनाकर और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। सोनिया ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया है।




### अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच, रैली आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने शनिवार को प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को इंसाफ व सीबीआई जांच कराए जाने को लेकर कल यानि आज रविवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क से एक रैली निकाली जायगी जो तिकोनिया से एसडीएम तक जायेगी और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा जायेगा। उन्होंने सभी सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक, युवा, और महिला संगठनों से अपील की है कि वें इस आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हों और अपने स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा के लिए लड़ाई में भाग लें।

# सम्मेलन सहित कई कार्यक्रमों के प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति हल्द्वानी की आम बैठक समिति के सभागार पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में शनिवार को समिति के उपाध्यक्ष इंदर सिंह निगल्टिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि बैठक का संचालन महासचिव डीके पांडे द्वारा किया गयाा।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्यमंत्री नवीन वर्मा और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे मौजूद रहे। बैठक में आगामी मार्च माह में हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए भव्य सम्मेलन के आयोजन की घोषणा की गई, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। नवीन वर्मा ने बताया कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के प्रति जागरूक है और उनका समाधान करने के प्रयास जारी हैं। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें जनवरी माह में एसएसपी के साथ एक बैठक का प्रस्ताव, जिला.धिकारी के साथ समीक्षा बैठक, और पवित्र माघ माह में खिचड़ी भोग कार्यक्रम पर चर्चा हुआ और प्रास्वत पारित हुआ। इसके अलावा, समिति की सदस्यता बढ़ाने, गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पर्यावरण संरक्षण, और स्वास्थ्य योजनाओं में बदलाव पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 17 नए स्थाई सदस्य शामिल हुए और उन्हें सम्मानित किया गया। समिति के सदस्य मदन सिंह बिष्ट द्वारा औषधीय पौधा कासनी का वितरण भी किया गया। बैठक के अंत में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदर सिंह निगल्टिया के भाई तारा सिंह निगल्टिया के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर दया किशन बल्यूटिया, पीएस जंतवाल, मोहन सिंह जंतवाल, शिवदत्त तिवारी, डीके पंत. एलएम लोहनी, मोहन चंद्र बुडलाकोटी, भैरव दत्तजोशी, एडी डोर्वी, शंकर दत्त तिवारी, सरोज तिवारी, एनसी तिवारी, आनंद सिंह भाकुनी मौजूद रहे।



### यूसीसी शिविर आज

**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी द्वारा यूसीसी विवाह पंजीकरण के लिए एक निशुल्क शिविर कल यानि आज रविवार को नगर निगम इंटर कालेज काठगोदाम में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलाया गया। उक्त जानकारी देते हुए वार्ड-1 की पार्षद बबली वर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा निशुल्क यूसीसी विवाह पंजीकरण शिवर आज रविवार को लगाया जा रहा है। इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर विवाह पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेज़ों के साथ अपना पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि जो नागरिक पहले से विवाह पंजीकरण करवा चुके हैं, उन्हें भी यूसीसी विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण आपको भविष्य में विलंब शुल्क से बचाएगा, क्योंकि 26 जनवरी के बाद विलंब शुल्क लग सकता है। इसलिए सभी नागरिक इस मौके का लाभ उठाएं और निशुल्क पंजीकरण कराएं।

# मेडिकल कॉलेज को मिले 24 असिस्टेंट प्रोफेसर

## शैक्षिक तथा चिकित्सा सेवाओं को मिलेगी मजबूती: डा. तितियाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी को 24 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की सौगात मिली है। इन नियुक्तियों से कालेज की शैक्षणिक व्यवस्था के साथ-साथ चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं को भी उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी। नियुक्त किए गए असिस्टेंट प्रोफेसरों में डा. निधि शर्मा को एनाटॉमी विभाग, डा. अंजू शर्मा एवं डा. अनुराग श्रीवास्तव को फिजियोलॉजी विभाग, डा. रितुराज एवं डा. अंजुम निशान को पैथोलॉजी विभाग, डा. उज्ज्वल आहूजा को ब्लड बैंक, डा. प्रियंका टम्टा को माइक्रोबायोलॉजी, डा.



आशीष कुमार को फॉरेंसिक मेडिसिन, डा. आशुतोष मिश्रा एवं डा. प्रीति को कम्युनिटी मेडिसिन, डा. रवि सिंह को जनरल मेडिसिन, डा. आशुतोष सिंह को टीबी/चेस्ट, डा. तनुश्री गौड़ को मानसिक रोग विभाग में नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त डा. प्रेरणा चमोली, डा. गुंजन नगरकोटी एवं डा. सत्येन्द्र गुप्ता को बाल रोग विभाग, डा. गौरव जिंदल एवं डा. शिवम पाठक को आर्थोपेडिक्स, डा. गरिमा टम्टा को ईएनटी, डा. हिमानी जलखानी को नेत्र रोग, डा. शोभना सिंह एवं डा. प्रियंका सिंह को स्त्री एवं प्रसूति रोग, डा. नलिन गोयल को रेडियोथैरेपी तथा डा. समीर पाण्डे को डेंटल विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डा. जीएस तितियाल ने सभी नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसरों को बधाई देते हुए कहा कि इन नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। इससे न केवल शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि मरीजों को भी बेहतर उपचार मिल सकेगा। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने भी नियुक्तियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे चिकित्सालय की सेवाओं में और अधिक सुधार होगा तथा मरीजों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय सदैव मरीजों की सुविधा, सुरक्षा एवं संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# 40 पेड़ों की सुरक्षित शिफ्टिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क चौड़ीकरण कार्य के बीच पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम अब तक 40 पेड़ों को सुरक्षित रूप से शिफ्ट कर चुका है। सभी पेड़ों को हल्दूचौड़ के गंगापुर कबडवाल स्थित नगर निगम की 64 बीघा भूमि में बनी गौशाला परिसर में स्थानांतरित किया गया है, जहां वे सामान्य रूप से विकसित हो रहे हैं। इसी क्रम में आज शनिवार को कालाढूंगी चौराहे पर कालूसिद्ध मंदिर के पास शिफ्ट किए गए एक पेड़ की सनातन विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना हुई। महंत कालू गिरी महाराज ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य सभी के सहयोग से संपन्न हो रहा है और इसी भावना के तहत धार्मिक परंप.राओं का पालन करते हुए पेड़ की



प्राण प्रतिष्ठा की गई। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि विकास कार्यो के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्थाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इन सभी पेड़ों को हल्दूचौड़ स्थित गंगापुर कबडवाल क्षेत्र में नगर निगम की 64 बीघा भूमि पर निर्मित गौशाला परिसर में स्थानांतरित किया गया है, जहां सभी पेड़ पूरी तरह सुरक्षित हैं और सामान्य रूप से अपनी ग्रोथ कर रहे हैं। इस अवसर पर कालूसिद्ध मंदिर के महंत कालू गिरी महाराज, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, किच्छा शुगर मिल के महाप्रबंधक एपी वाजपेई, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत

## चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर 14 साल का इंतजार खत्म किया

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिग डे पर इतिहास रच दिया, चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर जनवरी 2011 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की और 14 साल का इंतजार खत्म किया।

इस जीत से बार्मी आर्मी और इंग्लैंड टीम में जोरदार जश्न मनाया गया, जिसमें जो रूट और बेन स्टोक्स जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने आखिरकार उस जीत का आनंद लिया जो उन्हें ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से नहीं मिली थी। इंग्लैंड के जोश टंग को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया पर तुरंत दबाव आ गया। मेजबान टीम पहली पारी में 152 रन ही बना पाई, जबकि इंग्लैंड ने 110 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में मामूली बढ़त मिली। अपनी दूसरी पारी में, ऑस्ट्रेलिया 132 रन पर ढेर हो गई, जिसमें ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और गस एटकिसन ने अनुशासित और धारदार गेंदबाजी से कहर बरपाया। कार्स ने मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड सहित चार विकेट लिए, जबकि स्टोक्स ने कैमरन ग्रीन, जेक वेदरल्ड और नेसर को आउट किया। मिशेल स्टार्क बिना खाता खोले आउट हो गए, रूट ने उनका कैच लिया, और पारी तब खत्म हुई जब जे रिचर्डसन ने पुल शॉट खेला और गेंद क्रॉली के हाथों में चली गई। 175 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड को तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ा क्योंकि बेन डकेट और जैक क्रॉली की शुरुआती आक्रामकता ने मंच तैयार किया। जैकब बेथेल ने महत्वपूर्ण 40 रनों का योगदान दिया, जबकि जो रूट 15 रन बनाकर रिचर्डसन का शिकार हुए




और बेन स्टोक्स तब आउट हुए जब सिर्फ 10 रन चाहिए थे। हालांकि, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ की शांत और संयमित बल्लेबाजी ने इंग्लैंड को जीत दिलाई, ब्रूक ने आखिरी ओवरों में महत्वपूर्ण चौके लगाकर ऐतिहा. सिक जीत पक्की की। इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने कौशल, तनाव और नाटक से भरा एक रोमांचक मुकाबला देखा। दबाव में वापसी करने की इंग्लैंड की क्षमता, अनुशासित गेंदबाजी और सही समय पर साझेदारियों ने उन्हें बॉक्सिग डे पर एक यादगार जीत हासिल करने में मदद की। हालांकि यह जीत इस सीरीज में एशेज वापस पाने के लिए काफी नहीं है, लेकिन यह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में इंग्लैंड के लचील. ेपन और जुझारू भावना को दिखाती है, जिससे उनके सीनियर खिलाड़ियों की सालों की निराशा खत्म हुई। इस मैच ने दोनों टीमों की गहराई और चरित्र को भी उजागर किया, ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिरोध के कुछ पल दिखाए लेकिन आखिरकार इंग्लैंड के लगातार दबाव के आगे घुटने टेक

# दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है: स्टीव स्मिथ

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट दो दिन में हारने के बाद कहा कि दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है। स्मिथ ने शनिवार को मैच के बाद एमसीजी की पिच को लेकर कहा कि हां, यह काफी मुश्किल था। दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा हैं। ग्राउंड्समैन के तौर पर यह काफी मुश्किल है।

मेरे हिसाब से वह हमेशा सही प्रकार का संतुलन देने की कोशिश करते हैं। पिछले साल की पिच बहुत अच्छी थी और मैच पांचवें दिन तक गया था। इस बार भी अगर 10 मिमी की जगह 8 मिमी रखते तो सही रहता। लेकिन ग्राउंड्समैन हमेशा सीखते हैं और इस मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने इस बार 7-8 मिमी घास की जगह 10 मिमी घास रखी थी और अंत में इसी कारण से मैच सिर्फ दो दिन के



अंदर खत्म हो गया। स्मिथ ने आगे कहा कि जिन पिचों पर सीम गें. दबाजों को ज्यादा मदद मिलती है, वहां स्पिन खेलना आसान होता है और ऐसे में आप यही सोचते हैं कि इस तरह की पिच पर स्पिनर को खिलाकर 30-40 रन अतिरिक्त क्यों देना है। पर्थ में भी हमने स्पिनरों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया था।

पिक बॉल टेस्ट में भी स्पिनरों का उपयोग नहीं किया गया था। एडिलेड में पिच अलग थी इसलिए वहां मामला अलग था। इस मैच में भी स्पिन गेंदबाजों को गेंद देने की जरूरत नहीं लगी। मुझे मैच में स्पिनरों का योगदान अच्छा लगता है लेकिन जहां जरूरत नहीं है, वहां मतलब नहीं बनता। टेस्ट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया ने पूरे मैच में किसी स्पिनर से गेंद नहीं करवाई। चार मैचों में अभी तक दो मैच में ऑस्ट्रेलिया ने चार तेज गेंदबाज खिलाए और पर्थ टेस्ट में भी नाथन लायन ने सिर्फ दो ओवर ही गेंदबाजी की थी। इंग्लैंड ने दो दिन के अंदर एशेज का चौथा टेस्ट जीता और यह इस सीरीज का दूसरा दो दिन वाला टेस्ट मैच था। इससे पहले 1912 में एक सीरीज में एक से ज्यादा दो दिन के टेस्ट खेले गए थे और ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ चार बार दो दिन के टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस सीरीज से पहले 1931 में मेलबर्न और 2022 में ब्रिस्बेन में यह रिकॉर्ड बना था। पिछले 20 सालों में एमसीजी की पिच ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाधी के लिए सबसे मुश्किल पिच थी। इसी कारण से 1932 के

# दीप्ति ने 1000 रन व 150 विकेट लेकर रचा इतिहास



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन

### इस प्रारुप में महिला व पुरुष दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर

करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है।

ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुक्रवार को दीप्ति के 3/18 के शानदार स्पेल से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की महान एलिस पेरी को पीछे छोड़ दिया है। पेरी ने 271 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 331 विकेट थे। दीप्ति के नाम अब 333 विकेट हो गए हैं। यह कारनामा करने वालों में वह अब केवल इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट और भारतीय दिग्गज झूलन गोस्वामी से पीछे हैं। 26 साल की दीप्ति ने इस छोटे फॉर्मेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया। वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर (पुरुष या महिला) खिलाड़ी बन गईं। दीप्ति ने श्रीलंका की कविशा दिलहारी को आउट करके यह मुकाम हासिल किया और बाद में अपना 151वां टी-20 विकेट लिया, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के साथ महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। महिला एकदिवसीय में, वह झूलन गोस्वामी के बाद भारत की दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गें. दबाज हैं। उन्होंने 121 मैचों में 162 विकेट लिए हैं, जबकि पांच टेस्ट मैचों में 18-10 के शानदार औसत से 20 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने अब इस प्रारुप में 1,100 से अधिक रन बनाए हैं और 151 विकेट भी लिए हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में टी-20 के इतिहास में एक हजार रन और 150 विकेट का कारनामा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

# सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी की तैयारी में पंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से क्षितिज पर एक एयरपोर्ट रनवे दिखाई देता है। विमानों के उड़ान भरने की आवाज जमीन तक नहीं पहुंचती, लेकिन नजारा दिखता है। गुजरात द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद दिल्ली की पारी के अधिकांश समय ऋषभ पंत खुद उड़ान भरने के लिए तैयार थे। लेकिन वह संयमित रहे, 20वें ओवर में 98 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आए थे। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में, बड़ी भीड़ या ट्रैफिक की अनुपस्थिति में, खेल की गति बीच में आने वाली आवाजों से तय होती है। गेंदबाज के दौड़ने पर बल्ले की आवाज, फील्डरों का अपील के लिए जोर से चिल्लाना, बाउंसर के बल्लेबाज के पास से गुजरने के बाद आहें। पिच ने तेज गेंदबाजों को थोड़ी गति और उछाल दी, जिससे बल्लेबाजों के लिए जीवन और मुश्किल हो गया, जैसा कि विराट कोहली ने 29 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। विशाल जायसवाल की शानदार लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाजी से स्टंप होने से पहले उन्होंने दिल्ली के 108 रनों में से 77 रन बनाए थे। फील्ड फैली हुई थी, और दिल्ली के बल्लेबाजों के खत्म होने का



खतरा था, ऐसे में पंत के लिए टिके रहना महत्वपूर्ण था, क्योंकि कोई राहत नजर नहीं आ रही थी। उन्होंने ज्यादातर गेंदों को इन-फील्डरों के पास से निकालकर सिगल लिए और 20 और फिर 30 रन बनाए। पंत ने क्रीज पर टिके रहने पर ध्यान दिया और शुरुआत में शानदार, हवाई शॉट्स से काफी हद तक परहेज किया। क्रीज पर उनकी शांति, हर बार पिच पर बल्ला टैप करने पर जमा हो रही पावर से बिल्कुल अलग थी। उनका कंजर्वेटिव स्ट्रोक प्ले उस पावर से मेल नहीं खाता था जिसे वह उनमें इस्तेमाल कर रहे थे। फील्ड के पार एक और शॉट ने उन्हें 49 रन पर पहुंचा दिया। फिर उन्होंने जैसे ही रवि बिश्नोई को अपनी हिटिंग आर्क से दूर एक गलत गेंद फेंकते देखा, उन्होंने स्विच ऑन कर दिया। लाइन के पार एक जोरदार स्विंग के साथ उस पर टूट पड़े। उनका हाथ बल्ले से पूरी तरह अलग नहीं हुआ, जैसा कि उनके कई पावरफुल शॉट्स में होता है, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन बाउंड्री के बहुत दूर चली गई। स्प्रिंग काफी देर से कसा हुआ था, और अब 50 रन पार करने के बाद, गेंदों के बीच उनके मूवमेंट की गति में कुछ बदलाव आया। वह अचानक क्रीज के पार कूदते हुए दिखे, दूसरे छोर पर हर्ष त्यागी के साथ ग्लव्स टैप करने के लिए ज्यादा उत्सुक थे। अपने अर्द्धशतक के तुरंत बाद, वह घुटनों पर बैठ गए, डीप-बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ स्वीप किया, भले ही वह लगभग दूसरी तरफ गिर गए थे। उन्होंने 62 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया था। उन्होंने अगली 16 गेंदों में 20 रन और जोड़े। इस सेट के रनों का सबसे अच्छा शॉट तब था जब वह अपनी क्रीज में काफी पीछे खड़े थे और एक गेंद अजीब तरह से उठी, ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ से थोड़ी पहले से ऊपर की ओर गई।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## न्यूलैंड्स में रनों की बरसात के बीच सीजन 4 का भव्य आगाज

**न्यूलैंड्स, वार्ता।** रयान रिकेल्टन का एसए20 में पहला शतक भी एमआई केप टाउन को हार से नहीं बचा सका। रोमांचक सीजन-4 के उद्घाटन मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स ने एमआई केप टाउन को 15 रन से हराकर विजई शुरुआत की। रनों से भरी इस ओपनिग नाइट में कुल 449 रन बने, जिसमें 25 छक्के और 40 चौके शामिल रहे। न्यूलैंड्स पहुंचे दर्शकों को शुरू से अंत तक भरपूर मनोरंजन देखने को मिला। डरबन सुपर जायंट्स की ओर से न्यूजीलैंड की नई ओपनिग जोड़ी कॉनवे और केन विलियमसन ने पावरप्ले में शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मात्र 8-3 ओवर में 96 रन जोड़ दिए। विलियमसन (25 गेंदों पर 40 रन, 7 चौके) का विकेट एमआई केप टाउन के कप्तान ने मिड-ऑफ से पीछे दौड़ते हुए फुल-लेंथ डाइव लगाकर लाजवाब कैच लेकर गिराया।

## दो-दिवसीय टेस्ट से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को हो सकता है लाखों का नुकसान

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि छोटे टेस्ट बिजनेस के लिए खराब हैं व रिकॉर्ड भीड़ के बावजूद बॉक्सिग डे टेस्ट में पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद उन्होंने माना कि उनकी रात नींद के बिना गुजरी। सीए को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पूरे बॉक्सिग डे टेस्ट में भीड़ के रिकॉर्ड टूटेंगे, भले ही सीरीज खत्म हो गई थी, क्योंकि पहले तीन दिनों में पहले से बिके टिकटों की संख्या और पूरी सीरीज में अभूतपूर्व मांग थी। लेकिन पर्थ में दो-दिवसीय टेस्ट में पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद 50 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (33 लाख डॉलर) के आसपास का नुकसान होने के बाद, अगर मेलबर्न टेस्ट छह सेशन के अंदर खत्म हो गया।

# पंजाब किंग्स के पास चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है: मुकुंद

### अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने कहा है कि पंजाब किग्स के पास युजवेंद्र चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है। टाटा आईपीएल 2026 ऑक्शन में पंजाब किग्स ने विष्णु विनोद और प्रवीण दुबे जैसे अहम घरेलू खिलाड़ियों के साथ-साथ मिडिल ऑर्डर में बैलेंस के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली को लेकर अपनी टीम को मजबूत किया। जियो हॉटस्टार के 'टाटा आईपीएल ऑक्शन रिव्यू' में, जियोस्टार के एक्सपर्ट रॉबिन उथप्पा और अभिनव मुकुंद ने टीम के स्मार्ट एडिशन की तारीफ की, साथ ही स्पिन डेप्थ जैसे उन एरिया पर भी ध्यान दिलाया जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफ़ी इन्वेस्ट कर दिया था। एकमात्र चिता की बात यह है कि युजवेंद्र चहल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नहीं खेले। इसलिए यह साफ नहीं है कि उनके पास उनके लिए पर्याप्त बैकअप है या नहीं। उन्होंने कर्नाटक के लेग-स्पिनर प्रवीण दुबे और कूपर कॉनोली को टीम में शामिल किया है, जो एक रोमांचक बाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं और तीन से पांच नंबर तक कहीं भी बैटिंग कर सकते हैं।

# होल्डन, नसीम ने टीम को टॉप स्पॉट पर पहुंचाया



**शारजाह, वार्ता।** डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स को हराकर आईएल टी 20 पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल किया, जिसके परिणामस्वरूप वॉरियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट (35 रन देकर 3 विकेट) ने किया, जिसके बाद मैक्स होल्डन ने नाबाद 65 रन बनाकर वाइपर्स को पांच विकेट और तीन गेंदें शेष रहते जीत

### सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट ने किया

दिलाई। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, वॉरियर्स की शुरुआत खराब रही और मोनांक पटेल और टॉम एबेल पहले दो ओवरों में आउट हो गए। चार्ल्स ने तीन चौके लगाए, जिसके बाद टॉम कोहलर-कैडमोर ने नसीम का स्वागत एक चौके और एक छक्के से किया, जिसमें पाकिस्तानी सीमर के 19 रन के ओवर में पांच वाइड भी शामिल थे। छठे से आठवें ओवर में वॉरियर्स केवल 13 रन बना पाए, लेकिन चार्ल्स ने कैस अहमद की गेंदों पर दो छक्के लगाए और साझेदारी 50 रन के पार पहुंच गई। ठीक जब दोनों पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे, तभी नसीम ने धीमी गेंद पर कोहलर-कैडमोर को बोल्ड कर दिया। हालांकि, चार्ल्स खतरनाक मूड में बने रहे और पेन की गेंदों पर दो चौके लगाए। लेकिन खेल 12वें ओवर में बदल गया जब कैस ने चार्ल्स और सिकंदर रजा को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया, जिससे 12वें ओवर के अंदर ही वॉरियर्स के पांच विकेट गिर गए। जेम्स रीव ने 20 गेंदों में 22 रन बनाकर स्कोरबोर्ड को चालू रखा, लेकिन नसीम के हाथों आउट हो गए, जिसके बाद उन्होंने अपने आखिरी ओवर में हरमीत सिंह को भी आउट किया। आदिल राशिद के एक छक्के से वॉरियर्स का स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया। वाइपर्स की जवाबी पारी वैसी शुरू नहीं हुई जैसी उन्होंने उम्मीद की थी। 2-2 ओवर में उनके दो ओपनर - एंड्रीज गौस और फखर जमान के आउट होने के बाद उनका स्कोर 9 रन पर 2 विकेट था। इसके बाद पारी को संभालने का जिम्मा होल्डन और सैम करेन पर था और दोनों ने शुरुआत में ही ओवरपिच गेंदों पर चौके-छक्के लगाए। सातवें ओवर में, होल्डन ने रजा की गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया, जिससे गति वाइपर्स की ओर शिफ्ट होती रही। करन और होल्डन ने बीच के ओवरों में गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया, जिसके बाद करन ने आदिल राशिद की गेंद पर छक्का लगाकर 50 रन की पार्टनरशिप पूरी की। हरमीत ने करन का विकेट लेकर पार्टनरशिप तोड़ी, जो 25 रन बनाकर पैड पर गेंद लगने के बाद आउट हो गए। डैन लॉरेंस ने हरमीत की गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन अगले ही ओवर में लेफ्ट-आर्मर ने लॉरेंस को लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट करवाकर बदला ले लिया। हरमीत शानदार बॉलिग कर रहे थे और 16वें ओवर में जेसन रॉय का विकेट लेकर अपना तीसरा विकेट लिया। विकेट गिरने के बीच, होल्डन ने इस सीजन का अपना तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया।

## ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का निधन

**बांग्लादेश, वार्ता।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का शनिवार को राजशाही रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले मैदान पर गिरने के बाद निधन हो गया। जकी 59 वर्ष के थे। यहां सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब कैपिटल्स की टीम मैच से पहले की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान जकी मैदान पर गिर गए। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने से पहले टीम के सदस्य व चिकित्सकों द्वारा सीपीआर दिया गया। उन्हें अल हरमैन अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बीसीबी के मुख्य फिजिशियन देबाशीष चौधरी ने जकी के निधन की पुष्टि की। ढाका टीम के अधिकारियों ने बताया कि घटना से पहले जकी ने किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या की शिकायत नहीं की थी।

# बेन स्टोक्स, जो रूट ने इंग्लैंड के 'बहादुर' जवाब की तारीफ की

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और सीनियर बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया पर मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट में अपनी ऐतिहासिक जीत में साहस और बहादुरी दिखाने के लिए अपनी टीम की तारीफ की और बताया कि चौथे टेस्ट से पहले मुश्किल हालात में टीम ने कैसे जवाब दिया।

### ● रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलानइ इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है कि सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है

रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलाइन इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है, सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी था कि हमने बाकी सीरीज के लिए बहुत ज्यादा हिम्मत दिखाई। रूट ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के 18 टेस्ट में से 17 में खेले थे। इस टीम पर बहुत कुछ फेंका गया है और जिस तरह से हमने इन दो दिनों में जवाब दिया है, वह शानदार रहा है। साफ तौर पर यह एक बहुत तेज टेस्ट मैच था, जिस पिच पर हमें खेलने का मौका मिला, लेकिन मुझे लगता है कि हमने जितना हो सका, उसके हिसाब से खुद को ढाला और जब भी मौका मिला, उसका फायदा उठाया। हमने आज बल्ले से चीजों को जिस तरह से संभाला, उसमें थोड़ी बहादुरी दिखाई और यही वजह है कि हमने टेस्ट मैच जीता। आप उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे आपको यह आसानी से दे देंगे। जैसा कि मैंने कहा, मैं यहां कई बार गलत नतीजे का सामना कर चुका हूं, इसलिए आपको पता होता है कि क्या उम्मीद करनी है। आपको पता है कि ऑस्ट्रेलिया अपनी परिस्थितियों में कितना अच्छा है। लेकिन आज हम मैच जीतने में कामयाब रहे, यह बहुत बढ़िया है और उम्मीद है कि हम इस हफ्ते और अगले हफ्ते भी इसमें सुधार कर पाएंगे। स्टोक्स ने भी यही बात दोहराई और बताया कि टेस्ट से पहले टीम के आसपास इतना शोर होने के बावजूद टीम कैसे फोकस्ड रही, जिसमें उनके नूसा ट्रिप पर सवाल, बेन डकेट से जुड़ा एक लीक हुआ वीडियो जिसकी वजह से ईसीबी की जांच हुई, और एक ऐसे मुकाबले में 3-0 से सीरीज हारने का दबाव शामिल था जिसके प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद थी। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि इस मैच से पहले के कुछ दिनों में हमारे सामने काफी कुछ आया। इतनी सारी चीजों के बावजूद यहां आकर वैसा प्रदर्शन करना जैसा हमने किया।

# 2025 में भारतीय महिलाओं ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां

## क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों व अन्य वैश्विक मंच के खेलों में कामयाबी के साथ साल का समापन किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों तथा अन्य वैश्विक मंच के खेलों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 2025 का समापन किया। एकदिवसीय क्रिकेट, शतरंज और मुक्केबाजी में विश्व खिताब से लेकर हॉकी में महाद्वीपीय सफलता और ब्लाइंड महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक पहली उपलब्धि तक, भारतीय महिला खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते बल्कि देश भर में महिलाओं के खेल के दायरे और पहचान का भी विस्तार किया। इस वर्ष आखिर में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता। देश में इस खेल के लिए यह एक निर्णायक क्षण था। व्यक्तिगत तौर पर, स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन बनाने के लैंडमार्क पार किया, ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला बनीं और इससे भारतीय महिला क्रिकेट में बढ़ती गहराई, निरंतरता और पेशेवर प्रवृति को देखी गई। इसके अलावा भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने कोलंबो में खेले गए पहले ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दीपिका टीसी की अगुवाई में भारतीय दृष्टिबाधित टीम ने छह देशों नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 23 नवम्बर को कोलंबो में खेले गए फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है। इस साल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों में से एक शतरंज में मिली, जहां दिव्या देशमुख ने जुलाई में फिडे महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचते हुए यह प्रतिष्ठित वैश्विक खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनकी जीत ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते दबदबे को फिर से साबित किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली महिला खिलाड़ियों की नई पीढ़ी के उदय को भी दिखाया। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना दबदबा बनाए

### लक्सर में पुलिस अभिरक्षा में बदमाशों के हमले में हुआ था घायल

# हिस्ट्रीशीटर की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में बदमाशों द्वारा गोली मारने से घायल हुए कुख्यात हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी ने एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने कुख्यात पर पुलिस अभिरक्षा में हमले के आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफतार कर जेल भेज दिया था। वहीं वारदात के बाद एसएसपी ने एक दरोगा व दो सिपाहियों को भी सस्पेंड कर दिया था।

बुधवार को हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी को रुड़की उपकारागार से लक्सर कोर्ट में पेशी के लिए पुलिस द्वारा ले जाया जा रहा था इसी दौरान पहले से रेकी कर रहे बाइक सवार बदमाशों ने ओवरब्रिज पर मौका देखते ही पुलिस अभिरक्षा में विनय त्यागी को गोली मार दी थी। इस हमले में विनय त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे प्राथमिक उपचार के बाद एम्स में रेफर किया था। चिकित्सकों के अनुसार विनय त्यागी की आंतों में गंभीर चोटे आई थी और काफी खून बह गया था चिकित्सकों ने उसे बेल्टीनेटर पर रखा था। बताया गया है कि आज सुबह करीब चार बजे विनय त्यागी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं इस मामले में अब तक पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है,जिनके नाम सन्नी यादव उर्फ शेरा पुत्र कमल सिंह निवासी गुलजारपुर, थाना काशीपुर, जनपद उधमसिंह नगर, उम्र 28 वर्ष (मुख्य अभियुक्त) और अजय पुत्र कुंवर सैन निवासी खरमासा कॉलोनी, थाना कोतवाली काशीपुर, जनपद उधमसिंह नगर, उम्र 24 वर्ष बताए गए हैं।



❖कुख्यात विनय त्यागी पर लक्सर फलाईओवर पर दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने बरसाई थी गोली

❖आरोपी हमलावर बदमाशों को पुलिस 24 घंटे में गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल

# पुलिस ने 30 बोतल अंग्रेजी शराब व कार सहित एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को 30 बोतल अंग्रेजी शराब की व कार सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखंडी द्वारा ड्रग्स /नशा मुक्त देवभूमि 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों व सट्टा जुआ, की खाईबाडी करने वाले के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में एसएसपी हरिद्वार महोदय द्वारा' नशा मुक्त देवभूमि के तहत कार्रवाई करने हेतु 'प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की को निर्देशित किया गया जिस क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा थाना अंतर्गत टीमों को सक्रिय किया गया तथा अलग-अलग क्षेत्र में नशा माफियो के विरुद्ध टास्क दिया गया जिसके फलस्वरुप दिनाक 26-12-2025 को अभियुक्त अली वासीद नकवी पुत्र अली कोकब नकवी निवासी 636 मोहल्ला काशीराम कॉलोनी 53 थाना बिजनौर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश को पुलिस तिराहा से एनसीसी कार्यालय के बीच सड़क किनारे रुड़की से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से वाहन ग16 कार संख्या न्च 20 ब 4099 मैं परिवहन करते हुए 18 बोतल ब्लेंडर प्राइड व 12 बोतल ब्लैक एंड व्हाइट अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके विरुध आबकारी अधि0 मे अभियोग पंजीकृत किया गया। नाम पता अभियुक्त-अली वसीद नकवी पुत्र अली कोकब नकवी निवासी 636 मौहला काशीराम कॉलोनी 53 थाना कोतवाली बिजनौर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश है।

# झबरेड़ा के प्राचीन शिव मंदिर में भागवत कथा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भगवान श्री राम जिस भी व्यक्ति का हाथ थाम लेते हैं वह भवसागर से पार हो जाता है। हनुमान जी श्री राम के भक्त होने पर ही उन्होंने सौ योजन चौडा समुद्र पार करने के बाद सीता माता का पता लगाकर लंका दहन किया था। भगवान श्री राम के प्रभाव से ही अंगद द्वारा भी रावण के दरबार में अपना पैर जमा दिया था। राम की भक्ती से ही उनका पैर रावण के दरबार में कोई हिला भी नहीं पाया था। कस्बे में स्थित प्राचीन भगवान शिव मंदिर परिसर में सातवें दिन राम कथा के समापन पर कथा वाचक विपिन आनंद महाराज द्वारा शनिवार को उक्त वाक्य कहे । उन्होंने कहा कि जिस समय माता सीता लंका स्थित अशोक वाटिका में थी उस समय माता सीता की खोज में हनुमान जी वहां गए थे। माता सीता ने हनुमान जी को अजर अमर होने का वरदान दिया था ।लेकिन हनुमान जी इससे संतुष्ट नहीं हुए थे ।तब माता सीता द्वारा हनुमान जी को वरदान दिया था कि तुम हमेशा भगवान श्री राम के प्रिय बने रहो। रामचरित्र मानस से व्यक्ति को त्याग प्रेम सादगी तथा आस्था की सीख लेनी चाहिए। जब श्री राम को वनवास जाने को कहा गया था तो लक्ष्मण ने श्री राम से कहा था आप कहते हैं कि अत्याचार किसी पर भी हो सहन नहीं करना चाहिए। सबसे इसी तरह भाई भरत ने भी अयोध्या के सिंहासन पर न बैठकर अयोध्या के बाहर झोपड़ी डालकर 14 वर्षों तक वनवासी की तरह रहकर काम किया था। इसी को त्याग में समर्पित भाव की भक्ति कहा जाता है। कथा के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित सुमित कुमार आशू कुमार लोग उपस्थित रहे।

# ट्रेंचलेस लाइने डालने से खंजरपुर रोड पर हो रहे गड्ढे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** टेलीकॉम कंपनी की अंडरग्राउंड ट्रेंचलेस लाइन कार्यों के कारण खंजरपुर रोड पर हो रहे गणेशपुर जैसे गड्ढे जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विभाग सोए हुए है एवं किसी भी समय कोई अपितु घटना का इंतजार कर रहे है। परंतु ये आज तक पी डब्लू डी और नगर निगमों एवं जल संस्थान सोए हुए है। बड़ा सवाल अगर दुर्घटना हुई कौन होगा जिम्मेदार किसकी होगी जवाबदेही। प्रत्येक वर्ष सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है और जिला प्रशाशन द्वारा सड़क सुरक्षा समिति भी बनाई हुई है लेकिन इसकी सुध कौन लेगा ये बताने को कोई जिम्मेदार नहीं।

वहीं जल संस्थान अधिकारी जुनैद गौड ने बताया टेलीकॉम कंपनी को सड़क रखरखाव करने वाली कार्यदाई संस्था द्वारा एन ओ सी दी जाती है जिसके संबंध में पुनः पत्र प्रेषित किया जाएगा पूर्व में भी टेलीकॉम कंपनियों की लापरवाही और चौंबर क्षतिग्रस्त करने पर तहरीर दी गई थी इसके अतिरिक्त जब से टेलीकॉम कंपनियों द्वारा ट्रेंचलेस लाइन डाली गई तभी से चौंबर क्षतिग्रस्त हुआ था जिसका निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था अगर टेलीकॉम कंपनी सुधार नहीं करती तो उनके विरुद्ध डिमांड नोट बनाया जाएगा और इसकी पूर्ण भरपाई टेलीकॉम कंपनी द्वारा वहन की जाएगी। साक्ष्य एवं सुलभ संदर्भ हेतु सभी फोटो कार्यवाही विभाग के पास सुरक्षित है। टेलीकॉम कंपनी बिना बताए टेंचलेस लाइन रात्रि में करती है और रात्रि का समय होने के कारण कार्य करते समय चौंबर पेयजल लाइन सीवर लाइन और सड़क क्षतिग्रस्त कर दी जाती है टेलीकॉम कंपनी को डिमांड नोट भेजा जाएगा और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी टेलीकॉम कंपनी की है-जुनैद गौड सहायक अभियंता सीवर रुड़की। टेलीकॉम कंपनी के खिलाफ लापरवाही और विभागीय चौंबर क्षतिग्रस्त कि रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी-मोहित राणा जे ई सीवर रुड़की।



### जनपद की अग्रणी लक्सर शुगर मिल ने जारी किया

# 31.98 करोड़ का गन्ना भुगतान, किसानों के चेहरे खिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद की अग्रणी चीनी मिल, लक्सर शुगर मिल ने किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाते हुए भुगतान प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। मिल प्रबंधन ने 8 दिसंबर से 15 दिसंबर तक की अवधि का 31 करोड़ 98 लाख रुपये का गन्ना भुगतान गन्ना समिति को भेज दिया है। अब जल्द ही समिति के माध्यम से यह राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचेगी।

जानकारी के अनुसार भुगतान में अग्रणी भूमिका लक्सर शुगर मिल क्षेत्र में सबसे समयबद्ध भुगतान करने वाली मिल बनी हुई है। नवंबर माह में पेराई सत्र शुरू होने के बाद से अब तक मिल कुल 145 करोड़ 23 लाख रुपये का भुगतान समिति को कर चुकी है। मिल के यूनिट हेड एस.पी. सिंह ने बताया कि किसानों को समय पर उनके पसीने की कमाई देना मिल प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अतिवृष्टि का उत्पादन पर असरप्रबंधन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि लक्सर मिल क्षेत्र का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा खादर क्षेत्र में आता है। इस वर्ष अत्यधिक बारिश (अतिवृष्टि) के कारण गन्ने की फसल प्रभावित हुई है, जिससे मिल की आपूर्ति पर भी असर पड़ा है।पेराई का तुलनात्मक विवरण:वर्तमान सीजन: अब तक 45 लाख कुंतल गन्ने की पेराई। पिछला सीजन: इसी अवधि तक 46 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हुई थी। किसानों के लिए महत्वपूर्ण अपील-यूनिट हेड एस.पी. सिंह ने किसानों से संवाद करते हुए दो प्रमुख आग्रह किए हैं:किस्म बदलाव: किसान भाई गन्ने की 0238 प्रजाति की बुवाई न करें, क्योंकि यह प्रजाति अब रोगग्रस्त हो चुकी है और इसमें बीमारी का खतरा अधिक हैगुणवत्ता: मिल में आपूर्ति के लिए केवल साफ-सुथरा और पत्ती रहित गन्ना ही लाएं।




# अवैध चाकू के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंनहर पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इसके खिलाफ पहले से भी कई अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

जानकारी के अनुसार अपराधिकयों/संदिग्ध व्यक्तियों/असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा अलग-अलग पुलिस टीम का गठन करने त्वरित कार्यवाही हेतु क्षेत्र में रवाना किये गये। पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था ड्यूटी, चौकिंग संदिग्ध वाहन / व्यक्ति के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त शाहरुख पुत्र असलम निवासी भारत नगर रुड़की को एक अदद अवैध चाकू के साथ रामपुर गांव कब्रिस्तान से हिरासत पुलिस लिया गया इसके खिलाफ पहले से भी कई अपराधिक मुकदमे दर्ज है। जिसके विरूध्द थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 647/ 25 धारा 25/4 आर्म्स एक्ट अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नकदी सहित एक सटोरिया पकड़ा

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा शुक्रवार देर शाम थाना क्षेत्रके गांव में छापा मार कर एक व्यक्ति को सट्टा खाई बाड़ी करते हुए रँगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सट्टा पर्ची एक पेन तथा 1240 रुपए नगद बरामद किए गए। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि शुक्रवार देर शाम सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा ग्राम कोटवाल आलमपुर स्थित धर्म कांटे के पास छापा मारकर नवाब पुत्र जब्बार अली निवासी ग्राम कोटवाल आलमपुर को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह वहां पर सट्टा खाई बाडी का काम कर रहा था। उसके पास से 1240 रुपए नगद सट्टा पर्ची व एक पेन बरामद किया गया। उक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# कथा में किया कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आशीर्वाद एन्क्लेव सोसाइटी, आवास विकास में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन मुख्य कथाकार आचार्य पंडित रजनीश जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। कथावाचन के दौरान माखन लीला,गोवर्धन धारण और कंस के अत्याचारों से पंचतत्व की अशुद्धि तथा भगवान द्वारा उनके शुद्धिकरण का प्रसंग प्रस्तुत किया गया,इसमें तृणावर्त वध से वायु,मृदा भक्षण से धरती,कालिया नाग के दमन से जल,व्योमासुर वध से आकाश और अग्नि पान से अग्नि तत्व के शुद्धिकरण का उल्लेख किया।ब्रह्मा द्वारा ग्वाल-बाल और बछड़ों के हरण तथा भगवान द्वारा हरि व्यापक सर्वत्र समान स्वरूप प्रकट कर ब्रह्मा का मोह दूर करने का प्रसंग सुनाया।कथाकार ने नग्न स्नान की कुप्रथा के निवारण और ब्रह्म-जीव मिलन के आध्यात्मिक रहस्य को भी सरल शब्दों में समझाया।कथा में अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मेयर गौरव गोयल ने प्रकृति पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया।उन्होंने आचार्य रजनीश जी महाराज के कार्यों की सराहना करते हुए हर प्रकार से सहयोग करने की बात कही।भाजपा नेता डॉ सौरभ गुप्ता ने प्रकृति और परमात्मा का समन्वय का वर्णन किया।योगेश त्यागी ने आयोग मंडल को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। आचार्य रमेश सेमवाल जी महाराज ने भी भागवत के महत्व पर प्रकाश डाला।कथा में मुख्य रूप से अरुण कश्यप,भारत सबरवाल,शिवानी सबरवाल, संगीता कश्यप, विशाल आहूजा, दीपांशु अग्रवाल, राहुल बंसल, सुनीता, विजयप्रमोद वर्मा, आजाद चौधरी, सोनिया गोस्वामी, राखी आहूजा, अमित सैन, विवेक रिंकू, दयाशंकर, कुसुमलता, आशिष वर्मा, व्हीकल जैन, अंशुल जैन, रजनी कालरा,अजय अवस्थी, राजश्री मैटकरी, सुनील धीमान,निशा अवस्थी,कामेश्वरी सेमवाल, मीनाक्षी प्रजापति,अमित आहूजा,आदेश धीमान,वंश साहूजा, विजेन्द्र माहेश्वरी, बबीता अग्रवाल, बिपिन पुंडीर आदि बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।कथा के अंत में आरती और छप्पन भोग व भंडार का प्रसाद वितरण किया गया।संगीतमय भागवत कथा में हो रही भजनों पर श्रद्धालुओं भक्ति में सरोबार होकर के आनंद लिया तथा आरती कर महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## ठंड से सहमे लोग

**रूडकी।** शहर व देहात क्षेत्र में ठंड ने लोगों को सहमने पर मजबूर कर दिया है। तापमान काफी नीचे चला गया है। धूप भी बमुश्किल दिखाई दे रही है जिससे लोग अपने घरों मे कैद रहने को मजबूर है। दोपहर तक जहां कोहरा रहता है तो दिन छिपते ही कोहरा छा जाता है। ठंड का आलम यह है कि लोग घरों से निकल कर कारोबार भी नहीं कर पा रहे है।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक का चालान

**झबरेडा।** पुलिस ने क्षेत्र के गांव में शांति व्यवस्था भंग कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया है। झबरेडा थाना अध्यक्ष अजय शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि झबरेडा थाना क्षेत्र के गांव खुंडेवाली से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क पर शराब के नशे में रविंदर निवासी समसपुर खंडेवाली गाली गलौज व झगडा फसाद करते हुए गांव में शांति व्यवस्था भंग कर रहा है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा झगड़ा फसाद कर रहे व्यक्ति को समझाने का प्रयास किया परन्तु व्यक्ति नहीं माना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को हिरासत में लेकर थाने लाया गया तथा संबंधित धाराओं में चालान करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# ठंड से बचाव के लिए लंढौरा में रैन बसेरा तैयार

### लंढौरा नगर पंचायत चेयरमैन व ईओ ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** यात्रियों के ठंड से बचाव के लिए नगर पंचायत लंढौरा में दस बेड का रैन बसेरा बनाया गया है। जिसका उद्घाटन चौयरमैन नसीम अहमद ने फीता काटकर उद्घघाटन कर दिया है। अब कस्बे में रात गुजारने के लिए बाहरी व्यक्ति को सर्दी में ठिठुरना नही पड़ेगा।

नगर पंचायत लंढौरा ने कार्यालय परिसर में रैनबसेरा बना दिया है। जिससे सर्दी के मौसम में राहगीरों व बाहर से आने वाले व्यक्तियों को अब इधर उधर भटकना नही पड़ेगा। वह निशुल्क नगर पंचायत के रैन बसेरे में रात गुजार सकते है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ नसीम ने बताया कि नगर पंचायत में दस बेड का रैनबसेरा बनाया गया है । जो राहगीरों के लिए निशुल्क खोला गया है। यदि आवश्कता पड़ती है तो इसमें और बेड की सुविधा बढाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वह कस्बे के विकास के लिये प्रयासरत है। अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता ने बताया कि सर्दी के मौसम में रात में परेशान गरीब, बेघर ओर जरूरतमंद लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत द्वारा रैन बसेरा बनाया गया है। जिसमें ठहरने वाले व्यक्ति के भोजन, पानी आदि की सुविधा भी नगर पंचायत करेगी। इस मौके पर पर सभासद राजेश वालिया, अजीत सिंह पटेल, समीर उर्फ समद, मोहम्मद रब्बान, हाजी सलीम अहमद, जुल्फकार अली, एसआई आदेश कुमार, अब्दुर्रहमान, राव गुलशेर आदि लोग मौजूद रहे।



# सिकंदरपुर भैसवाल के बहुउद्देशीय शिविर में सरकार ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** विकास खण्ड भगवानपुर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पी.आर चौहान की अध्यक्षता में विकासखंड भगवानपुर की न्याय पंचायत सिकंदरपुर भैसवाल में 'जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार' अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 479 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 625 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 1948 लोगों ने प्रतिभाग किया। बहुउद्देशीय शिविर में कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 39 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पी.आर चौहान ने सभी संबंधित विभाग को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का त्वरितता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 'देशराज कर्णवाल, उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर)' ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विभागों की जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार सुनील सैनी, सुरेन्द्र मोगा जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी भगवानपुर आलोक कुमार ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित जनप्रतिनिधि , जिला स्तरीय अधिकारी ,एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# आईआईटी रुड़की ने एमएसएमई योजना पर किया जागरूकता सत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के डिजाइन नवाचार केंद्र द्वारा 'एमएसएमई नवोन्मेषी (डिजाइन) योजना : उद्योग-अकादमिक अंतरफलक विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिजाइन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की, विकास एवं सुविधा कार्यालय (डीएफओ-एमएसएमई), हल्द्वानी, तथा सिगड्डी ग्रोथ सेंटर, आईआईई सिडकुल, कोटद्वार के सहयोग से सिडकुल, कोटद्वार में संपन्न हुआ।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारतीय विनिर्माण क्षेत्र एवं डिजाइन विशेषज्ञता/डिजाइन समुदाय को एक साझा मंच पर लाना है। इस योजना के अंतर्गत अनुभवी डिजाइनरों द्वारा वास्तविक समय की डिजाइन समस्याओं के लिए लागत-प्रभावी समाधान, नए उत्पादों का विकास, उनके सतत सुधार तथा मौजूदा/नए उत्पादों में मूल्य संवर्धन हेतु विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का समन्वय प्रोफेसर इंदरदीप सिंह, अधिष्ठाता (अवसंरचना) एवं समन्वयक, डिजाइन नवाचार केंद्र, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की द्वारा किया गया। उन्होंने एमएसएमई इकाइयों एवं अन्य सरकारी संगठनों से आए प्रतिभागियों के साथ एमएसएमई नवोन्मेषी (डिजाइन) योजना के विवरण साझा किए। इस अवसर पर डॉ. एस. के. नेवार, संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, विकास एवं सुविधा कार्यालय (डीएफओ-एमएसएमई), हल्द्वानी एवं देहरादून; श्री अमित मोहन, सहायक निदेशक, विकास एवं सुविधा कार्यालय (डीएफओ-एमएसएमई), हल्द्वानी; श्री सनी चौहान, क्षेत्रीय प्रबंधक, सिडकुल, कोटद्वार; श्री सोम नाथ गर्ग, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, पौड़ी; तथा भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून; टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड; एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों एवं एमएसएमई इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम के दौरान हुई चर्चा से लाभ प्राप्त किया।



# 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर भारत

## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने संसद में किया दावा, अगले साल सीईटीए को ब्रिटिश संसद की मंजूरी संभावित

**लंदन/वेलिंगटन।** भारत-ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पिछले चार वर्षों से काम जारी था और यह 2025 में आकार ले सका। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने संसद में कहा भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती ताकत है और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है।

इसके साथ ही ब्रिटिश पीएम ने कहा-व्यापार और निवेश से आगे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए 'विजन 2035' समझौते पर भी सहमति बनी। एफटीए को लेकर वार्ताएं वर्ष के ज्यादातर समय सुर्खियों में रहीं। दोनों पक्ष समझौते के लिए प्रतिबद्ध दिखे और जुलाई में पीएम नरेंद्र मोदी के ब्रिटेन दौरे पर औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मोदी से हुई द्विपक्षीय चर्चा के बाद कहा कि हमने दुनिया की तेज अर्थव्यवस्था भारत के साथ ऐतिहासिक समझौता किया है। उन्होंने अक्तूबर में अब तक के सबसे बड़े ब्रिटिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत यात्रा का निमंत्रण भी स्वीकार किया। 2025 में दोनों देशों के महत्वाकांक्षी व भविष्य-उन्मुख 10 वर्षीय भारत-ब्रिटेन विजन 2035 रोडमैप को भी रखा गया। यह दीर्घकालिक सहयोग और नवाचार के रणनीतिक लक्ष्य तय करता है। ब्रिटेन के उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारत में बढ़ती मौजूदगी भी नए वर्ष से फलीभूत होगी।



■ न्यूजीलैंड के पीएम प्रधानमंत्री लक्सन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को बताया ऐतिहासिक

नौ ब्रिटिश विवि भी भारत में अपने विदेशी परिसरों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य विभाग (डीबीटी) के विश्लेषण के अनुसार, व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) लागू होने पर द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 44.1 अरब पाउंड से बढ़कर कई अरब पाउंड से अधिक हो सकता है। उम्मीद है कि 2026 की पहली छमाही में समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी मिल जाएगी, जिसका दोनों देशों को परस्पर लाभ होगा। हालिया आंकड़ों के अनुसार, अध्ययन वीजा पर करीब 45000 भारतीय और कामकाजी वीजा पर 22000 पेशेवर देश से बाहर गए, जिससे वहां शुद्ध आव्रजन में कमी आई। स्थायी निवास के लिए प्रतीक्षा अवधि को बढ़ाकर 10 वर्ष करने जैसे सख्त नियमों से यह रुझान आगे भी बना रह सकता है।

भारत-ब्रिटेन संबंधों में आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रतिबद्धता भी प्रमुख रही। नवम्बर में दिल्ली में हुए आतंकी हमले पर ब्रिटेन ने संवेदना जताई और अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद कूटनीतिक समाधान का आह्वान किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते की तारीफ की है और इसे अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि और भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि उनकी ही सरकार के विदेश मंत्री ने इस व्यापार समझौते पर कड़ी आपत्ति जताई थी। लक्सन ने कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने का वादा किया था और हमने उसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों वाला बाजार उपलब्ध होने से ज्यादा नौकरियां, अच्छी कमाई और बेहतर निर्यात की राह खुलेगी। यह उनकी सरकार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बुनियादी चीजों को ठीक करना और भविष्य का निर्माण करना है। हालांकि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर न्यूजीलैंड की सरकार के बीच ही मतभेद हैं। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने इस समझौते की आलोचना की और इसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए थे। पीटर्स ने कहा था कि न्यूजीलैंड ने पर्याप्त लाभ लिए बिना बहुत कुछ दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूजीलैंड सरकार ने जल्दबाजी में इस समझौते पर सहमति दी है। इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो सकता है। समझौते के तहत भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश हो सकता है। हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक नया अवसर खोला है।

## कनाडा में भारतीय दूतावास की अहम पहल

■ संकटग्रस्त महिलाओं के लिए 'वन स्टाप सेंटर' की शुरुआत

**टोरंटो।** कनाडा में रह रही भारतीय महिलाओं की मदद के लिए टोरंटो में भारत का वाणिज्य दूतावास ने एक अहम कदम उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'वन स्टाप सेंटर फार वूमन (ओएससीडब्ल्यू)' की स्थापना की है, जो खास तौर पर संकट में फंसी भारतीय पासपोर्ट धारक महिलाओं को सहायता देगा। यह केंद्र उन महिलाओं की मदद करेगा जो घरेलू हिंसा, शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, पति की तरफ से छोड़े जाने, शोषण, कानूनी परेशानियों जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। दूतावास ने इसके साथ 24 घंटे, सात दिन काम करने वाली हेल्पलाइन भी शुरू की है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। वन स्टाप सेंटर के तहत महिलाओं को तुरंत काउंसलिंग (मानसिक व भावनात्मक सहायता), मनो-सामाजिक सहयोग, कानूनी सलाह और सहायता से जोड़ना, कनाडा में उपलब्ध सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं तक पहुंच जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। भारतीय मिशन ने साफ किया है कि केंद्र की पूरी कार्यप्रणाली कनाडा के स्थानीय कानूनों के दायरे में रहकर ही की जाएगी। इस केंद्र को एक महिला सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर चलाएंगी, जो यह सुनिश्चित करेंगी कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और समग्र सहायता मिले। जरूरतमंद महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 'मीन्स टेस्ट' (आर्थिक स्थिति के आधार) पर होगी और यह भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी। इसके लिए एक फोन नंबर +1(437) 552 3309 और ई-मेल: वेब. जवतवदजव/उमं.हवअ.पद जारी किया गया है। भारतीय मिशन की वेबसाइट पर एक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न सेक्शन भी दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि विद. ेश में रहने वाली भारतीय महिलाओं को धोखा, उत्पीड़न या छोड़े जाने की स्थिति में भारतीय अधिकारी किस तरह मदद कर सकते हैं और किन मामलों में उनकी सीमाएं क्या हैं।

# बांग्लादेश के स्कूल कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

## ईंट-पत्थर और कुर्सिया फेंकी, स्कूली छात्र समेत 20 घायल, जबरन घुसने से रोकने पर भड़का दंगा

**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सरी के समापन समारोह के दौरान हिंसा हो गई। यहां मशहूर राक सिंगर जेम्स (नागर बाउल) का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। घटना रात करीब 9:30 बजे हुई, जब जेम्स मंच पर आने वाले थे।

आयोजकों के अनुसार, कुछ बाहरी लोग जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिया और मंच की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर कान्सर्ट रद्द कर दिया गया। घटना में 20 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। मौके पर मौजूद छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, जिसके बाद हमलावर पीछे हटे। स्थिति बेकाबू होते देख फरीदपुर जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। रात करीब 10 बजे आयोजन समिति के संयोजक डा. मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने मंच से ऐलान किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर जेम्स का कान्सर्ट रद्द किया जा रहा है। जेम्स और उनके बैंड सदस्यों को सुरक्षा घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी कलाकार को चोट नहीं लगी। वर्षगांठ कार्यक्रम के प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजिबुल हसन खान ने कहा कि हमने जेम्स के कान्सर्ट को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां की थीं, लेकिन इस अचानक हमले से हम सभी हैरान हैं। हमें नहीं पता कि यह हमला किसने और क्यों किया। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए कार्यक्रम रोकना पड़ा। फरीदपुर जिला स्कूल इस क्षेत्र के सबसे पुराने सरकारी संस्थानों में से एक है, जिसकी स्थापना 1840 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। पुलिस ने इलाके में भारी सुरक्षाबल तैनात किया है और स्थिति को नियंत्रण में लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं आई। हाल के समय में कई कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर इसी तरह के हमले हो चुके हैं, जिससे कलाकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दिन पहले ढाका के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्थान छायनाट पर भीड़ ने हमला किया। हमलावरों ने छह मंजिला इमारत में घुसकर तोड़फोड़ की, कई कमरों में आग लगा दी और लूटपाट की। संस्थान के अनुसार, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट जैसे तबला, हारमोनियम, वायलिन आदि क्षतिग्रस्त हुए या लूट लिए गए, फर्नीचर तोड़ दिया गया, सीसीटीवी कैमरे नष्ट कर दिए गए और कुछ सर्वर को आग के हवाले कर दिया गया।



■ मशहूर राक सिंगर जेम्स का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया

## कश्मीर में हिमपात, हाड कंपाने वाली बढ़ी ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी में एक बार फिर से हिमपात और बारिश के पूर्वानुमान के बीच रात में ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, घाटी में आज से 29 दिसम्बर तक आंशिक तौर पर बादल छाए रहने और शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 30 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहेगे और कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात या फिर बारिश हो सकती है। इसके बाद 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक आम तौर पर बादल छाए रहने के साथ कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी या बारिश हो सकती है, जबकि इस अवधि के दौरान उत्तरी और मध्य कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मध्यम हिमपात होने का अनुमान है। प्रवक्ता ने कहा कि दो जनवरी को सामान्यत: बादल छाए रहने के आसार है और इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात और बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर ईशनिंदा से जुड़े 71 हमले

■ सभी में एक जैसा पैटर्न अपनाया गया, पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर भीड़ का हिंदू इलाकों पर हमला

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज' की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवा. धिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।



नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे पार्टी सांसद सोनिया गांधी।

## चीन ने 20 अमेरिकी कंपनियों और 10 अधिकारियों पर लगाए प्रतिबंध

**बीजिंग।** ताइवान को हथियारों की आपूर्ति को लेकर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन ने हाल के वर्षों में ताइवान को हथियार बेचने में शामिल 20 अमेरिकी रक्षा कंपनियों और 10 वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन जवाबी उपायों में चीन के भीतर कंपनियों और वरिष्ठ अधिकारियों की चल और अचल संपत्तियों को फ्रीज करना, चीन में संगठनों और व्यक्तियों को उनके साथ लेनदेन, सहयोग और अन्य गतिविधियों में शामिल होने से रोकना और हांगकांग और मकाऊ विशेष प्रशासनिक क्षेत्रों सहित चीन में अधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगाना शामिल है।


# 5000 डॉक्टर-11000 इंजीनियर ने छोड़ा पाक!

## अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा है। देश की खराब आर्थिक हालत, राजनीतिक अस्थिरता और रोजगार की कमी के चलते बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे और कुशल लोग देश छोड़ रहे हैं।

पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 महीनों में 5000 डाक्टर, 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। ये आंकड़े सामने आने के बाद सरकार और सेना नेतृत्व पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान की दुनियाभर में तो थू-थू हो ही रही है। अब खुद पाकिस्तान के लोग ही शहबाज सरकार और उनकी नीतियों पर खूब सवाल खड़े कर रहे हैं। एक तरफ जहां इन आकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाकिस्तानी सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के 'सो काल्ड' सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर का एक पुराना बयान 'ब्रेन ड्रेन' नहीं 'ब्रेन ग्रेन' सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खूब चर्चा में है। इतना ही नहीं यूजर्स मुनीर के इस बयान को आधार बनाकर मुनीर की खूब खिल्लियां भी उड़ा रहे है। बता दें कि पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के बाद सामने आए आंकड़े ने पाकिस्तान में एक नया भूचाल ला दिया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख मुनीर की खूब थू-थू हो रही है। इसका कारण है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने कुछ महीने पहले कहा था कि यह पलायन 'ब्रेन ड्रेन नहीं, बल्कि ब्रेन गेन' है। अब जब सरकारी आंकड़े सामने आए हैं, तो सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने सोशल मीडिया पर देश से हो रहे बड़े पैमाने पर प्रतिभा पलायन को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा कि पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान से 5000 डाक्टर 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। खोखर ने बताया कि पाकिस्तान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा फ्रीलांसिंग हब है, लेकिन बार-बार इंटरनेट बंद होने से देश को 1.62 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और 23.7 लाख फ्रीलांस नौकरियां खतरे में हैं।

■ एक तरफ जहां इन आकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाक सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया



# इजरायल ने सोमालिलैंड को आजाद देश की मान्यता दी

■ ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश, दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए

**तेल अवीव।** इजरायल ने अफ्रीका महाद्वीप में स्थित सोमालिलैंड को औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला इजरायल दुनिया का पहला देश बन गया है।


इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत इजरायल और सोमालिलैंड एक-दूसरे के साथ पूरे राजनयिक संबंध स्थापित करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम अमेरिका की मदद से हुए अब्राहम एकार्ड की भावना में उठाया गया है, जिनके जरिए इजरायल ने कुछ अरब देशों से रिश्ते सामान्य किए थे। उन्होंने सोमालिलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही को बधाई दी और इजरायल आने का न्योता भी दिया। सोमालिलैंड के राष्ट्रपति ने इस फैसले को ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के हितों को आगे बढ़ाएगी और क्षेत्र में शांति व स्थिरता लाने में मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सोमालिलैंड अब्राहम समझौतों में शामिल होने को तैयार है। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद सोमालिया सरकार ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ फिर मारपीट

## सुरक्षाकर्मियों ने विधानसभा में बदसलूकी, 1 महीने पहले पुलिस ने पीटा था, वीडियो सामने आया

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रति. निधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा कि कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल ला जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे थे, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं।



■ पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है

गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। हालांकि, अन्य अधिकारियों के बचाव में आने के बाद बुर्की को छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है। पाकिस्तान के पंजाब में मुस्लिम लीग नून की सरकार है और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज मुख्यमंत्री हैं। वहीं, केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से हैं। घटना के बाद अफरीदी ने मीडिया से कहा कि लाहौर में हमारे कार्यकर्ताओं के साथ बुरा व्यवहार और उत्पीड़न किया जा रहा है। उनका कहना था कि पंजाब में एक नकली सरकार है, जो सिर्फ एक पार्टी को डराने और धमकाने में लगी है।

उन्होंने बताया कि चक्री और मण्डी बहाउद्दीन में हमारे कार्यकर्ताओं के रास्ते रोके गए। उनके वाहन रोक दिए गए। कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और सांसदों के साथ भी बदसलूकी हुई। रावलपिंडी पुलिस ने 28 नवम्बर को अफरीदी के बाल खींचे और उन्हें जमीन पर गिरा दिया था। अफरीदी 1 महीने पहले 28 नवम्बर को रावलपिंडी की अडियाला जेल में इमरान से मिलने गए थे, तब भी पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी।

# बर्फीले मौसम में भीषण हादसा

■ एक्सप्रेसवे पर 67 वाहनों की भिड़ंत में दो की मौत, 26 लोग घायल

**टोक्यो।** जापान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां साल के अंत की छुट्टियों की शुरुआत के बीच शुक्रवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बर्फबारी के कारण एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए।

इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा टोक्यो से करीब 160 किलोमीटर दूर गुनमा प्रांत के मिनाकामी शहर के पास कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, सबसे पहले दो ट्रकों की टक्कर हुई। इसके बाद पीछे से आ रही गाड़ियां बर्फ से ढकी सड़क पर ब्रेक नहीं लगा सकीं और एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में 67 से ज्यादा वाहन शामिल थे। टक्कर के बाद एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा पूरी तरह जाम हो गया। मीडिया रिपोर्टर्स के अनुसार हादसे के आखिरी हिस्से में आग भी लग गई, जो धीरे-धीरे एक दर्जन से ज्यादा वाहनों तक फैल गई। कुछ गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। राहत की बात यह रही कि आग से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग ने करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले में पुलिस ने बताया कि हादसे में मरने वाली महिला की उम्र 77 साल थी और वह टोक्यो की रहने वाली थीं। जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त इलाके में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में शिया मस्जिद पर हुए घातक हमले की व्यापक निंदा

**न्यूयॉर्क।** पश्चिमी सीरिया के शहर होम्स शहर में एक शिया मस्जिद पर हुए आतंकवादी हमले की विश्वभर में निंदा हो रही है। इसमें आठ लोग मारे गए हैं और अन्य 18 घायल हुए हैं। शुक्रवार की नमाज के दौरान होम्स की अली बिन अबी तालिब मस्जिद में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी सरया अंसार अल-सुन्ना नामक एक आतंकवादी संगठन ने ली है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की ओर से प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया गया। बयान में बम विस्फोट की निंदा की गई है और कहा कि महासचिव दो. हराया कि नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर हमले अस्वीकार्य हैं।

### कंबोडिया-थाईलैंड का संघर्ष विराम पर ऐतिहासिक समझौता

**नामपेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड ने सीमा पर जारी तनाव को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार दोपहर से तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति व्यक्त की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार दोनों देशों ने 'तीसरी विशेष सामान्य सीमा समिति' की बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी करके यह सहमति जाहिर की। यह समझौता कंबोडिया के प्रुम और थाईलैंड के बान पाक कार्ड अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश बिंदु पर हुआ। इसकी अध्यक्षता कंबोडिया के रक्षा मंत्री जनरल तेइ सेइहा और थाईलैंड के रक्षा मंत्री जनरल नत्तफॉन नार्कफनित ने की।

### मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब को 15 साल जेल की सजा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमडीबी) से जुड़े एक मामले में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया और 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। नजीब पर देश के उच्च न्यायालय ने 11.4 बिलियन रिंगिट (2.82 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया है, जो उनके द्वारा ली गई रिश्वत की रकम की पांच गुनी है। नजीब को धनशोधन मामले के 21 अतिरिक्त आरोपों के लिए पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। धनशोधन के लिए कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है।

### तुर्की ने हिरासत में लिए 156 संदिग्ध मानव तस्कर


**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली एरलिकाया ने कहा है कि पिछले दो हफ्तों में 14 प्रांतों में चलाए गए अभियानों में मानव तस्करी के 156 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। यरलिकाया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि 112 संदिग्धों को जेल में डाल दिया गया है, जबकि अन्य 44 पर 'न्यायिक नियंत्रण उपाय' लागू किए गए हैं। ये अभियान जेंडरमेरी जनरल कमांड के प्रवासी तस्करी और मानव तस्करी से निपटने वाले विभाग ने समन्वित किए थे।




# अलविदा 2025



गलवान



देवा

धुरंधर

# सबसे अधिक कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बनी धुरंधर

**मुंबई।** 2025 बॉलीवुड के लिए काफी बेहतरीन साल साबित हुआ। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में धमाकेदार कमाई कर हिदी फिल्मों में सबसे अधिक कमाई का रिकार्ड बना लिया वहीं, छावा ने भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

2025 में एक्शन, रोमांटिक, कॉमेडी, थ्रिलर, सस्पेंस, और हॉरर हर जॉनर की फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई की। फिल्म धुरंधर ने शाहरुख खान की फिल्म जवान की कमाई का रिकार्ड तोड़ कर भारतीय बाजार में सबसे अधिक कमाई करने वाली हिदी फिल्म का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। शाहरुख खान की फिल्म जवान ने भारतीय बाजार में 640 करोड़ रुपए की कमाई की थी। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 5 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म धुरंधर को रिलीज हुए 22 दिन हो गए हैं। फिल्म धुरंधर ने अब तक भारतीय बाजार में 648 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर विदेशों में कामयाबी का डंका बजा रही है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाईड 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन जैसे सितारे हैं।यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी नाम के जासूस का किरदार निभाया है, जो कराची के गैंग में घुसकर आतंकियों को मदद करने वाले नेटवर्क को खत्म करने का काम करता है। अक्षय खन्ना ने इस फिल्म में गैंगस्टर रहमान डकैत का रोल निभाया। इस किरदार में अक्षय खन्ना छा गए। पर्दे पर अक्षय खन्ना का स्वैग, डांस, एक्शन दिखा। अक्षय खन्ना के किरदार को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

2025 में ही प्रदर्शित फिल्म छावा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की। फिल्म छावा ने भी भारतीय बाजार में 600 करोड़ रुपए की कमाई की है। छावा को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा में टैक्स फ्री किया गया था। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनीं फिल्म छावा 14 फरवरी को रिलीज हुई। इस फिल्म में विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म की कहानी छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के इर्द गिर्द घूमती है।

फिल्म छावा में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी एसूबाई की भूमिका में हैं।वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाईड धमाकेदार कमाई की। दुनिया भर में फिल्म छावा ने 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

इस वर्ष में धुरंधर और छावा जैसी कई फिल्मों ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए, वहीं फ्लॉप फिल्मों की भी कमी नहीं रही। बड़े बजट और बड़े सितारों वाली कई फिल्में एक-एक कर बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम होती गई, जिसकी सूची काफी लंबी है। इनमें फतेह, इमरजेंसी,आजाद,देवा, सिकंदर, ग्रांउड जीरो, द भूतनी, केसरी वीर, मां,सन ऑफ सरदार 2, बागी 4, दे दे प्यार दे 2, 120 बहादुर, मस्ती 4 समेत कई फिल्में शामिल हैं। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को रिलीज हुई।फिल्म फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियो के उमेश केआर बंसल निर्मित और अजय धामा सह-निर्मित और फिल्म फतेह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक एक्शन कहानी है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह की भी अहम भूमिका है।फिल्म फतेह बॉक्स ऑफिस पर कोई करिश्मा नहीं दिखा सकी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी, 17 जनवरी को रिलीज हुई।ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आंई। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है। फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर ढ़ेर हो गई। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की फिल्म आजाद भी 17 जनवरी को रिलीज हुई। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने फिल्म आजाद से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।अभिषेक कपूर निर्देशित फिल्म आजाद का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। फिल्म आजाद बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई। फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर , सारा अली खान और वीर पहाड़िया हैं। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले पर आधारित है। फिल्म स्काई फोर्स ने भारतीय बाजार में 113 करोड़ की कमाई कर औसत सफलता हासिल की। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा, 31 जनवरी को रिलीज हुई।जाने माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म देवा में शाहिद कपूर के अलावा पूजा हेगड़े की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। आमिर खान के बड़े बेटे जुनैद खान की दूसरी फिल्म लवयापा सात फरवरी को रिलीज हुई।अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी-बोनी कपूर की पुत्री खुशी कपूर की भी अहम भूमिका है। फिल्म लवयापा को दर्शकों का प्यार नहीं मिला। हिमेश रेशमिया अभिनीत बैडएस रवि कुमार भी सात फरवरी को रिलीज हुई। यह फिल्म हिमेश रेशमिया की ही फिल्म द एक्सपोज़ का स्पिन-ऑफ है।कीथ गोम्स द्वारा निर्देशित, बैडएस रवि कुमार में हिमेश रेशमिया के अलावा कीर्ति कुल्हारी, प्रभु देवा, सनी लियोनी, संजय मिश्रा और जॉनी लीवर जैसे कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं। बैडएस रवि कुमार बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी।

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर





## सोनाली बेंद्रे ने की शो इत्ती सी खुशी की टीम की सराहना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंडियन टेलीविजन अकादमी आईटीए 2025 में सोनी सब के इत्ती सी खुशी के बेस्ट शो ड्रामा जीतने पर शो की टीम की सराहना की है। सोनी सब के प्रशंसित पारिवारिक ड्रामा इत्ती सी खुशी ने (आईटीए) अवॉड्र्स 2025 में बेस्ट शो-ड्रामा का खिताब जीतकर चैनल और शो की क्रिएटिव टीम के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सुम्बुल तौकीर खान, वरुण बडोला, रजत वर्मा और ऋषि सक्सेना की अहम भूमिकाओं से सजा यह शो अपनी सधी हुई, भावनात्मक रूप से जुड़ी कहानी कहने के अंदाज के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। इत्ती सी खुशी एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो भावनात्मक जख्मों, अधूरे अतीत और भरने की नाजुक प्रक्रिया से गुजर रहा है। रोजमर्रा की सच्चाइयों में रचा-बसा यह शो यह दिखाता है कि प्यार, नुकसान और अनकही तनातनियां माता-पिता, बच्चों, भाई-बहनों और जीवनसाथियों के रिश्तों को कैसे आकार देती हैं। बड़े नाटकीय उतार-चढ़ाव पर निर्भर रहने के बजाय, इसकी कहानी छोटे लेकिन सच्चे जुड़ाव के पलों में अपनी ताकत तलाशती है-यह याद दिलाते हुए कि खुशियां अक्सर बड़े समाधान में नहीं, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में मिलती हैं। लेखन की गहराई और कलाकारों की सूक्ष्म अदाकारी के साथ यह जमीनी दृष्टिकोण दर्शकों और समीक्षकों दोनों के दिल को छू गया है। इस जश्न में शामिल होते हुए शो के निर्माता गोल्डी बहल की पत्नी और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम पर टीम की सराहना की और इस जीत को शो के पीछे लगे दिल और मेहनत का सच्चा प्रतिबिब बताया। अपनी पोस्ट में सोनाली बेंद्रे ने लिखा, गोल्डीबहल और पूरी इत्ती सी खुशी टीम पर बहुत गर्व है। यह अवॉर्ड वाकई शो के पीछे की भावना और मेहनत का जश्न मनाता है। इस जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए, शो में मुख्य किरदार अन्विता निभाने वाली सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, इत्ती सी खुशी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कही गई कहानी है और यह अवॉर्ड उसी मंशा की पहचान जैसा लगता है। हर अभिनेता, लेखक और तकनीशियन ने इस शो को भावनात्मक सच्चाई के साथ बनाया। सोनी सब, पूरी टीम और उन दर्शकों का मैं आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हमारी दुनिया से इतनी गहराई से जुड़ाव महसूस किया।

### श्रद्धा कपूर संग 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रही बिस्क फार्म

**मुंबई।** स्वदेशी बिस्किट ब्राण्ड्स , बिस्क फार्म बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री- सुपरस्टार श्रद्धा कपूर के साथ हाथ मिलाकर अपनी 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है। अपने आकर्षण, बहुमुखी व्यक्तित्व और हर उम्र के दर्शकों के साथ मजबूत कनेक्शन के लिए विख्यात श्रद्धा कपूर- ब्राण्ड के मूल्यों की तरह- परम्परा और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन हैं। फिल्म में श्रद्धा कपूर अपने मी टाईम का आनंद उठाती हुई दिखाई देती हैं, जहां वे डांस के घरिए अपने सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव रूप को दिखाती हैं। दुनिया की परवाह किए बिना अपने घेन में खो जाती हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

